सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
22.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 249



12 फिल्म दो और दो प्यार का टीजर हुआ रिलीज

इफ्तार : शाम 6.00 (22 मार्च)
सेहरी : भोर 4.36 (23 मार्च)







इफ्तार : शाम 6.00 (22 मार्च)
सेहरी : भोर 4.36 (23 मार्च)

दिल्ली शराब घोटाले में इडी का बड़ा एक्शन

# केजरीवाल गिरफ्तार

## 9 समन के बाद भी पेश नहीं हुए, गिरफ्तारी पर रोक लगाने गये थे कोर्ट

### कोर्ट ने भी राहत देने से किया था इनकार

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इडी की टीम ने केजरीवाल से दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मामले में उनके आवास पर जा कर करीब दो घंटे तक पूछताछ की। गुरुवार को ही हाइकोर्ट द्वारा केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया था। इसके कुछ ही देर बाद इडी की टीम उनके आवास पर पहुंची। इससे पहले केजरीवाल को इडी ने नौ बार समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। इडी की टीम जब उनके घर पहुंची, उस समय बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे।

**आवास के पास सुरक्षा कड़ी थी**

जैसे ही ईडी के अधिकारी केजरीवाल के आवास पर पहुंचे, दिल्ली पुलिस और त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती इसलिए की गयी क्योंकि ईडी ने आप समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग की थी।

**हाइकोर्ट ने नहीं दी थी राहत**

इससे पहले दिल्ली हाइकोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से राहत राहत देने से इनकार कर दिया था। इडी की एक टीम उनके आवास पर तलाशी लेने पहुंची और उन्हें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंपा। उन्होंने कहा कि इडी की छह सदस्यीय टीम, दिल्ली पुलिस के कर्मियों साथ राष्ट्रीय राजधानी में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची। केजरीवाल के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर उनकी पार्टी आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। (शेष पेज 11 पर)



### जेल से ही सरकार चलायेंगे एके

वहीं, दिल्ली विधानसभा के स्पीकर राम निवास गोयल ने कहा है कि गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। इसका सीधा मतलब है कि अरविंद केजरीवाल जेल से ही सरकार चलायेंगे। गोयल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल का कहना है, यह सभी जानते हैं कि मनीष सिसौदिया को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अब तक 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वे चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं, और इसलिए वे उसे गिरफ्तार करना चाहते हैं।

### कपिल राज टीम लीड कर रहे थे


एक ज्वाइंट डायरेक्टर लेवल के अधिकारी जो आबाकरी नीति मामले के जांच अधिकारी भी है वो अपनी टीम के साथ सीएम के घर रेड में मौजूद थे। कपिल राज ज्वाइंट डायरेक्टर टीम लीड कर रहे थे। सीएम केजरीवाल और घर के सभी लोगों के फोन जमा करवा लिया गया था। घर के डिजिटल गजेट्स के बारे में भी पूछताछ की गयी कि कौन से डिजिटल गैजेट्स इस्तेमाल करते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल

इस बीच, केजरीवाल ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी टीम के पहुंचने के तुरंत बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि ईडी छापेमारी कर रही है। मुझे अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गयी। ऐसा लग रहा है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार करने वाली है।

# चर्चित महिला दारोगा मीरा सिंह के यहां इडी रेड

- करीबी कांग्रेसी नेता के यहां भी छापा, 15 लाख कैश, अवैध हथियार जब्त
- तुपुदाना ओपी से कई अहम दस्तावेज बरामद



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड पुलिस की चर्चित सब इंस्पेक्टर (2012 बैच) मीरा सिंह के यहां गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने रेड की। मीरा सिंह के अलावा रांची के कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के यहां भी छापेमारी गयी। लाल मोहित नाथ शाहदेव मीरा सिंह के करीबी बताये जा रहे हैं। ईडी की टीम लाल मोहित नाथ शाहदेव और मीरा सिंह के तुपुदाना स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इडी न्छापामारी में 15 लाख कैश, अवैध हथियार, आठ मोबाइल, महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया है। हालांकि, इडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मीरा सिंह वर्तमान में रांची के तुपुदाना ओपी की प्रभारी हैं। घूसखोरी के मामले में वह एक बार जेल भी जा चुकी हैं।

**सुबह छह बजे ही पहुची टीम**

जानकारी के अनुसार इडी की टीम गुरुवार की सुबह छह बजे ही सब इंसेक्टर मीरा सिंह के तुपुदाना स्थित आवास पहुची थी। (शेष पेज 11 पर)

### भाजपा ने प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी की

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने प्रत्याशियों की तीसरी सूची में तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया है। राज्यपाल पद से इस्तीफे का बाद वह भाजपा में शामिल हो गयी थीं। अलावा पार्टी ने कोयंबटूर से तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय मंत्री लोगनाथन मुरुगन को नीलगिरी (एससी) से चुनावी मैदान में उतारा गया है। पार्टी ने पहली लिस्ट में 195 और दूसरी लिस्ट में 72 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी।

# बिल्डर ने की आत्महत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित हिनू में गुरुवार सुबह राजधानी के एक चर्चित बिल्डर नीरज सहाय ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। बिल्डर के परिजनों ने बताया कि नीरज सहाय ने गुरुवार सुबह करीब आठ बजे खुद को कमरे में बंद कर लिया और गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग दौड़ कर आये, पर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने मामले की जानकारी डोरंडा थाने को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ा और अंदर गये। कमरे में नीरज सहाय मृत पड़े थे और उनकी लाइसेंसी पिस्तौल उनके हाथ में थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। बिल्डर के करीबियों के अनुसार वह कुछ दिनों से पैसे को ले कर तनाव में थे। (शेष पेज 11 पर)

**न्यूज डायरी**

### सीता सोरेन को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

रांची। झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। झामुमो छोड़ कर वह वह 19 मार्च को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गयीं थीं। जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। हाल में ही झारखंड पुलिस ने वीआइपी सुरक्षा की समीक्षा की थी।

### जयपुर में बिहार के पांच लोगों की जलने से मौत

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव में गुरुवार सुबह एक मकान में अचानक आग लग जाने से तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के पांच लोगों की जलने से मौत हो गयी। सभी मृतक बिहार के मधुबनी के रहने वाले थे। यहां मजदूरी करता था। आग सुबह करीब साढ़े सात बजे लगी। मृतकों में पति-पत्नी, डेढ साल के बेटे एवं करीब पांच एवं छह साल की दो बेटियां जिंदा जल गयीं। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने गहरा दुख जताया है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




# दिल्ली की साजिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा



गिरिडीह के बेंगाबाद के धुमाडीह मैदान में झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं।

### कार्यकर्ताओं से बोलीं कल्पना-झारखंड को झुकने नहीं दूंगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। गिरिडीह। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड का तेजी से विकास हो रहा है। दिल्ली की सत्ता में बैठे लोग इसे पचा नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि साजिश के तहत पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया गया, ताकि राज्य का विकास अवरुद्ध हो जाये। कल्पना सोरेन ने कहा कि इन साजिशों के खिलाफ संघर्ष करते हुए राज्य को आगे ले जायेंगी। वह किसी भी सूरत में झारखंड को झुकने नहीं देंगी। वह गुरुवार को


**आंसू को संभालकर रखें**

कल्पना सोरेन ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहे सम्मान से पता चलता है कि वे हेमंत सोरेन से कितना लगाव रखते हैं। उनके जेल जाने से परिवार के सदस्यों के साथ हर कार्यकर्ता दुखी है। उनकी आंखों में आंसू है, लेकिन आंसू बहाने का नहीं, उसे संभाल कर ताकत बनाने की जरूरत है। बड़ी मुसीबतों के बाद राज्य को बनाया, अब इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि हर घर से बहन-बेटियों को आगे आना होगा। केंद्र सरकार, झारखंड को हर मामले में तिरस्कृत कर रही है। (शेष पेज 11 पर)

### हेमंत सोरेन की हिरासत अवधि चार तक बढ़ी



**रांची।** ईडी कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ के जमीन घोटाले में शामिल पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि चार अप्रैल तक बढ़ा दी है। जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया गया था। अदालत हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद की न्यायिक हिरासत अवधि 4 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अगली पेशी 4 को ही होगी। इडी ने 31 जनवरी को पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार किया था। अगले दिन 1 फरवरी को अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में है। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।




# एसबीआइ ने चुनावी बांड का सारा डाटा इसीआइ को सौंपा

## कोर्ट में दिये हलफनामा में कहा, दो सीलबंद लिफापे में है सारा विवरण

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चुनावी बांड के सभी विवरण सीरियल नंबर के साथ भारतीय चुनाव आयोग (इसीआइ) को सौंप दिये। चुनावी बांडों को खरीदने और भुनाने वाले दलों के भी पूरे विवरण दो मुहर बंद लिफाफों में निर्वाचन आयोग को सौप दिये हैं। एसबीआइ के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा की ओर से उच्चतम न्यायाय में गुरुवार को दाखिल एक शपथपत्र में इस बात की जानकारी दी गयी। हलफनामे में न्यायालय को बताया है कि उसने चुनावी बांड से संपूर्ण विवरण चुनाव आयोग को दे दिये हैं। एसबीआइ के हलफनामे में कहा गया है कि 21 मार्च, 2024 को, एसबीआई ने अपने कब्जे और हिरासत में मौजूद चुनावी बांड के सभी विवरण भारत के चुनाव आयोग को प्रदान/खुलासा किये। एसबीआई की ओर से साझा किये गये विवरण शीघ्र ही चुनाव आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए जाने की उम्मीद है।



**बांड खरदने, भुनानेवालों का है विवरण**

इस विवरण में बांड खरीदनेवाले के नाम, निर्गम करने वाली शाखा का कोड, मियाद पूरी होने की तिथि बांड नंबर, नंबर से पहले का अक्षर, उसकी रकम और स्थिति के साथ ही बांडों को भुनाने वाले राजनीतिक दलों के नाम, उनके खातों के अंतिम चार अंक, बांड का नंबर और उससे पहले लगने वाले अक्षर, बांड का मूल्य, भुगतान करने वाली शाखा का पूरा विवरण दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### चुनावी बांड के नंबर भी सौंपे

बैंक द्वारा दी गयी जानकारी के हालिया बैच में चुनावी बांड के विशिष्ट नंबर शामिल हैं। ये नंबर दानदाताओं और योगदान प्राप्त करने वाले संबंधित राजनीतिक दलों के बीच मिलान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में मदद करेंगे। हालाँकि, बैंक ने खाताधारकों की सुरक्षा का हवाला देते हुए, राजनीतिक दलों और खरीदारों दोनों के पूर्ण बैंक खाता संख्या और केवाईसी विवरण का खुलासा करने से परहेज किया है। हालांकि हलफनामे में कहा गया है, राजनीतिक दलों के पूर्ण बैंक खाता नंबर और केवाईसी विवरण सार्वजनिक नहीं किये जा रहे हैं क्योंकि इससे खाते की सुरक्षा (साइबर सुरक्षा) से समझौता हो सकता है। इसी तरह, सुरक्षा कारणों से खरीदारों के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किये जा रहे हैं, सिवाय इस तथ्य के कि ऐसी जानकारी सिस्टम में फीड/संकलित नहीं की जाती है।

### सीइओ ने गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रांची एवं सिमडेगा में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

# शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव के लिए पदाधिकारी योजनाबद्ध कार्य करें : सीइओ

### मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष लोक सभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने में पदाधिकारी कार्ययोजना बनाकर काम करें। निर्वाचन अवधि के दौरान विधि व्यवस्था संधारण में पूरी मुस्तैदी रखें। दुर्गम स्थानों पर अवस्थित मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाये। वह गुरुवार को गुमला में लोहरदगा, खूंटी, गुमला, राँची एवं सिमडेगा जिले की पुलिस, सीआरपीएफ, वन विभाग एवं संबंधित जिला प्रशासनों के पदाधिकारियों के साथ इन जिलों में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी बूथों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बूथों पर पेयजल, शौचालय, रैम्प, बिजली जैसी मूलभूत व्यवस्था होना अनिवार्य है।



**संवेदनशील बूथों पर करें समुचित व्यवस्था :** उन्होंने इन जिलों के संवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिए निर्वाचन से संबंधित समुचित व्यवस्था करने को कहा। कहा कि सभी प्रस्तावित हैलिपैड को चिन्हित कर उसे सुदृढ कर लें ताकि पोलिंग पार्टी एवं इमरजेंसी सेवाओं में इनका इस्तेमाल हो सके। साथ ही वन विभाग द्वारा पेड़ों की छटाई, स्मोक आदि की भी व्यवस्था कर लें।

**वोटरों को समय से जगायें, ताकि वोट दे सकें :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर द्वारा विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से की गई तैयारी, स्वच्छ, भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव की तैयारियों का अनुश्रवण की समीक्षा की गयी। रीलोकेटेड बूथों से संबंधित मतदाताओं को समय पूर्व जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ साथ हथियार जब्ती ,अवैध शराब एवं नशे की प्रतिबंधित सामग्रियों के आवागमन पर पूर्णतया रोक लगाते हुए अभियान चलाकर जब्त करने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया।

**मतदाना केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश :** बुंडू स्थित राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय जरिया एवं बेड़ो के मतदान केंद्रों का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया, वहां के बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बूथ अवेरनेस ग्रुप के सदस्यों की सूची, बूथों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता का भी उन्होंने जायजा लिया। वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने भी गुमला के भरनो एवं जुरा स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों पर स्थित मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति :** राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डीआईजी दक्षिणी छोटानागपुर रेंज, प्रमंडलीय आयुक्त, डीआईजी जगुआर, डीआईजी जंगल वारफेयर, डीआईजी सीआरपीएफ सहित गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा एवं लोहरदगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक, जिला नोडल पुलिस अधीक्षक एवं सीआरपीएफ के कमांडेंट।

### कांग्रेस सीईसी की बैठक टली, संभावित उम्मीदवार नाराज

# इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा में हो सकती है थोड़ी देर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर दिल्ली में कांग्रेस की होने वाली सीईसी की बैठक टलने से संभावित उम्मीदवारों को निराशा हाथ लगी है। बैठक नहीं होने से उम्मीदवारों की घोषणा में देरी होने की संभावना दिख रही है। इस संबंध में झारखंड कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि पहले से तय था कि आज सीईसी की बैठक झारखंड के संबंध में नहीं होगी। राकेश सिन्हा ने कहा कि गठबंधन के कई घटक दलों की बैठक होनी अभी बाकी है। पलामू और चतरा लोकसभा पर बात चल रही है। होली का त्योहार है। इसको भी पार्टी आलाकमान देख रहा है। हालांकि राष्ट्रीय नेतृत्व एक से दो दिनों के अंदर भी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है। बावजूद अभी कुछ भी कह पाना थोड़ी जल्दीबाजी हो सकती है।

**घोषणा में हो रही देरी का कारण स्पष्ट नहीं :** राज्य में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा में देरी का कारण साफ नहीं हो पा रहा है। कहा यह भी जा रहा है कि अभी कई दलों के नेता कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। अब इन नेताओं के शामिल होने के बाद ही स्थिति साफ होने की उम्मीद लग रही है। बीते मंगलवार को मांडू से बीजेपी विधायक जेपी पटेल ने बीजेपी का साथ छोड़ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। अंदाजा यह भी लगाया जा रहा है की जेपी पटेल को कांग्रेस हजारीबाग लोकसभा से उम्मीदवार बना सकती है।

### इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय



झारखंड में इंडी गठबंधन से चार दल कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी और सीपीआई माले राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस लोकसभा की सात सीट रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा और पलामू सीट पर उम्मीदवार देगी। वहीं जेएमएम राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेपुर और सिंहभूम (चाईबासा) लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देगा। इसके साथ सीपीआई माले कोडरमा और चतरा लोकसभा सीट से आरजेडी चुनाव लड़ेगा।

## खबर एक नजर में

### रिजर्व केटेगरी के अभ्यर्थियों के आरक्षण से जुड़े मामले में तीन जजों की बेंच में हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस राजेश शंकर की फुल बेंच में जाति प्रमाण पत्र के कारण आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरुरत है। इस संबंध में डॉ नूतन इंदवार सहित 40 अन्य की ओर से हाईकोर्ट में अपील याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में प्रार्थियों ने आवेदन दिया था, लेकिन आयोग ने इनकी जाति प्रमाण पत्र को नहीं मानते हुए इन्हें सामान्य श्रेणी में शामिल कर लिया। जबकि इन्होंने अपनी श्रेणी में निर्धारित कट ऑफ मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।

### कोलकाता कैशकांड में इडी की ओर से गवाही दर्ज

**रांची।** कोलकाता कैशकांड मामले में गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में ईडी की ओर से गवाही कराई गई। मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार एवं कोलकाता का कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल ट्रायल फेस कर रहे हैं। ईडी ने गवाह के रूप में ड्राइवर सीता राम रजक की गवाही कराई। राजीव कुमार जब रांची से कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे थे। तब सीता राम रजक ने ही उन्हें होटल पहुंचाया था। कहा था कि एक घंटे में वापस आ रहे हैं लेकिन, समय से ज्यादा हो गया तो फोन करने पर उनका मोबाइल ऑफ आ रहा था। घटना की जानकारी से इनकार किया। मालूम हो कि मिलने के दौरान ही राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने 31 जुलाई 2022 को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था।

### फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका खारिज

**लेवी का पैसा शेल कंपनी में लगाने का मामला**

**रांची।** प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई द्वारा उगाही की गयी लेवी का पैसा शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से संबंधित मामले में आरोपी फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने फुलेश्वर की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था फुलेश्वर गोप शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे, लेकिन कंपनी में उनका शेयर मात्र 5 प्रतिशत का था। लेवी का कोई पैसा इस कंपनी में नहीं लगा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

पत्रांक :– 570 गुमला, दिनांक :– 21.03.2024

**निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 410 दिनांक 11.03.24 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID /GUMLA/F2-45/2023-24, PR No. 322061 Minor Irrigation (23-24)D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 323264 (Minor Irrigation)23-24*D


### सिंहभूम और सरायकेला के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

# कमियां शीघ्र दूर करें : के. रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में गुरुवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला जिले के कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध न्यूनतम भौतिक सुविधाओं का जायजा लिया। मालूम हो कि पूर्व में राज्य के लगभग 600 मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का सामाजिक अंकेक्षण कराया गया है। अंकेक्षण प्रतिवेदन में मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं में कमी पाये जाने के बाद 27 मार्च 2024 तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट मानकों के अनुरूप राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने का निर्देश है।

**डीएसई और ईई, आरईओ से शो-कॉज करें :** बीते 19 मार्च को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के द्वारा मतदान केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में 57-खरसावां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चिलकु के मतदान केंद्र संख्या 189 एवं 190 तथा पूर्वी सिंहभूम जिले के 46-पोटका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के आरईओ ऑफिस, खासमहल के मतदान केंद्र संख्या 53 एवं 54 में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं में काफी कमी पाई गयी। इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी, डीएसई, सरायकेला-खरसावां एवं कार्यपालक अभियंता आरईओ ऑफिस खासमहल से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए विभागीय कार्यवाही संचालित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### भाकपा माओवादी पोलित ब्यूरो सदस्य बिनोद मिश्रा धनबाद से गिरफ्तार

**रांची।** धनबाद के धनसार से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) को पुनर्जीवित और मजबूत करने की साजिश रचने के मामले में वांछित एक माओवादी को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने बताया कि बिनोद मिश्रा उर्फ विनोद मिश्रा भाकपा (माओवादी) के पोलित ब्यूरो का सदस्य है और वह फरार चल रहा था। इसी क्रम में उसकी गिरफ्तारी की गई है, बिनोद मिश्रा को एजेंसी की एक टीम ने झारखंड के धनबाद जिले के धनसार क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एनआईए को विनोद के धनबाद में छिपे होने की सूचना मिली थी।

### सोशल मीडिया में झामुमो पर बड़ा हमला बोला

# किस निर्लज्जता से ये बात कहते हैं कि झुकेगा नही : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अवैध बालू लदे ट्रक से हजारीबाग में छह बेटियां कुचल दी गईं लेकिन ये कहेंगे झुकेगा नहीं। अवैध बालू से लदे तुपुदाना में बीते दिनों बस की टक्कर में एक पत्रकार की पत्नी और बेटी की जान चली गई, ये कहेंगे झुकेगा नहीं। गौ तस्करों ने दारोगा बिटिया संध्या टेम्पो को कुचल कर मार दिया। ये कहेंगे झुकेगा नहीं। बालू तस्करी से उगाही के लाखों रुपये तुपुदाना की घूसखोरी में जेल गई चार्जशीटेड थाना प्रभारी मीरा सिंह के एजेन्ट के यहां से मिलने की खबर आ रही है। ये साबित है कि अवैध धंधों का पैसा एजेन्टों के जरिये थानेदारों और बड़े अफसरों के जरिये सत्ताधारी नेताओं तक पहुंच रहा है लेकिन ये कहेंगे झुकेगा नहीं। उन्होंने कहा कि रोजगार आप दे नहीं पाए, आपका अवैध बालू, कोयला लदी गाड़ियां उन्हें कुचल रहीं। इससे शर्मनाक और चुल्लू भर पानी में डूब मरने वाली बात और क्या हो सकती है।

# कांग्रेस को अर्थिक रूप से पंगू बनाने का प्रयास कर रही है बीजेपी : गुंजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। पूरे देश की जनता से जुटाए गए पैसे को रोका जा रहा है और कांग्रेस पार्टी के खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है।

प्रदेश महिला कांग्रेस ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर बीजेपी को घेरते हुए कहा कि एक तरफ 'चुनावी बॉन्ड' का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। चुनावी बॉण्ड से बीजेपी को भारी और बड़े पैमाने पर फायदा हुआ है। दूसरी तरफ कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए, सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। सत्ता में बैठे लोगों का संसाधनों पर एकाधिकार नहीं होना चाहिए। कहा कि सत्ता में बैठे लोगों का संवैधानिक संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष नियंत्रण नहीं होना चाहिए।

### कांग्रेस को चुनाव लड़ने से दूर करना चाहती है बीजेपी : सोनाल शांति

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि देश के भीतर कांग्रेस को चुनाव से दूर करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने की साजिश भाजपा द्वारा की जा रही है। इस कड़ी में कांग्रेस के बैंक खाते को पिछले एक माह से प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर फ्रिज किया गया है। सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा देश में अपने चरित्र के अनुसार विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश में सारी संवैधानिक मयार्दाओं को लांघ चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में अनवरत प्रयासरत है कि चुनाव के दौरान विपक्षी नेताओं और दलों को झूठे मुकदमों में फंसाकर उलझाये रखा जाए और इसके लिए सारी संवैधानिक संस्थाओं इडी, सीबीआई,आयकर विभाग आदि का दुरुपयोग किया जाय।

### होली में राज्य में न हो बिजली कटौती, निगम ने जारी किया आदेश

**रांची।** होली के दौरान राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो इसे लेकर जेबीवीएनएल मुख्यालय ने निर्देश जारी किया है। जेबीवीएनएल ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सभी आपूर्ति कार्यालयों को आदेश दिया है। जिसमें कहा है कि राज्य में होली समेत गर्मी के दौरान बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत का सामना न करना पड़े। इसके लिए आपूर्ति कार्यालयों की ओर से सुनिश्चित कार्रवाई की जायें। जिससे समय-समय पर होने वाली लोड शेडिंग से लोगों को राहत मिल सकें। विशेषकर तकनीकी कारणों से होने वाली बिजली कटौती को रोकने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए आपूर्ति क्षेत्र में बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग से लेकर अन्य तकनीकी चीजों को दुरूस्त करने का आदेश दिया गया है।

निगम की ओर से अधिकारियों की जवाबदेही तय की गयी है। जिससे क्षेत्रवार बिजली की समस्या का समाधान हो सके। वहीं, सभी सब स्टेशन में ट्रांसफॉर्मर फिलिंग करने जैसी तकनीकी चीजों पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

# सीता सोरेन के फैसले से झारखंड की राजनीति में दूरगामी परिणाम संभव !

सत्येन्द्र

**रांची।** भले ही झामुमो दावा कर रहा है कि सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा में जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन राजनीति की समझ रखने वाले लोग सीता के इस फैसले को झारखंड और झामुमो की राजनीति में दूरगामी परिणाम से जोड़कर देख रहे हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि सीता सोरेन झामुमो के दिग्गज नेता रहे दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं और दुर्गा सोरेन आज भी लाखों लोगों के दिलों में बसे हैं। दुर्गा सोरेन झामुमो के दिग्गज नेता थे और एक समय उनकी तूती बोलती थी। झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। संथाल के लोग गुरुजी शिबू सोरेन का उत्तराधिकारी दुर्गा सोरेन को ही मानते थे। उनको जानने वाले और राजनीतिक जानकारों की माने तो वह लड़ाके थे, बेबाक थे, निडर थे और पार्टी के प्रति पूरी तरह से समर्पित थे। दुर्गा सोरेन ही गुरुजी के असली उत्तराधिकारी थे।

### बीजेपी में जाने का फैसला बड़े परिवर्तन का इशारा

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सीता ने एक बड़ा कदम उठाया है। कुछ महीनों के बाद विधानसभा के चुनाव भी होने वाले हैं। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि शिबू सोरेन की बहू और दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़कर भाजपा में जाना झारखंड की राजनीति के लिए एक बड़ा परिवर्तन है और इसका दूरगामी परिणाम साबित हो सकता है।

### सीता कर चुकी थीं पीड़ा सार्वजनिक



दुर्गा सोरेन के निधन के बाद सीता सोरेन राजनीति में सक्रिय हुईं और यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पार्टी में उन्हें प्रमुख जिम्मेदारी और तरजीह मिलेगी, लेकिन दुर्गा सोरेन के निधन के लंबे समय बाद भी उनके चाहने वालों को ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। सीता सोरेन इस मामले में पहले भी कई बार अपनी पीड़ा सार्वजनिक कर चुकी थीं। कई बार पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीता ने कहा था कि वह पार्टी के रवैये से खुश नहीं है। उनके पति ने इस राज्य के निर्माण और झारखंडी अरमानों को पूरा करने के लिए जो संघर्ष किया था, उसके अनुरूप उन्हें वह मान-सम्मान नहीं मिला। इन बयानों से यह कयास लगाए जा रहे थे कि वह कभी भी पार्टी छोड़ सकती हैं, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। लेकिन सीता के सब्र का बांध अंततः टूट गया और उसने एक झटके में पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। झामुमो और सीता के करीबियों की माने तो परिवार में सीता सोरेन से लगभग सभी नाखुश थे।


**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त खूँटी**
**(MCMC कोषांग)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 149/ Paid News/2019/Communication, दिनांक 25.02.2019 के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification & Monitoring Committee) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी की अध्यक्षता में किया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहने के दौरान किसी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी द्वारा अपने पक्ष में मतदान हेतु प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- MCMC सूचना भवन जिला जनसम्पर्क कार्यालय, खूंटी में कार्यरत है।
- निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन का छानबीन तथा बल्क एस0एम0एस0/आवाज संदेशों/टी0वी0 चैनलों/केबल नेटवर्क/रेडियो/निजी एफ0एम0 चैनल/ सिनेमा हॉल/सार्वजनिक स्थानों पर एवी में प्रदर्शित या सोशल मीडिया/समाचार पत्र एवं किसी अन्य प्रकार के प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित करना पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
- इलेक्ट्रोनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया/ई–पेपर पर किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रसारण करने से पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से पूर्वानुमति आवश्यक होगी।
- कोई भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी/कोई व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह/ एसोसिएशन मीडिया पर कोई भी विज्ञापन का प्रसारण करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। व्यय की विवरणी संभावित दल/अभ्यर्थी के खाते में प्रविष्ट की जाएगी तथा कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE–A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों / प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE–B में अनुमति प्रदान की जायेगी। दी गई अनुमति की प्रति व्यय प्रेक्षक एवं निर्वाची पदायिधकारी तथा निर्वाचन व्यय कोषांग को दी जाएगी।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज :– (i) आवेदन प्रपत्र (ii) दो – दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन का हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (iii) दो स्वः अभिप्रमाणित प्रति हार्ड कॉपी (iv) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (v) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगी उसकी विवरणी।
- राष्ट्रीय/राज्यकृत दल / प्रत्याशी को किसी भी सामग्री के विज्ञापन प्रसारण की तिथि से 3 दिन पूर्व एवं अनरजिस्टर्ड राजनीतिक दल या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के 7 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, खूँटी

PR 323231 (Election)23-24*D


### भाजपा ने अपनी रणनीति से सोरेन परिवार की तोड़ डाली एकजुटता

# लोकसभा चुनाव में सीता सोरेन के सहारे आदिवासी वोटरों को रिझाने में जुटी भाजपा

उदय चौहान

**रांची।** भाजपा ने शिबू सोरेन परिवार की एकजुटता पहली बार तोड़ डाली। भाजपा ने अपनी स्ट्रेटेजी से झामुमो के किले संथाल परगना में सीता सोरेन के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कवायद की है। पहली दफा सोरेन परिवार के दो सदस्य चुनाव में आमने-सामने हो रहे हैं। मालूम हो कि पांच दशक से अधिक समय से बिहार-झारखंड की राजनीति में धमक रखने वाले शिबू सोरेन के परिवार की लड़ाई अब रुठने-मनाने के दायरे से बाहर निकलकर चुनावी मैदान तक पहुंच गई है। शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने से रोमांचक चुनावी माहौल बन गया है। पहली बार स्थिति बनी है कि इस परिवार के सदस्य एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान में आमने-सामने होंगे।

### सीता सोरेन और कल्पना सोरेन में तकरार बढ़ी





सूत्रों के अनुसार भाजपा के लिए आदिवासी वोट हासिल करने में सीता सोरेन कारगर साबित हो सकती हैं। केंद्र की भाजपानीत सरकार ने सीता सोरेन को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। राज्य में लोहरदगा, दुमका,खूंटी, राजमहल जैसे आरक्षित सीटों पर भाजपा स्टार प्रचारक के रूप में उतार सकती है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद गठबंधन ने दो सीटों राजमहल और सिंहभूम पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा खूंटी और लोहरदगा में कम अंतर से भाजपा ने जीत हासिल की थी। इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में आदिवासी सुरक्षित सीटों पर भाजपा बुरी तरह पिछड़ गई थी। 28 आदिवासी सुरक्षित सीटों में भाजपा खाते में महज दो सीटें ही आ सकी थी। यही वजह है कि सीता सोरेन को अपने पाले में करने के बाद भाजपा उनका व्यापक पैमाने पर उपयोग करने के लिए रोडमैप तैयार कर रही है। इनके निशाने पर शिबू सोरेन का पूरा कुनबा होगा। झामुमो सीता सोरेन पर सीधे प्रहार करने से बचने की कोशिश कर सकता है। यही वजह है कि भाजपा में शामिल होने के बाद झामुमो ने उनपर आक्रमण करने की बजाय कम शब्दों में अपनी बातें रखीं।

इधर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने पलटवार करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन राजनीति में नहीं आना चाहते थे। स्वर्गीय दुर्गा सोरेन उनके लिए सिर्फ बड़े भाई नहीं बल्कि पितातुल्य अभिभावक के रूप में रहे। 2006 में ब्याह के उपरांत मैंने हेमंत सोरेन का अपने बड़े भाई के प्रति आदर तथा समर्पण और दुर्गा सोरेन का हेमंत सोरेन के प्रति प्यार देखा। हेमंत सोरेन राजनीति में नहीं आना चाहते थे परंतु दुर्गा सोरेन की असामयिक मृत्यु और शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें राजनीति के क्षेत्र में आना पड़ा। हेमंत सोरेन ने राजनीति को नहीं बल्कि राजनीति ने हेमंत सोरेन को चुन लिया। उन्होंने आर्किटेक्ट बनने की ठानी थी। उनपर झामुमो की विरासत तथा संघर्ष को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी थी। हेमंत सोरेन जेल चले गए। वे झुके नहीं। उन्होंने एक झारखंडी की तरह लड़ने का रास्ता चुना। वैसे भी हमारे आदिवासी समाज ने कभी पीठ दिखाकर और समझौता कर आगे बढ़ना सीखा ही नहीं है। झारखंडी के डीएनए में ही नहीं है झुक जाना।

खैर! शिब ूसोरेन परिवार की एकता टूटी है और इसका असर चुनावी मौसम में देखने को मिल सकता है। इसका कितना असर भाजपा व झामुमो पर पड़ता है, यह देखना अभी बाकी है।

स्पीड न्यूज

## तोपचांची में पीडीएस चावल की तस्करी

**तोपचांची।** प्रखंड के बिशुनपुर पंचायत की शर्मा कालोनी में इन दिनों पी0 डी0 एस चावल की तस्करी की जा रही है।तस्कर घर घर घूमकर पीडीएस के तहत मिलने वाली चावल को 20 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदकर टेम्पू में भरकर ले जाते है और उसे बड़े व्यपारी को बेचकर ज्यादा मुनाफा कमाते है। गुरुवार को गोमो के शर्मा कालोनी में एक खरीददार व्यापारी को टेम्पू सहित पकड़ा गया जहां टेम्पू में तीन बोरा पीडीएस चावल रखा गया था। व्यापारी से पूछने पर उसने बताया कि वे स्थानीय घरों से 20 रु प्रति किलो की दर से चावल खरीदकर ले जाते है। पूछने पर उसने बताया कि वह इन चावलों को खाने के लिए खरीदकर ले जा रहा है। ऐसे में राशन को 20 रुपये किलो बेचकर हर माह अच्छी कमाई कर रहें हैं।

## हरिहरपुर थाना ने किया फ्लैग मार्च

**तोपचांची।** हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल के नेतृत्व में बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में बाईक से जवानों सिकलाईन विशुनपुर लक्ष्मीपुर हरिहरपुर कोरकोट्टा, पावापुर सतकिरा समेत विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए लोगों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से लोगों को होली मनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि प्रशासन की नजर हुड़दंगियों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी है सोशल मीडिया पर झूठी द्वेषपूर्ण और ऐसी कोई पोस्ट न डालें या शेयर करें जिससे क्षेत्र में अशांति हो।

## माले नेता महेंद्र हत्या कांड में हुई सुनवाई

**धनबाद।** माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोप मे जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा ऊर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया । अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है।उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 05 को माले विधायक महेन्द्र सिंह कि हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चलाकर कर दी थी। हत्या की गुत्थी सुलझाने का जिम्मा सीबीआई के स्पेशल क्राईम ब्रांच लखनऊ को सौंपी गई थी। जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। गिरिडीह कोर्ट में पेशी के दौरान 14 नवंबर 12 को साकिम दा पुलिस बल पर हमला कर अपने साथियों के साथ भाग गया था।

## नन्हे हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। आज इस मामले में अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया। प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था। 24 नवंबर 21 के दोपहर 3रू20 बजे के करीब दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियां की बौछार कर दी। घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे।

## चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना के 50 बकायेदारों को नोटिस

**चिरकुंडा।** चिरकुडा नगर परिषद क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति योजना के बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। शहरी जलापूर्ति के जिन उपभोक्ताओं ने एक साल से बकाया पैसे जमा नही किये हैं उन 50 बकायेदारों को नोटिस दिया गया है। उन उपभोक्ताओं के पास विभाग का करीब 2 लाख रुपये बकाया है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि शहरी जलापूर्ति के बकायेदार उपभोक्ता जल्द बकाया पैसे जमा कर दें, अन्यथा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### त्योहारों के साथ चुनाव में भी विशेष सतर्क रहने की जरूरतः एसएसपी

# धनबाद में चलेगा प्रशासन का राज किसी अपराधी का नहीं : उपायुक्त

### न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** न्यू टाउन हॉल में गुरुवार को जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। पूरे धनबाद अनुमंडल में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लागू है। इसलिए किसी भी राजनीतिक या गैर राजनीतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना भी अनिवार्य है।




### होली में डीजे बजाने पर रहेगी पाबंदी

उपायुक्त ने कहा कि होली में डीजे बजाने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। इस आदेश का उल्लंघन होने पर डीजे सप्लायर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। विधि व्यवस्था के मुद्दे पर उपायुक्त ने कहा कि धनबाद में प्रशासन का राज चलेगा, किसी अपराधी का नहीं। उपायुक्त ने कहा कि होली में सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे निस्वार्थ और निष्पक्ष होकर अवैध शराब कारोबारियों की सूचना जिला प्रशासन को दें। उपायुक्त ने नगर निगम को सभी हाई मास्ट लाइट दुरुस्त करने और पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### बैठक में थे मौजूद

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, संतोषिनी मुर्मू के अलावा सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### किसी के धार्मिक भावना को चोट नहीं पहुंचायें : एसएसपी

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि होली के साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। उसका भी सभी को आदर करना है। किसी की धार्मिक भावना को चोट नहीं पहुंचे, इसका विशेष ख्याल रखना है। एसएसपी ने कहा कि त्योहार के साथ चुनाव में विशेष सतर्क रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की है। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजा जाएगा। एसएसपी ने संदिग्ध आचरण वाले लोगों की सूचना देने की अपील की। कहा कि लोगों को किसी भी अपराधी को समाज में स्थान नहीं देना है। सभी थाना क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। जहां बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे, वहां मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग की जाएगी।

## टाउन हॉल परिसर में चला मतदाता जागरुकता हस्ताक्षर अभियान

- अधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्यों ने किये हस्ताक्षर




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** न्यू टाउन हॉल में गुरुवार को जिला शांति समिति की बैठक हुई। लोकतंत्र को मजबूत बनाने, क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को उत्साहित करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। शांति समिति की बैठक में आये जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और पुलिस अधिकारियों सहित सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। साथ ही इसके बाद स्वीप कोषांग द्वारा लगाए गए सेल्फी स्टैंड में सभी ने सेल्फी भी ली। हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करना है। स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरुकता अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी रविराज शर्मा ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी अपने घर से निकलें एवं अपने मत का प्रयोग करें। प्रत्येक मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए।

### नगर निगम की टीम ने चार दुकानों से वसूला जुर्माना, पॉलिथिन के खिलाफ चला अभियान

**धनबाद।** प्रतिबंधित पोलीथीन के खिलाफ गुरुवार को नगर निगम की टीम ने हीरापुर बाजार में अभियान चलाया। अलग अलग दुकानों से 20 किलो पोलीथीन बरामद किया गया। चार दुकानदारों से 500-500 रुपये जुर्माना भी वसूला गया। इस संबंध में निगम की कार्यपालक पदाधिकारी संतोषिनी मुर्मू ने बताया कि स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम के साथ मिलकर आज अभियान चलाया गया है। पहले की अपेक्षा बाजार में प्रतिबंधित पोलीथीन में कमी आई है। लेकिन कुछ दुकानदार अब भी उसका इस्तेमाल करते पकड़े गए हैं। उन्हें चेतावनी देने के साथ जुर्माना वसूला गया है। अभियान में नगर प्रबंधक रणधीर वर्मा व सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शामिल थे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह

- जमसं (बच्चा गुट) सहित राजनीतिक दलों के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की 7 वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) की ओर से रोहड़ाबांध स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा की गई। संघ के सचिव वेदप्रकाश ओझा की अध्यक्षता सभा का उद्घाटन झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के विधायक प्रतिनिधि कपिलदेव पांडेय ने किया। सभा में दिवंगत नेता नीरज सिंह के चित्र पर समर्थकों व बुद्धिजीवियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि नीरज सिंह कद्दावर नेता थे। उनके आदर्शों पर चलकर झरिया विधायक ने क्षेत्र में जनता की भलाई के कई कार्य किये हैं। जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के सचिव ने कहा कि नीरज सिंह उभरते हुए नेता थे और उनकी प्रसिद्धि से डरकर असामाजिक तत्वों ने समय से पूर्व उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि जनता जान रही है कि झरिया विधायक को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा तो वह धनबाद जिला को अपना विकास कार्य दिखा सकती है। श्रद्धांजलि सभा में भूलन बरारी की लक्ष्मी टीम के गायक ठाकुर व्यास सहित अन्य गयकों ने निर्गुण प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर गरीबों व जरूरतमंदों को भोजन भी कराया गया।

### श्रद्धांजलि देने वालों में थे शामिल

श्रद्धांजलि देने वालों में सूरज सिंह, सचदेव पाठक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेन्द्र पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, कांग्रेस नेता प्रशांत कुमार दुबे, लोजपा (आर) युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र द्विवेदी, कांग्रेस जिला महासचिव संतोष चौधरी, साधु शरण पाठक, योगेंद्र मिश्रा, पवन ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेश सिंह, विजय सिंह, सूरज प्रसाद, कांग्रेस सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार, कांग्रेस जिला महासचिव दिलीप मिश्रा, नंदा दुबे, आदित्य दुबे सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हैं।

### अलकुशा कोलियरी में नीरज सिंह की पुण्यतिथि मनी

**केंदुआ।** अलकुसा कोलियरी में जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) ने गुरुवार को धनबाद नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह जी का 7 वी पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में वक्ताओं ने कहा कि नीरज बाबू ने मजदूरों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी और उन्हें हक दिलाया। हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलने की शपथ लेनी चाहिए। विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों व बीसीसीएल कर्मचारियों ने नीरज सिंह को श्रद्धांजलि दी। शाखा सचिव जोगिंद्र कुमार पासवान के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा हुई, जिसमें सुभाष सिंह, मुन्ना सिंह,अजीत सिंह, बिट्टू कुमार सिंह, राजकुमार राजभर, राजू साव, कस्मीर सिंह शामिल थे।

## एक नजर में

### पूर्वी टुंडी में बीडीओ ने लिया लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा



**पूर्वी टुंडी।** लोकसभा चुनाव में केंद्रीय पुलिस बल को उत्क्रमित उच्च विद्यालय रघुनाथपुर में ठहराने के उद्देश्य से बीडीओ अमृता सिंह ने विद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया। गुरुवार को बीडीओ ने विद्यालय के कमरों की संख्या, भवन की स्थिति, एवं शौचालय की संख्या, पेयजल की व्यवस्था, बिजली की स्थिति तथा चार्जिंग पॉइंट की संख्या आदि का निरीक्षण किया। इस मौके पर स्थानीय थाना के एसआई और बीआरसी कार्यालय के सीआरपी मधुसूदन आदि मौजूद थे।

### तोपचांची में होली मिलन समारोह, फगुआ के गीतों पर थिरके लोग



**तोपचांची।** गुरुवार को तोपचांची प्रखंड के ढांगी में झारखंड जनहित मोर्चा के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गायक मंडली के द्वारा ढोलक और झाल के धाप के साथ भक्ति व फाग गीत गाया और एक दूसरे को अबीर .गुलाल लगाया। झारखंड जनहित मोर्चा के अध्यक्ष माना पाठक ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि होली हिंदुओं के पवित्र पर्व है जिसके माध्यम से अधर्म पर धर्म की जीत को दशार्ता है । हम सबों को चाहिए कि अपने बुराईयों को होलिका में दहन कर दे और अच्छाईयों से सुन्दर समाज का निर्माण करें। मौके पर त्रिलोचन पाण्डेयए हेमन्त पाण्डेय कालीचरण महतो इमाम अख्तर अंसारी मुरारी सिंह चौधरी नित्यानंद पाण्डेय अमर तिवारी गोपाल पाण्डेय मंजीत तिवारी आकाश पाठक मितेन्द्र दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## धातु विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और सहयोग के महत्व पर जोर

### तीन दिवसीय धात्विका में बीआईटी सिंदरी पहुंचे बार्क के प्रोफेसर, दिये वक्तव्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में धातुकर्म इंजीनियरिंग का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव धात्विका समारोह के साथ गुरुवार को शुरू हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के यांत्रिक धातुकर्म विभाग के प्रमुख डॉ आर एन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। बार्क में यूरेनियम निष्कर्षण प्रभाग के प्रमुख डॉ अजय कुमार सिंह अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। बीआईटी सिंदरी में डॉ आर एन सिंह और डॉ अजॉय कुमार सिंह ने अपने अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। उन्होंने अपने विचारों से धातु विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर सभी के लिए एक पीपीटी प्रतियोगिता, स्थानन मॉक प्लेसमेंट और परिवर्तन प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक औद्योगिक समस्या-समाधान प्रतियोगिता भी हुई। समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ पंकज राय, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ घनश्याम, जनरल वार्डन डॉ आर के वर्मा, मेटलर्जी विभागाध्यक्ष प्रो बी एन रॉय और धातविका के प्रोफेसर प्रभारी प्रोफेसर कीर्ति माधवी, प्रोफेसर डॉ अनिल रजक मौजूद थे।

## भागवत कथा : मनुष्य के जीवन में संत और वसंत दोनों महत्वपूर्ण : सुरेंद्र हरिदास

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोविंदपुर।** श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वावधान में लाल बंगला, जियलगढ़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन गुरुवार को प्रवचन करते हुए कथा व्यास सुरेंद्र हरिदास ने कहा कि मनुष्य के जीवन में संत और वसंत, दोनों महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि जब बसंत आता है तो संसार महक जाता है और जब संत आता है तो जीवन महक जाता है। आज का मनुष्य सबसे बड़ी गलती यह करता है कि वह अपनी मर्जी के अनुसार धर्म का अर्थ निकालता है, जिसमें खुद को आरामदेह समझता है, उसी को धर्म का नाम दे देता है। उन्होंने कहा कि जितना प्रेम मनुष्य अपने बेटे-बेटियों से, माता-पिता से, पति-पत्नी से करता है, यदि उसका 10 प्रतिशत भी भगवान से कर ले तो मनुष्य जीवन का उद्धार हो जायेगा। श्री हरिदास ने कहा कि मनुष्य को कभी भी नग्न अवस्था में आध्यात्मिक नदियों में स्नान नहीं करना चाहिए। जीवन में अशांति का कारण है कि धर्म के प्रति निष्ठा नहीं है। उसमें विश्वास नहीं है। अपने आराध्य के प्रति भी विश्वास नहीं है। कथा का वृतांत सुनाते हुए उन्होंने कहा कि बिना साधना के भगवान का सान्निध्य नहीं मिलता। द्वापर युग में गोपियों को भगवान श्री कृष्ण का सान्निध्य इसलिए मिला, क्योंकि त्रेता युग में ऋषि - मुनियों ने भगवान के सान्निध्य की इच्छा को लेकर कठोर साधना की थी। शुद्ध भाव से की गई परमात्मा की भक्ति सभी सिद्धियों को देने वाली है। जितना समय हम इस दुनिया को देते हैं, उसका 5 प्रतिशत भी यदि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लगाएं तो कृपा निश्चित मिलेगी। कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ उमड़ पड़ी थी। आयोजन को सफल बनाने के लिए लाल बंगला समेत आसपास के गांव के लोग सक्रिय हैं।

### पुलिस पर हमला व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के छह आरोपी रिहा

**धनबाद।** सरकारी काम में बाधा पहुंचाने व पुलिस बल पर हमला करने के मामले में दोषी करार दिए गए छह आरोपियों को आज अदालत से बड़ी राहत मिली धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप की अदालत ने वरीय अधिवक्ता जया कुमार की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी गोविंदपुर पथुरिया निवासी अनवर अंसारीए इरफान अंसारी एमनीरूद्दीन अंसारीए नजरुल अंसारीए दयामई गोराई एशब्बीर अंसारी को रिहा करने का आदेश दिया है। निचली अदालत में सभी आरोपियों को तीन माह कैद की सजा सुनाई थी जिसे अधिवक्ता जया कुमार द्वारा अपील दायर कर सत्र न्यायालय में चुनौती दी गई थी । प्राथमिकी गोविंदपुर थाना में पदस्थापित एसआई प्रदीप कुमार सुधांशु की शिकायत पर दर्ज की गई थी। 19 मई 22 के संध्या थाना को सूचना मिली थी कि पथुरिया मोड़ के पास एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है।

### चार टीमों ने खेला सेमीफाइनल मैच



अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल आज

**धनबाद।** रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें दिन चार टीमों के बीच सेमी फाइनल मैच खेला गया। पहला सेमी फाइनल मैच इलेक्ट्रिकल ओपी और आरपीएसएफ के बीच हुआ, जिसमें इलेक्ट्रिकल ओपी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 148 रन बनाये। जवाब में आरपीएसएफ की पूरी टीम 9 .5 ओवर में 81 रन बनाकर आलआउट हो गयी। दूसरा सेमी फाइनल आरपीएफ और इंजीनियरिंग टीम के बीच खेला गया। आरपीएफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 66 रन बनाये। जवाब में आरपीएफ की टीम 4 .4 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। शुक्रवार को फाइनल मुकाबला इलेक्ट्रिकल ओपी व आरपीएफ के बीच खेला जाएगा।

### बीबीएमकेयू के 35 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई जेनरिक विषय की परीक्षा

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के अधीनस्थ 35 परीक्षा केन्द्रों में गुरुवार को स्नातक पास पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की जेनरिक विषय की विशेष परीक्षा शुरू हो गई। परीक्षा के लिए सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ जुटने लगी थी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से पांच बजे तक चली। यह परीक्षा अलग अलग तिथियों में छह अप्रैल तक चलेगी। धनबाद, बोकारो के केंद्रों पर यह परीक्षा हो रही है।

### लोकसभा चुनाव में धनबाद संसदीय क्षेत्र में कौन पहले खोले पत्ता, ऊहापोह की बनी है स्थिति

# पहले आप पहले आप की धींगामुश्ती में भाजपा-कांग्रेस

### बिन दूल्हे के बारात की तैयारी

राममूर्ति पाठक

**धनबाद।** धनबाद में बिना दूल्हे के बारात की तैयारी चल रही है। धनबाद संसदीय क्षेत्र से न तो भाजपा ने और न ही कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा की है। हर आम व खास इन दलों के श्दूल्हे राजाश का नाम सुनने व उनका चेहरा देखने को बेताब है। पहले आप.पहले आप की तर्ज पर दलों ने चुप्पी साध रखी है। पहले कौन अपने उम्मीदवार का घोषणा करता हैए टकटकी इसी पर लगी है। देखना दिलचस्प होगा कि दोनो राजनीति पार्टियां अपना कब पत्ता खोलती है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में 25 मई को चुनाव होना है। यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला होता रहा है। भाजपा नेताओं को उम्मीद थी कि होल्ड पर रखी गई धनबाद और चतरा सीट पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा के संभावित उम्मीदवार दिल्ली का दौरा कर लौट चुके हैं। अब वह इंतजार कर रहे हैं कि कब उम्मीदवार की घोषणा होगी। भाजपा की तरह ही कांग्रेस में भी उहापोह की स्थिति बनी हुई है। धनबाद में कांग्रेस के उम्मीदवारों की राजनीति दिल्ली शिफ्ट हो गई है। इसलिए उम्मीदवारों का दिल्ली आना.जाना लगा हुआ है। कांग्रेस के टिकट के लिए भी उठापटक चल रहा है। कौन किसे पीछे धकेल कर टिकट पा लेगा। लोगों को इसकी प्रतीक्षा है।

### उम्मीदवारों की संख्या कम नहीं रहती

धनबाद संसदीय क्षेत्र में पिछला रिकॉर्ड को देखें तो उम्मीदवारों की संख्या कम नहीं रहती है। 2004 के चुनाव में यहां 19 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। जबकि 2009 के चुनाव में 32 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इसी प्रकार 2014 के चुनाव में 31 ने अपना भाग्य आजमाया था। जबकि 2019 के चुनाव में 20 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। 2004 से लेकर 2019 तक के आंकड़े बताते हैं कि चार चुनाव में 102 लोगो ने अपनी किस्मत आजमाई है।

### भाजपा में शामिल होंगी पूर्णिमा

वही झरिया की कांग्रेस पूर्णिमा नीरज सिंह का अचानक दिल्ली जाना धनबाद के दिग्गजों के पसीने छुड़ा रहा है। सभी की नजर अभी पूर्णिमा नीरज सिंह पर टिकी हुई है। चहुंओर चर्चा है कि पूर्णिमा भाजपा में शामिल होंगी और भाजपा आलाकमान उन्हें धनबाद से चुनाव मैदान में उतारेगा।

स्पीड न्यूज

## पंचायत भवन बन गया है गंदगी भवन-सुशीला

**बेरमो।** पंचायत को सुचारू रूप से संचालित करने व पंचायत के तमाम पंचायत प्रतिनिधियों को बैठक के लिए सरकार ने सभी पंचायत मे करोड़ों करोड़ की लागत व सम्पूर्ण सुविधाओं से लैश पंचायत भवन मुखिया को सौपा है जिसकी देख रेख व साफ सफाई की जवाबदेही पंचायत की मुखिया की बनती है मगर अब सरकार इस क्या करे जब पंचायत भवन इतना गंदा हो की पंचायत की पंचायत समिति सदस्य ही उसे गंदगी भवन कहने लगे। मामला गोमिया प्रखंड के पलिहारी गुरुडीह पंचायत का बताया जाता है। यहां की पंचायत समिति सदस्य सुशीला देवी ने कहा कि पंचायत भवन साफ सफाई के लिए खास फंड आता है मगर मुखिया साफ सफाई के प्रति कोई ध्यान ही नहीं देती परिणाम यह है धिरे धिरे पंचायत भवन में लगातार गंदगी बढ़ता जा रहा है। इस संबंध सहायक पत्रकार साथी द्वारा उक्त पंचायत की मुखिया सपना कुमारी को फोन किया गया मगर मुखिया ने फोन नही उठाई जिस कारण उनकी प्रक्रिया नही लिया जा सका।

## महिला कर्मचारी का एक लाख रूपए की सोने की चैन छीनताई

**साहिबगंज।** आज दोपहर करीब 3:26 बजे के आसपास मोटरसाइकिल सवार दो युवक ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय कैंपस से महिला कर्मचारी का सोने की चैन छीन फरार हो गया। इसके बाद मोटरसाइकिल सवार युवक को कैंपस के कर्मचारियों द्वारा पकड़ने की कोशिश की गई लेकिन वह तेजी से फरार हो गया। बता दे की महिला अनीता देवी पति अनिल कुमार जो पेयजल स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी की काम करती थी। रोज की तरह आज भी कार्यालय आई हुई थी। चाय पीने के लिए बाहर चाय दुकान गई चाय पीकर कैंपस के अंदर घुसी। कार्यालय परिसर के अंदर ही मोटरसाइकिल सवार दो युवक बाइक से घुस महिला का चैन चीन फरार हो गया इसके बाद वहां मौजूद कर्मचारियों के द्वारा उसे पकड़ने की कोशिश की गई लेकिन हाथ ना लगे इसके बाद घटना की जानकारी जिरवाबाड़ी थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थल पर जिरवाबाड़ी पुलिस पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। इन सभी घटनाओं का कैंपस के अंदर लगे सी सी टीवी कमरे में वीडियो फुटेज कैद हो गया इस घटना के कुछ ही घंटा बाद जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के ही आजाद नगर में यही घटना एक और महिला के साथ दोहराई गई। बताया जा रहा है कि आजाद नगर ट्रैक्टर शोरूम के सामने का है। जहा एक महिला के साथ दो बाइक सवार ने महिला को धक्का देते हुए उसकी चैन छीन फरार हो गया है। जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश पांडे ने बताया कि घटना के सभी बिंदुओं पर पुलिस बारीकी से जांच कर रही है जल्द ही चैन छिनताई चोर को पुलिस कब्जे में लेगी।

## ई-रिक्शा टोटो संघ के होली मिलन समारोह



**धनबाद।** झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ ने अपने टोटो चालकों संग पुराना बाजार टेम्पल रोड समाजसेवी राजेन्द्र साव मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा मौजूद थे। उन्होंने होली की शुभकामनाएं देते हुए टोटो चालकों को अबीर और गुलाल लगाया। कहा कि जाति और धर्म से ऊपर उठकर, सारे मतभेद को भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ होली पर्व मनाते हैं। टोटो संघ ने होली मिलन समारोह आयोजित कर समाज के बीच भाईचारा का संदेश देने का काम किया है। उन्होंने टोटो चालकों के साथ जिले एवं राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। मिलन समारोह में संघ के प्रवक्ता संतोष कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा, सह संरक्षक मो. तारिक अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि साव, जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेश राम, आजाद राम, राजेश सिंह, पवन साव, उमाशंकर पाण्डेय, बिजय रवानी, प्रकाश राम आदि मौजूद थे।

### होली में जम कर गटके देशी-विदेशी शराब

# उत्पाद विभाग का धनबाद को 44 करोड़ का टारगेट

मिथिलेश कुमार



**धनबाद।** उत्पाद विभाग ने डूबते सूरज की अंतिम किरण से अपना टारगेट पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अर्थात वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में सघन अभियान चला कर लक्ष्य की पूर्ति की जायेगी। होली का त्योहार सोने में सुहागा का काम करेगा। इस पर्व में देशी.विदेशी शराब की जबरदस्त खपत होती है। होली ही सहाराए राजस्व का ग्राफ बढ़ाना संकल्प को लेकर उत्पाद विभाग राजस्व संग्रह में जुट चुका है। त्योहार और वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन ;जेएसबीसीएलद्ध ने विभाग को इस बार लगभग 44 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया है। जिसे हासिल करने के लिए जिले में नकली शराब और अवैध तरीके से शराब की खरीद बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। अलग अलग काउंटरों का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि होली में शराब की अधिक खपत होंना स्वभाविक है।

## डीसी-एसएसपी पहुंचे झारखंड-बंगाल बॉर्डर

**मैथन।** धनबाद डीसी माधुरी मिश्रा और एसएसपी पी जर्नादन गुरुवार की देर शाम अचानक झारखंड -बंगाल सीमा के मैथन बॉर्डर पहुंचे और वाहन जांच अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने स्वयं कुछ वाहनों के कागजातों की जांच की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव तक पूरी मुस्तैदी से झारखंड सीमा में आने व जाने वाले वाहनों की गहन जांच-पड़ताल की जाये। वाहनों की जांच पड़ताल में कोताही नहीं बरतें। अभी तक हुई जांच संतोषजनक रहा है और इसका परिणाम भी सामने आया है। निरीक्षण के दौरान डीसी, एसएसपी के साथ एग्यारकुण्ड बीडीओ मधु कुमारी, निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पुलिस ने अवैध लॉटरी के धंधे का किया पर्दाफाश, 50 लाख का टिकट जब्त

### जामडोबा के बड़की टांड़ में हुई छापेमारी, मुख्य धंधेबाज फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जोरापोखर पुलिस ने अवैध लॉटरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार की देर शाम जामाडोबा बड़कीटांड़ में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में लॉटरी टिकट बरामद किया गया। सभी लॉटरी टिकट का बंडल बनाया गया था। पुलिस ने 50 लाख रुपये् का लॉटरी टिकट जब्त कर लिया, जिसका वजन 336 किलो है। जब्त टिकट का बाजार मूल्य 10 करोड़ होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह अवैध लॉटरी कारोबार पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। गुरुवार को प्रेस वार्ता में डीएसपी सिंदरी भूपेन्द्र प्रसाद राउत और जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रसाद सिन्हा ने यह जानकारी दी। एसएसपी धनबाद के निर्देश पर बुधवार की देर शाम छापेमारी में जामाडोबा बड़कीटांड़ स्थित जहांगीर के घर से भारी मात्रा में लॉटरी टिकट बरामद किया गया। हालांकि मुख्य धंधेबाज तनवीर और उसके सहयोगी फरार हो गए। जांच के बाद अवैध लॉटरी के फरार कारोबारी तनवीर और सबीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया जाएगा।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मैथन उत्सव सम्पन्न

खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरुस्कार वितरण के साथ 18 वां मैथन उत्सव गुरुवार को संपन हो गया। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने समां बांध लोगों को झूमने पर मजबूर किया। वहीं केन्द्रीय जल आयोग मैथन के डायरेक्टर शशि राकेश ने अपने बेहतरीन नगमों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

मौके पर पूर्व विधायक निरसा अरूप चटर्जी ने मैथन उत्सव के सफल आयोजन के लिए उत्सव कमिटी को बधाई दी और कहा कि उत्सव का मूल उद्देश्य उभरते हुए प्रतिभाओं को मंच देना रहा है। इस बार भी सभी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़. चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने प्रतिभा व हुनर का प्रचम लहराकर सफलता हासिल किया। उन्होने खासकर गृहणियों के जज्बे को सलाम किया और कहा कि आगे भी उनके लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। साथ ही उत्सव को और भी विस्तृत रूप दिया जाएगाए ताकि अधिक से अधिक प्रतिभगियों को मौका मिल सके। वर्तमान में मैथन उत्सव एक अलग पहचान बन चुका हैं। देर शाम ज्योति डांस एकाडेमीए बीट डांसए नृत्य उपासना के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को थिरकने पर मजबूर किया। खासकर थीम आधारित डांस को हर कोई ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान ड्राविंगए सिंगिंगए डांस एवं अन्य प्रतियोगिता के सफल प्रतियोगी को अरूप चटर्जीए अनिदिता चटर्जीए सीआर साहा एवं शशि राकेश ने पुरस्कृत किया। संचालन चंडीचरण चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया मनोज राउतए रवि साहनीए रतन सरकारए मानस नस्करए बापी दाए मोण अलाउद्दीनए मोण पप्पू रहमानए सुभाष अड्डीए शेख कमरुद्दीनए प्रवीर दत्ताए दीप नारायण सिंह ए राजू मुखर्जीए उज्ज्वल दासए चिंटू विश्वकर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं

डॉ अरविन्द कुमार, सिविल सर्जन, साहेबगंज के द्वारा संयुक्त स्वास्थ्य भवन, साहेबगंज के सभागार मे NPCDCS / NP-NCD एवं NPHCE मॉडुल से सम्बंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। जिसमे साहेबगंज जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को सिविल सर्जन महोदय के द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह और सामान्य कैंसर (मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा) की रोकथाम, नियंत्रण और जनसंख्या स्तर पर जांच आदि मॉड्यूल के विषय में बिस्तृत जानकारी दिए। इस अवसर पर सत्तीबाबू डाबरा, जिला VBD सलाहकार, हीना गौरव वर्णवाल, DPM राजीव रंजन , DPM कोर्डिनेटर, सूरज कुमार, राजीव पॉल, सभी चिकित्सा पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### एक नजर में



वाहनों की जांच करती धनबाद डीसी

## गोदाम में आग से लाखों का काजू राख में तब्दील

**धनबाद।** धनबाद शहर से से बरवाअड्डा में गुरुवार की रात काजू गोदाम में भीषण अग्निकांड हुआ जिसमें लाखों रुपये का काजू राख में तब्दील हो गया। बरबड्डा स्थित मयूर विहार कॉलोनी में मिलेनियम काजू इंडस्ट्रीज सूसनीलेवा के गोदाम में आग लगने की सूचना है। बताया जाता है कि गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगी जिसमें लाखों रोये का काजू जल कर राख हो गया। क्षति करोड़ों में आंकी जा रही है। गोदाम में बाहर से काजू मंगवा कर उसे मशीन द्वारा रिफाइन करने और फिर बाजार में सप्लाई करने का काम यहां होता है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

## पूर्व डिप्टी मेयर नीरज, घलटू महतो, अशोक यादव व मुन्ना तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि

धनबाद/झरिया/सिंदरी

धनबाद, झरिया और सिंदरी में पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, घलटू महतो, अशोक यादव व मुन्ना तिवारी की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात लोगों ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों के बीच फल वितरण किया। झरिया में जनता मजदूर संघ के सदस्य, बीसीसीएल के पदाधिकारी, पार्षद, मजदूर, कांग्रेस सहित जिले के कई वरिष्ठ नेता व आम लोगों ने दिवंगत लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए इस दिन को कोयलांचल का काला दिवस के रूप में याद किया।

श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेता सह धनबाद जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, मुख्तार खान, सतीश रजक, अब्दुल करीम अंसारी, रामजी सिंह, पिंटू तुरी, महेश शर्मा, कमल शर्मा, अशोक मालाकर, मुकेश राणा, रत्नेश यादव, राजा अंसारी, सोहराब अंसारी, किशोर कुमार, भोला सिंह आदि मौजूद थे।

### 2017 में हुई थी घटना

बता दें कि 2017 में 21 मार्च को पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों को गोलियों से भून दिया गया था। इस हत्याकांड को धनबाद के लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। हत्याकांड के दिन नीरज सिंह अपने घर लौट रहे थे कि सरायढेला में ब्रेकर के पास उनकी गाड़ी धीमी हुई, तभी घात लगाए अपराधियों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और अंधाधुंध फायरिंग की। इस फायरिंग में नीरज सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी।

## पत्नीहंता देवेंद्र को उम्रकैद

**धनबाद।** अपने पत्नी की चाकू से काटकर हत्या कर देने और साक्ष्य छुपाने के नियत से उसके सर को मुसल से कुचल देने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी उड़ीसा निवासी देवेंद्र साव को उम्रकैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। 16 मार्च को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी मृतक के भाई अमन कुमार वर्मा के शिकायत पर धनसार थाने मे 29 सितंबर 20 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक मृतका पिंकी की शादी देवेंद्र के साथ वर्ष 11 में हुई थी शादी के बाद दोनों को दो बच्चे भी थे आरोप था कि देवेंद्र अपनी पत्नी पर शक करता था और इस कारण उसे बराबर मारपीट और प्रताड़ित करता रहता था 29 सितंबर 20 को उसे सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या हो गई है जब वह बहन के घर गया तो देखा कि दरवाजा खुला था और उसकी बहन मरी पड़ी थी उसके दोनों बच्चे भी नहीं थे मौके वारदात से चाकू खून से लतपथ मिला था । अनुसंधान के दौरान जब पुलिस ने देवेंद्र को पकड़ा उसमें खून के धब्बे लगे हुए थे डीएनए जांच में अनुसंधान के बाद पुलिस ने 23 दिसंबर 20 को आरोप पत्र समर्पित किया था 7 दिसंबर 21 को आरोप तय किए जाने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने कुल नौ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## होली को लेकर राधानगर थाना में शांति समिति की बैठक



**उधवा।** रंगों का त्योहार होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को राधानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह अंचलाधिकारी विशाल पांडे ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी तथा गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ सह अंचलाधिकारी विशाल पांडे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 25 मार्च को रंगों का त्योहार होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से होलिका दहन को लेकर संबंधित जानकारी ली। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने लोगों से प्रेम व उत्साह के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी लोगों को जबरन रंग नहीं देना है। आपसी भाईचारें के साथ होली पर्व मनाएं। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक हसनेन अंसारी, जय बहादुर सिंह, एएसआई दिपक कुमार कश्यप, ऐनुल हक अंसारी, जियाउल सुनील प्रमाणिक, विक्रम सरकार, निमाई मंडल, धर्मराज मंडल, रूपेश्वर सरकार, राहुल भगत, विश्वजीत मंडल, नेहरूल इस्लाम, राहुल मंडल, फिटू पठान, सकल हेंब्रम, अताउर रहमान, सुबोल रविदास, चंद्रराय सोरेन, अचिन मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

## कालाडीह शिव मंदिर में फगुआ संगीत के साथ होली मिलन

खबर मंत्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** गोस्वामी कल्याण परिषद युवा वाहिनी धनबाद ने गुरुवार को कालाडीह शिव मंदिर प्रांगण में फगुआ संगीत के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष सूरज गोस्वामी व प्रदेश महासचिव मिथिलेश गिरि ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर गायक श्याम सुन्दर भारती, मधुसूदन गोस्वामी, निधि गोस्वामी व दीपक ने होली गाकर सबको खूब झूमाया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष बैजनाथ गोस्वामी, महासचिव दुर्गादास गोस्वामी, संरक्षक अरविंद गिरि, रतिरंजन गिरि, मनीष गोस्वामी, दिलीप भारती, कुणाल गोस्वामी, अक्षय गिरि, मानस गिरि, संजय गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# डीआईजी व एसपी ने किया नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**बोकारो।** कोयला क्षेत्र बोकारो के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा एसपी पूज्य प्रकाश एवं सीआरपीएफ 26वीं बटालियन के समादेष्टा राजीव रंजन के नेतृत्व में पुलिस बल ने बोकारो जिला के सुदूर नक्सल प्रभावित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम जरकुंडा बड़की चिदरी चिलैयाटांड़ करमो करीखुर्द तिसरी कुर्कनालो लोधी दानरा चुट्टे राजडेरवा बनचतरा झुमरा पहाड़ से सटे ग्रामों में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा बलों के आवास स्थल एरिया डोमिनेशन एवं रास्तों की डी माईनिंग की गई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुल पुलिया आदि की चेकिंग की गई। ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें लोकसभा चुनाव भयमुक्त वातावरण में कराने हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया और ग्रामीणों से वोट डालने की अपील की गई। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत पदाधिकारियों व जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए तथा उन्हें लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु उत्साहित किया गया। इस अभियान में बेरमो के एसडीपीओ बीएन सिंह चतरोचट्टी के थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा एवं 154 सीआरपीएफ स्वांग डेल्टा कंपनी के पदाधिकारियों व जवानों ने भाग लिया।

## दो वर्ष से वृद्धा पेंशन को तरस रहे पीड़ित उपायुक्त को दिया आवेदन

**उधवा।** झारखंड सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना लागू किया ताकि योग्य सभी लाभुक को इसका फायदा मिल सके परंतु लाचार लाभुक ऑपरेटर को खुश नहीं कर सके इसलिए दो वर्ष से अब तक लाभुक को पेंशन राशि नही मिल पा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के दो पीड़ित लाभुक दो वर्ष ब्लॉक का चक्कर लगाने के बाद उपायुक्त को आवेदन देकर करवाई की मांग किया है साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल तथा मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को प्रेषित किया है। दरअसल प्रखंड क्षेत्र के राधानगर पंचायत के नगेन मंडल, पिता स्व० फकीर मंडल जिसकी उम्र 64 वर्ष तथा अनिल कर्मकार पिता सीमांत कर्मकार जिसकी उम्र 62 वर्ष ने उपायुक्त साहिबगंज को अलग-अलग आवेदन दिया है। आवेदन देकर बताया है कि हमलोग वृद्धापेंशन हेतु सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड पूर्ण है। इस हेतु आज से लगभग दो वर्ष पूर्व वृद्धापेंशन हेतु आवेदन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, उधवा के समक्ष दिया लेकिन आज तक मेरा पेंशन राशि नही मिला है। नागेन मंडल ने बताया कि मेरा पेंशन 01 अगस्त 2022 एवं लेखा संख्या 3292/2022-23 को स्वीकृति हो चुका है।

### पूर्व डिप्टी मेयर नीरज की हत्या के हुए 7 वर्ष

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पंकज सिंह समेत अन्य आरोपियों की कोर्ट मे पेशी

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्या के आरोप मे जेल मे बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को स्वास्थ्य खराब रहने के कारण पेश नहीं किया जा सका वहीं धनजी सिंह, डब्लू मिश्रा, संजय सिंह, पींटू सिंह, शूटर शिबू उर्फ सागर, सोनू उर्फ कुर्बान, सतीश उर्फ रोहित उर्फ चंदन एवं मास्टरमाइंड पंकज सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। सुनवाई के दौरान संजीव सिंह की ओर से एक आरटीआई आवेदन के तहत प्राप्त किए गए जवाब को दाखिल किया गया संजीव की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने अदालत में दलील देते हुए कहा कि मेजर के द्वारा आरटीआई के तहत यह जानकारी दी गई है की घटना के दिन मौके वारदात पर एक एएसआई दो हवलदार समेत चार पुलिस के जवान तैनात थे इस कागजात को बचाव पक्ष की ओर से प्रदर्श के रूप में अंकित किया जाए उभय पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने उक्त कागजात को प्रदर्श के रूप में अंकित कर लिया है।

ज्ञातव्य है कि 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर 4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे की सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

# गुरु नानक कॉलेज में विश्व कविता दिवस पर हुआ मनमोहक काव्यपाठ

### साहित्य के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के महत्व पर दिया गया जोर

खबर मंत्र संवाददाता



**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज के अंग्रेजी विभाग और रीडर्स क्लब ने मिलकर वर्ष 2024 की थीम स्टैंडिंग ऑन द शोल्डर्स ऑफ जायंट्स पर विश्व कविता दिवस मनाया। बैंक मोड़ कैंपस में आयोजित इस कार्यक्रम ने समकालीन अभिव्यक्तियों पर साहित्यिक महानुभावों के स्थायी प्रभाव को रेखांकित करते हुए कन्फेशनल कविताओं के गहन क्षेत्र में उतरने के लिए छात्रों और शिक्षकों को एकजुट किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ वर्षा सिंह ने विषय प्रवेश के साथ किया। उन्होंने काव्य परंपराओं और नवीनता की व्यावहारिक खोज के लिए मंच तैयार किया। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अमरजीत सिंह ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें काव्य विरासत का जश्न मनाने और उपस्थित लोगों के बीच साहित्य के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया गया। मनमोहक काव्य प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें मुस्कान महतो, रूपा मल्होत्रा, रितिका शर्मा, मोहम्मद सैफ, अमन वर्मा, मयंक तोमर, पायल हाजरा, खुशी सिंह, श्रेया शर्मा, हफ्सा नूर, सलोनी शेखर, अपराजिता गुप्ता और रिया सिंह शामिल थे।

प्रत्येक प्रदर्शन ने व्यक्तिगत अनुभवों और सार्वभौमिक सच्चाइयों को प्रतिबिंबित करते हुए कन्फेशनल कविता की व्याख्या प्रस्तुत करने में छात्रों ने कौशल को प्रदर्शित किया। गुरु नानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने विश्व कविता दिवस के महत्व पर बातचीत की। उन्होंने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की और साहित्यिक कलाओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. वर्षा सिंह ने कार्यक्रम का समन्वय और संकल्पना की। डॉ. रंजना दास, डॉ. नीता ओझा, प्रो. संतोष कुमार, साधना सिंह, स्नेहल गोस्वामी, घनिष्ठा वर्मा और अनुराधा कुमारी सहित सम्मानित संकाय सदस्यों ने इस आयोजन को समृद्ध बनाया।

# कार्यकर्ताओं पर बड़ी जिम्मेदारी, लक्ष्य को भेदना और 400 पार करना है : निशिकांत

## भाजपा सांसद प्रत्याशी पहुंचे पोड़ैया हाट बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गुरुवार को गोड्डा जिले के पोडैया हाट प्रखंड में सांसद और भाजपा द्वारा गोड्डा लोक सभा के घोषित प्रत्याशी डॉ निशी कांत दुबे भाजपा मंडल भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन कार्यक्रम में शरीक हुए।

उनके साथ मंच पर पूर्व मंत्री लोक सभा चुनाव प्रभारी लुइस मरांडी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई। संथाल परगना प्रभारी लोक सभा गणेश मिश्र, सतीश पाठक, पूर्व भाजपा महगामा विधायक अशोक भगत गोड्डा जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव मिश्र, जिला महासचिव कृष्ण कन्हैया, मीडिया प्रभारी बिमंत साह के साथ बड़ी संख्या में बूथ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

बूथ कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा समर्थकों ने हुंकार भरते हुए कहा कि इस चुनाव में रिकॉर्ड मतों से अपने विकास पुरुष लोकप्रिय सांसद को लोक सभा में भेजेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जन कल्याण कार्यक्रम को कोई भुला नही सकता। आजादी के पहली बार यहां की जनता को रेल की सिटी की गूंज सुनाई पड़ी है, हवाई अड्डा, एम्स अस्पताल फोर लेन सड़क, पासपोर्ट ऑफिस, भवन कई पुल और उद्योग अदानी पावर प्लांट शौचालय, पांच किलो राशन फ्री बगैर किसी भेद भाव के किसानों को 6000 प्रोत्साहन राशि के साथ अभी बड़ी बड़ी दो योजनाएं आने वाली हैं और सांसद निशिकांत दुबे जो कहते हैं पूरी करते हैं। कई नारे लगते रहे फिर इस बार मोदी सरकार, इस बार चार सौ पार। इस बार रिकॉर्ड मतों से भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत को विजई बनाएंगे।

# एसकेएमयू के मनोविज्ञान विभाग में मनाया गया विश्व डॉउन सिंड्रोम दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विष्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में गुरूवार को विश्व डॉउन सिंड्रोम दिवस मनाया। जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष सह सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया,नोडल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ शर्मा ने कहा कि डॉउन सिंड्रोम एक जैनेटिक विकार है। दूषित वातावरण व जीवन शैली इसकी संभावना की लकीरें लंबी खींच देती है। यह मानसिक मंदता का एक प्रकार है। जिसकी गंभीरता को देखते हुए 21 मार्च 2012 से संयुक्त राष्ट्र ने इसे मनाना शुरू किया। इस वर्ष का थीम 'एंड द स्टेरियोटाइप्स' रखा गया है। इस रिपोर्ट की माने तो भारत में प्रति वर्ष 30 हजार के करीब इस संलक्षण से प्रभावित बच्चे जन्म लेते है। जिस पर चर्चा बहुत कम होती है और लोगों जागरूकता नहीं के बराबर होती है। डॉ शर्मा ने कहा कि ऐसे बच्चों का बुद्धि सामान्य या औसत बच्चों के बुद्धि लब्धि 100 से कम अर्थात 70 (आईक्यू) से नीचे होता है। मानसिक लक्षणों में ऐसे बच्चे का भाषा विकास, स्मृति, प्रोब्लम सॉल्विंग, सेल्फ स्किल आदि क्षमताओं के विकास में कमी होती है। साथ गत अनुभवों से लाभ लेने में अक्षम साबित होते है। ऐसे बच्चों का समाजिकरण अच्छा रहता है। शारीरिक लक्षणों में ऐसे बच्चों का चेहरा चिपटा व चपटी नाक, सर छोटा, मुंह खुला, जीभ मोटा, आंखे छोटी एवं तिरछी, कान चिपटी व छोटा, छोटा कद, हाथ छोटा व उंगलियां छोटी व मोटी आदि होते है। मौके पर बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह गुणसूत्र के 21 वें जोड़े में गड़बड़ी का परिणाम हैं। जिस कारण इसे ट्राइजोमी कहते है। मंगोलाइड प्रजाति से मिलते जुलते होते है। उन्होंने विस्तार से जीन के डिसलोकेशन को समझाया।

## एक नजर में

### एनएसएस का शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रर्यावरण का है संरक्षण

**दुमका।** एसपी कॉलेज के बीएड के एनएसएस इकाई 12 का सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन गुरूवार को कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डॉ धन्नजय कुमार मिश्र उपस्थित थे। समापन समारोह एनएसएस लक्ष्य गीत गाकर एवं दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। समापन कार्यक्रम डॉ रंजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। समारोह में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिंह, रसायन विभागाध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश सहाय ने भाग लिया। इस अवसर पर विष्वविद्यालय समन्वयक डॉ मिश्र ने नई शिक्षा नीति में राष्ट्र सेवा योजना को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। एनएसएस इकाई 12 के द्वारा गोद लिए गए गांव करहड़बिल से जुड़े रहने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। गांव में वन पर्यावरण स्वास्थ्य शिक्षा के महत्व से अवगत कराते रहना मुख्य उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि भारत देश की आत्मा गांव की संस्कृति पर्यावरण से है। इसलिए गांव में शिक्षा जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए संस्कृति को बचाने के लिए शिक्षा के महत्व को समझाना और समझना मुख्य उद्देश्य बताया। इसलिए गांव में शिक्षा जरूरी बताया। पर्यावरण को बचाने के लिए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक निभाया और गांव के लोगों को अपने संस्कृति पर्यावरण शिक्षा के महत्व को बतलाया।

### एएन कॉलेज का सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर हुई संपन्न



दुमका। एएन कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई1,2,3 एवं 4 के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का समापन समारोह गुरूवार को आयोजित हुई। समापन समारोह में विष्वविद्यालय के एनएसएस कॉडिनेटर डॉ धनंजय कुमार मिश्रा एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। इकाई 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय कुमार पाठक एवं इकाई 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रमोद कुमार झा ने मुख्य अतिथि डॉ धन्नजय मिश्रा एवं इकाई एक के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चंपकलता कुमारी एवं इकाई तीन के पदाधिकारी प्रो राजीव रंजन सिंह प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह को शॉल एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह में मंच संचालन इकाई-5 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अनहद लाल ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस का लक्ष्य गीत सुष्मिता कुमारी, मोनी कुमारी एवं भव्या कुमारी ने गायी। स्वागत गान मोही कुमारी, रचना भारती एवं खुशी कुमारी ने गायी। स्वागत भाषण डॉ प्रमोद कुमार झा ने किया। सात दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी का डॉ संजय कुमार पाठक ने दिया। पुनः मोही कुमारी ने सात दिनों तक कार्यक्रमों में अपना अनुभव बतलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ मिश्रा ने कहा कि भारतवर्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम आदि अनेक प्रांतो में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार राशि उपलब्ध कर रहे हैं। लेकिन बिहार और झारखंड को इसलिए राशि उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। चुकी राज्य सरकार सीएनए खाता राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए नहीं खोला गया है। विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर पर तो खाता खोला गया है। आवश्यकता है राज्य सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से संपर्क कर सीएनए खाता खुलवाकर भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से समन्वय स्थापित करना। जिस कारण से एनएसएस का इन दोनों राज्य में ह्रास हो रहा है। आगामी नई शिक्षा नीति में एनएसएस पाठ्यक्रम में शामिल है। इस बात की जानकारी देते हुए एनएसएस से प्राप्त प्रमाण पत्र की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में स्वयंसेवकों एवं पदाधिकारियों के कार्य की सराहना किया किया। समारोह में डॉ उमाकांत सिंह, डॉ प्रदीप गोरी प्रदीप गोराई, डॉ कल्याण कुमार, डॉ प्रीतम प्रियेश, डॉ मुकुल सिंह आदि उपस्थित थे।

### चास रोटरी ने प्राथमिक विद्यालय चास में लगाया वाटर प्यूरीफायर



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा प्राथमिक विद्यालय स्पेशल हरिजन चास में छात्रों को साफ शुद्ध पानी उपलब्ध कराने हेतु वाटर प्यूरीफायर लगाया गया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि विद्यालय के छात्रों को अब शुद्ध जल पीने को मिलेगा। कार्यक्रम के संयोजक धनेश बंका ने कहा कि स्वच्छ पानी पीने से बच्चे स्वस्थ रहेंगे। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि स्कूल को लंबे समय से वाटर प्यूरीफायर की जरूरत थी। बैद ने कहा कि छात्र छात्राओं और शिक्षकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वाटर प्यूरीफायर लगाया गया है। विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने वाटर प्यूरीफायर के लिए रोटरी क्लब चास का आभार व्यक्त किया। चास रोटरी क्लब की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी क्लब चास का सफाई और स्वच्छता अभियान आगे भी जारी रखेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र सिंह मुकेश अग्रवाल डॉ परिंदा सिंह मंजीत सिंह बिनोद चोपड़ा गणेश महतो गौतम कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### होली त्योहार को लेकर आम नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक संपन्न



**गोड्डा।** गुरुवार को नगर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरवासी हुए शामिल, आदर्श आचार संहिता को देखते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने पर हुई वार्ता। जिसमे शराब पीने और पिलाने वालों पर डीजे की ह्दय वेधी आवाजों पर नृत्य करने वालों और हुड़दंगियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। चुनाव को लेकर अभी धारा 144 लागू रहने के कारण पांच व्यक्तियों के एक साथ इकट्ठा होने पर भी प्रतिबंध है साथ ही बिहार राज्य की सीमा से सटे चेक पोस्ट पर गहन चेकिंग होती रहेगी। दो पहिया और चार पहिया वाहनों की नियमित चेकिंग भी जारी रहेगी। शरारती, आसामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों, सोशल साइट्स पर भ्रामक समाचार या पोस्ट डालने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। बैठक में एसडीओ गोड्डा, नगर थाना प्रभारी गोड्डा, सीओ गोड्डा पुलिस निरीक्षक सदर अंचल मधुसूदन मोदक और शहर के जन प्रतिनिधियों के साथ अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधि आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### इंडियन बैंक के ब्रांच मैनेजर ने एसकेएमयू कुलपति को सौंपा चेक



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विष्वविद्यालय के दिग्घी कैंपस में स्थित इंडियन बैंक शाखा की ब्रांच मैनेजर स्वाति सिन्हा ने कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत पांच लाख रुपये का चेक सौपी। इस अवसर पर कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि यह रकम बैंक द्वारा सीएसआर के तहत दिग्घी कैंपस में खेल मैदान बनवाने के लिए दिया गया है। ज्ञात हो छात्र लंबे समय से कैंपस में खेल मैदान की मांग कर रहे थे। मैदान की कमी के कारण कैंपस में कई खेल गति प्रभावित हो रही थी। मैदान बन जाने से छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर डीएसडब्लू डॉ जैनेंद्र यादव, कुलसचिव डॉ विनय कुमार सिन्हा, वित्त पदाधिकारी डॉ विजय कुमार, प्रॉक्टर डॉ राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह और सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार उपस्थित थे। इसकी जानकारी विवि प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दिया।

### बीडीओ ने मानगो और कनारी के बूथों का निरीक्षण किया

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव को लेकर चास प्रखंड के बीडीओ प्रदीप कुमार ने मानगो और कनारी पंचायत के दो दर्जन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। तुपकाडीह स्टेशन रोड स्थित मिडिल स्कूल में वोटरों एवं मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए बिजली शौचालय पानी और किचन की व्यवस्था देखकर संतुष्ट हुए। बताया कि लोस चुनाव की घंटी बज चुकी है। ऐसे में दूर गांव से वोट देने के लिए आने वाले वोटरों के लिए मॉडल व्यवस्था करनी होगी। वोटरों को वोट देने मतदाता सूची उपलब्ध कराने का काम सभी बीएलओ करेंगे। शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन के द्वारा पुलिस व दंडाधिकारी तो रहेंगे ही उनके साथ सामाजिक लोगों का भी साथ मिले तो बेहतर होगा। मौके पर उप मुखिया राजू महतो स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं व सभी बीएलओ मौजूद रहे।

### जेपीपीएल फाइनल क्रिकेट मैच में जरीडीह लायंस ने जमाया कब्जा



बेरमो। जारीडीह बाजार पश्चिमी पंचायत स्थित कपसा बाबा के समीप ग्राउंड में चल रहा है जीपीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जरीडीह वॉरियर ने 126 रेनो का लच्छ रखा जवाबी पारी खेलते हुए एक गेंद शेष रहते हुए शेखर की धमाकेदार 23 बॉल पर 54 की पारी खेलते हुए जरीडीह लायंस के टीम ने अपनी जीत दर्ज कराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया वही विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को समाज सेवी सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल जरीडीह पश्चिमी पंचायत के मुखिया देवंती देवी डा मनीष कुमार उप मुखिया वार्ड सदस्य सहित कई गन्यमान लोग उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नशा कारोबारी और अपराधियों को नियंत्रित करने की दिशा में प्रयास जारी रहेगा : एसडीपीओ गोड्डा

**एक वैन से 45 कार्टून विदेशी शराब और चार नशा के कारोबारियो को ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने धर दबोचा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना की गुप्त सूचना तंत्र और निर्देश पर पुलिस अधिकारियों द्वारा त्वरित कारवाई और अनुपालन की वजह से गोड्डा में नशेडियों, नशे के कारोबारियों पर एक मुहिम चला रखी है और गुरुवार को एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने नगर थाना गोड्डा में एक प्रेस वार्ता के दौरान नशे के कारोबार में लिप्त कई नशे के कारोबारियो की गिरफ्तारी के साथ ब्राउन शुगर और कई शराब की पेटियां जप्त करने की सूचना देते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। अपराध की संजीवनी और उर्वरा शक्ति है नशाखोरी। नशे की आधारशिला पर ही भयंकर अपराधों के भवन तैयार होते हैं प्रायः कई कांडों में ऐसा देखा गया है कि पहले नशे खोरी के लिए एक समूह में एक जगह एकत्रित होकर नशे का सेवन करते हैं और संगठित होकर फिर अपराधों को अंजाम देते हैं। नशा पीड़ित पक्ष और शोषक वर्ग (अपराधियों) दोनो मिल कर भी अपराध को आमंत्रण देने का कार्य करते हैं। नशा पिला कर किसी व्यक्ति की हत्या करना, लूट पाट डकैती करना और नशे में आकर किसी भयानक अपराधों को जन्म देने की योजना और योजना पर क्रियान्वयन करना। दोनो नशे के गिरफ्त में होते हैं। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना ने अपराध नियंत्रण की दिशा में कुछ ठोस कदम उठाते हुए नशा और अपराधियों की जुगलबंदियों को तोड़ने का निर्देश दिया है जिसके परिणाम स्वरूप जिले के अंदर प्रायः शराब की बोतलों से भरी वेन, कार मोटर साइकिल, कभी कभी माल भरे ट्रक में भी शराब की पेटियां अंडे की तरह निकलने लगती है ।बड़ी तेजी से इन नशे के व्यापारियों तक गोड्डा पुलिस पहुंचने का कार्य कर रही है। नशे में कम उम्र के स्कूली बच्चे, युवा और कुछ शराब पीकर दादा गिरी करने वाले कुछ लोग शांति व्यवस्था को भंग करते हैं छोटे छोटे अपराध भी इनके द्वारा कराया जाता है मोबाइल और मोटर साइकिल चोरी में इनकी भूमिका अहम रहती है, पूर्व में कई बार ये पकड़े भी गए हैं अल्प वयस्क होने के कारण इन्हें बाल सुधार गृह भेजा जाता है लेकिन फिर उसी कार्य में संलिप्त हो जाते हैं। मिली गुप्त सूचना के आधार पर दुमका रामगढ़ रोड पर तियो डीह के पास एक वैन सहित कुल 45 कार्टून अंग्रेजी शराब के लेबल लगें हुए शराब जब्त कर थाना लाया गया चालक भागने में सफल रहा उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापे मारी की जा रही है। दूसरी घटना ब्राउन शुगर के कारोबार करने वाले कुछ युवक भी गुप्त सूचना के आधार पर चार युवकों को सरौटिया ग्राम से पुलिस ने धर दबोचे।

उनके पास से 63.45 ग्राम ब्राउन शुगर, सिगरेट, माचिस ,डिजिटल तराजू जब्त किए गए विकास हजारी उम्र 24 वर्ष पिता उत्पल हजारी ग्राम सरौतिया थाना नगर गोड्डा ,राजन कुमार उम्र 29 वर्ष पिता लोचन साह ग्राम कसबा मोहन पुर हाल वसिंदा नहर चौक गोड्डा ,दीपक कुमार त्यागी और अंशुल कुमार दोनो सरकंडा और फसिया डंगाल गोड्डा निवासी थे। चारो को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। इस छापेमारी दल में कुमार गौरव डीएसपी प्रशिक्षु गोड्डा, पुलिस निरीक्षक सदर अंचल मधुसूदन मोदक, गोड्डा नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, संजय कुमार और गौरव कुमार नगर थाना शामिल थे।

# प्रशिक्षु आइएएस प्रांजल के नेतृत्व में बंद पड़े क्रेशर प्लांटों की हुई जांच




खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चल रहे क्रेशर प्लांटों की गुरुवार को प्रशिक्षु आईएएस प्रांजल टांडा के नेतृत्व में गठित जांच टीम के द्वारा शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में वर्तमान में संचालित एवं बंद पड़े क्रेशरो की जांच की गई। जांच के दौरान टीम को कई क्रेशरो में अनियमितता देखने को मिली, मकड़ा पहाड़ी एवं सरसडंगाल मौज में जांच टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी, उसके पश्चात ग्राम प्रधान एंव अमीन के सहयोग से क्रेशरो की प्लाट नंबरों का सत्यापन किया गया। वहीं हरिपुर मौज स्थित कई क्रेशर में बड़े पैमाने पर अनियमितता देखने को मिली। सीपीएस कंपनी के कर्मचारियों ने गेट को बंद कर दिया था। बगल का चदरा खोल कर अंदर गए। मौके पर कंपनी के व्यवहार से भड़के अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार ने अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर को प्लॉट की जमीन टीम गठित कर सत्यापन करने का निर्देश दिया। रचना राजा प्राइवेट लि के मैनेजर ने जब मालिक से बात कराया तो मालिक ने अधिकारियों को बताया कि दुमका के निकट रामपुर में उसका कार्यालय है वहीं से पत्थर चिप्स लदे ट्रैकों को माइनिंग का परिवहन चालान दिया जाता है। उसके पश्चात टीम द्वारा पिनरगड़िया मौज में चल रहे क्रेशरो की जांच की गई। मौके पर नाजिश राणा, एसडीपीओ विजय कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक हरिप्रसाद साह व पुलिस बल मौजूद थे।

# निदेशक सीवीसी को पत्र लिख कथारा के असैनिक विभाग के कार्यप्रणाली की दी जानकारी, जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** सीवीसी के निदेशक को पत्र लिखकर सीसीएल कथारा क्षेत्र के स्वांग क्षेत्र में असैनिक विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य में गुणवत्ता की कसौटी की जांच की मांग की गयी है। सीवीसी को लिखे उक्त पत्र में विभिन्न कार्यो का एवार्ड नंबर दर्शाकर गुणवत्ता के पैमाने में कसौटीयुक्त नही होने की बात कही गई है। स्वांग के विजय सिंह सहित पांच व्यक्तियों के हस्ताक्षर युक्त उक्त पत्र में सतर्कता विभाग के निदेशक को जानकारी दी गयी है कि जिस प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। वे न सिर्फ कसौटी पर खरे उतरने के काबिल नही है बल्कि कई ऐसे चीजो का उन कार्यो में समावेश है। जो विल्कुल भी नही होना चाहिए। उक्त कार्यो ने एक ओर जहां 40एमएम का फ्लोरिंग का काम 20एमएम गिट्टी से किया जाना चाहिए था वहां 10एमएम की गिट्टी से 20एमएम का फ्लोरिंग का काम हुआ है। वही जिस स्थान पर सीपीवीसी/यूपीवीसी पाईप लगाया जाना था वहां काला पाईप बंडल वाला लगाया गया था। इसी प्रकार आवास में लगाए जाने वाले दरवाजा की गुणवत्ता ठीक नही होने, पुराने दरवाजा को विभागीय स्टोर में जमा नही कराकर बाहर के बाजार में बेच दिए जाने की बात कही गई है। हैरत की बात है कि असैनिक विभाग द्वारा दो वर्ष में कालौनी में झाडू 7 सौ 30 दिन कराने का प्रवधान की ओर इंगित करते हुए इसे सरासर लूट का खेल बताया गया है। पत्र में सिंह ने लिखा है कि वर्ष में 3 सौ 65 दिन होता है। इसमें बारिश का मौसम करीब 3-4 माह रहता है। वर्ष में करीब 52 रविवार का दिन होता है, वही 17-18 पेड़ होली डे रहता है। इनदिनों में छुट्टी और बारिश के मौसम की वजह से विल्कुल काम नही हो सकता है। पत्र में आवेदकों ने सीवीसी के अधिकारियों से किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराए जाने की मांग करते हुए जांच रिपोर्ट के आने तक उक्त कार्यो के बिल की निकासी पर रोक लगाने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह, सीसीएल के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी, क्षेत्र के स्टॉफ अफसर असैनिक और क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक को भी भेजने का कार्य किया गया है।

# बेरमो : श्री श्याम महोत्सव के अवसर पर भजन संध्या का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के शास्त्री नगर मे बुधवार की देर रात समाजसेवी द्वारिका प्रसाद बंसल के आवास में श्री श्याम महोत्सव के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। यहां भजन में कटिहार के गायक धीरज सिंह राजपूत, सरिया से स्नेहल सोनी, जरीडीह बाजार से आये दलजीत सिंह सहित पंकज मिश्रा, सोनी कुमारी ने एक से बढ़कर एक भजन व फागुन गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। भजन गायको व गायिको ने 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे श्याम आएंगे... श्याम आएंगे तो अंगना सजाएंगे...,' 'आज ब्रज में होरी है रे रसिया....' 'मत मारो श्याम मोए पिचकारी....आदि भजन प्रस्तुत कर देर रात तक लोगों को झुमाया। मौके पर श्याम भक्तों ने फूलों की होली खेली। पुजारी संतोष दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराया। मौके पर आयोजक द्वारिका प्रसाद बंसल, छित्तरमल बंसल, मातादीन अग्रवाल, सूरज मित्तल, रिम्पी बंसल, डॉली बंसल, बल्लभ दास राठी, जुगल किशोर अग्रवाल, प्रेमराज गोयल, आनंद गोयल, अनिल अग्रवाल, अमर चांडक, हरिकिशन अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, छीतरमल बंसल, राजकुमार बंसल, रवि बंसल, ऋतिक बंसल, चंदन अग्रवाल, शंभू यादव, राजेंद्र, भवानी अग्रवाल, विजय अग्रवाल, पवन, प्रकाश राईका, सुशांत राईका, विकास, मनोज अग्रवाल, जगदीश गोयल, वरुण राठी, सोनू अग्रवाल, नेमीचंद गोयल, अजय गोयल, उमेश चौधरी, पंकज मित्तल, अनूप खेतान, निशांत राईका, मनोज खेतान, मानिक मित्तल, संतोष मित्तल, चंदू, विजय अग्रवाल, चुन्नू सिंह, अरुण सिंह, विजय सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# डीवीसी चंद्रपुरा द्वारा आयोजित हिन्दी कार्यशाला हुई संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा आयोजित राजभाषा कार्यशाला तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हो गयी। मौके पर वरिष्ठ जीएम मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि हिन्दी में कार्य करने के लिए डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करना चाहिए। हम सभी को कार्यालयीय कार्य करने के लिए हिन्दी का ही प्रयोग करना चाहिए। वरिष्ठ जीएम प्रवेश साह ने कहा कि हमें कार्यालय कार्य में भी हिन्दी का उपयोग कर हमें इसकी उपयोगिता का लाभ उठाने की जरूरत है। वरिष्ठ प्रबंधक नवीन कुमार प्रजापति ने विस्तृत प्रकाश डालते हुए हिन्दी के महत्व की व्याख्या की समारोह का संचालन हिन्दी अधिकारी रवि सिन्हा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह जीएम अभिजीत घोष डीजीएम कुमार मानवेंद्र प्रियदर्शी संजीव कुमार डॉ पीके घोष राजीव रंजन ओझा एलपी गुप्ता राज कुमार चौधरी महावीर ठाकुर हरि मुकुंद प्रजापति दिलीप कुमार इकरामुल आदि मौजूद थे।

# मतबूत होता विपक्ष


लगभग डेढ़ वर्षों के प्रयासों के बाद देश के सियासी परिदृश्य में एक ऐसा मजबूत प्रतिपक्ष अंततः खड़ा नजर आ रहा है जो अपने बुलन्द हौसलों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के साथ मतदाताओं के समक्ष उपस्थित है। पक्षपातपूर्ण तरीके से बनाये गये चुनावी कार्यक्रम, केन्द्रीय जांच एजेंसियों की विरोधी दल के नेताओं पर छापेमारी, प्रचार में माहिर आईटी सेल, संसाधनों की कमी जैसे तमाम अवरोधों की चिंता किये बिना एक ऐसा एकजुट विपक्ष सामने आया है जो भयमुक्त है। यही इसकी ताकत है। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व में उसने राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक न्याय का जो विमर्श रचा है, वही उसका संदेश है। दो दर्जन से अधिक राजनीतिक संगठनों से बने संयुक्त प्रतिपक्ष की जो ताकत है उसमें देश के 60 प्रतिशत मतदाताओं का समावेश है। देखना यह होगा कि क्या कार्यकताओं व समर्थकों की सामूहिक ताकत इस संदेश को लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंचा सकेगी और उसे वोटों में तब्दील कर सकेगी। 18वीं लोकसभा में बैठने की व्यवस्था कैसी होगी- यह सारा कुछ इसी प्रयत्न पर निर्भर करेगा। मुंबई की रैली न केवल संयुक्त विपक्ष का आभास देती है वरन वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाला मंच भी दिखलाई देता है। इसका विस्तार धुर उत्तर के जम्मू-कश्मीर से लेकर दक्षिण भारत के अंतिम छोर यानी तमिलनाडु तक और पूर्वी राज्य बिहार व झारखंड से लेकर पश्चिम के महाराष्ट्र तक का है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घायल होने के कारण अनुपस्थित थीं तो वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव बीमार होने के कारण नहीं आये। निश्चित ही मात्र 37 प्रतिशत मत के सहारे सत्ता में आई भाजपा नीत गठबंधन को कड़ी चुनौती मिलेगी यह तय है। 400 पार का चुनावी नारा के सामने कांग्रेस गठबंधन पूरी ताकत से खड़ा है।

# फिर एक बार पुतिन

एक बार फिर ब्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। वे पांचवीं बार राष्ट्रपति बने हैं। जो बताता है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज्य है। वैसे खुफिया एजेंसी प्रमुख से लेकर राष्ट्रपति बनने तक पुतिन की निरंकुश सत्ता लगातार परवान चढ़ती रही है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लायी गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। शासन, चुनाव तंत्र और मीडिया पर वर्चस्व रखने वाले पुतिन ने अपनी सुविधा का लोकतंत्र गढ़ा। यही वजह है कि पांचवीं बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे पुतिन का राष्ट्रपति बनना अटल सत्य था। उनके सामने जो तीन उम्मीदवार थे, कहा जाता है कि उन्हें क्रेमलिन की ओर से ही खड़ा किया गया था। वे पुतिन की तारीफ में कसीदे पढ़ते देखे गए। वह बात अलग है कि कुल वोट का 87 फीसदी हिस्सा मिलने के बाद पुतिन ने कहा कि रूसी लोकतंत्र कई पश्चिमी देशों के लोकतंत्र से ज्यादा सशक्त है। वे उनके सशक्त विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की हालिया संदिग्ध मौत को इसी कड़ी का हिस्सा बताते हैं। नवेलनी समर्थकों ने रूस के शहरों व पश्चिमी देशों में रूसी दूतावासों के बाहर विरोध स्वरूप प्रतीकात्मक रूप से मतदान किया। उनका मानना रहा है कि रूस में एक भी प्रत्याशी ऐसा नहीं था, जिसकी विश्वसनीयता मानी जा सके। वहीं पश्चिमी देश कुछ लोगों की गिरफ्तारी का भी आरोप लगाते हुए कहते हैं कि चुनाव स्वतंत्र, पारदर्शी व निष्पक्ष नहीं रहा। दूसरी ओर जर्मनी जहां इन चुनावों को सेंसरशिप के बीच छद्म चुनाव बता रहा है,वहीं ब्रिटेन का आरोप है कि रूस द्वारा यूक्रेन के अधिकृत इलाकों में अवैधानिक तरीके से चुनाव कराए गए।

# पानी की कमी से विकास थम सकता है





-योगेश गोयल

> हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है।

प्रतिवर्ष 22 मार्च को दुनियाभर में लोगों में जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, बेंगलुरु जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसी वजह से कुछ वर्ष पूर्व विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च के ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल शक्ति अभियानः कैच द रेन की शुरूआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था ह्यजहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।

एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाए तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरुकता नहीं दिखती। भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है। दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्त्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं।

देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है। भारत में पानी की कमी का संकट लगातार किस कदर गहरा रहा है, इसका अनुमान सरकार द्वारा संसद में दी गई उस जानकारी से भी लगाया जा सकता है, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2001 और 2011 में भारत में जल उपलब्धता प्रति व्यक्ति क्रमशः 1816 और 1545 घन मीटर थी, जो अब 1480 घन मीटर से भी कम रह जाने का अनुमान है। ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्र पुस्तक के मुताबिक भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन किए जाने का ही नतीजा है कि कई शहरों में भू-जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। नीति आयोग यह चेतावनी दे चुका है कि देश के 21 बड़े शहरों में भू-जल का स्तर आने वाले समय में शून्य तक पहुंच सकता है।

जल संकट गहराने के पीछे नदियों तथा जलाशयों के सही रखरखाव का अभाव और उनका अतिक्रमण भी कुछ अहम कारणों में शामिल हैं। देश की अधिकांश आबादी दूषित पेयजल का सेवन करने पर विवश है। भू-जल बोर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 1990 के बाद से भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है और यदि भू-जल स्तर इसी रफ्तार से घटता गया तो बहुत अधिक गहराई से जो पानी निकाला जाएगा, वह पीने लायक नहीं होगा क्योंकि उसमें आर्सेनिक तथा फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण बीमारियां बढ़ेंगी। देशभर में कृषि, उद्योग तथा दैनिक क्रियाकलापों की करीबन अस्सी फीसदी जरूरतें जमीन पर तथा उसके भीतर उपलब्ध पानी से ही पूरी की जाती हैं। बहरहाल, जल संकट से निजात पाने के लिए बेहद जरूरी है कि पानी के सीमित एवं समुचित उपयोग के लिए जागरुकता बढ़ाने पर जोर देते हुए लोगों में पानी बचाने की आदतें विकसित करने के प्रयास किए जाएं, साथ ही वर्षा जल का संचय किए जाने के भी हरसंभव प्रयास हों। वर्षा जल संचय के लिए नदियों और जलाशयों की हालत सुधारकर इनकी जल संग्रह क्षमता को बढ़ाना और भू-जल स्तर को बढ़ाने वाली जगहों को ठीक करना बेहद जरूरी है। भारत में पेयजल संकट के समाधान के लिए ह्यजल शक्ति मंत्रालयह्न का गठन किया गया, जिसके तहत सभी घरों में नलों से पानी उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंफ्रॉस्ट्रक्चर बनाने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन सवाल यही है कि अगर भू-जल का स्तर इसी तरह नीचे जाता रहा और पेजयल संकट ऐसे ही गहराता रहा तो इन नलों में पानी कहां से आएगा और कैसे घर-घर तक पहुंचेगा? इसलिए बेहद जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक को पानी के महत्व का अहसास कराया जाए।

## खास बात

# मिशाल हैं सोनू सूद

**रेणु ठाकुर**

**मनी** कंट्रोल रिपोर्ट के अनुसार अभिनेता सोनू सूद ने जरूरतमंदों की मदद के लिए धन जुटाने के लिए मुंबई में आठ संपत्तियों को गिरवी रखा है। इस साल सोनू के मानवीय कार्यों की देश भर के लोगों ने सराहना की है और अभिनेता यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनकी मदद ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

रिपोर्ट के अनुसार, सोनू सूद ने जुहू में 10 करोड़ रुपये का कर्ज लेने के लिए आठ संपत्तियों को गिरवी रखा। अभिनेता ने राशि जुटाने के लिए दो दुकानों और छह फ्लैटों को गिरवी रख दिया। मनी कंट्रोल द्वारा एक्सेस किए गए दस्तावेजों के अनुसार, समझौते पर 15 सितंबर को हस्ताक्षर किए गए थे और पंजीकरण 24 नवंबर को किया गया था। ऋण उठाने के लिए 5 लाख रुपये का शुल्क अदा किया गया था।

हालांकि इन प्रीमियम संपत्तियों को अभिनेता और उनकी पत्नी के स्वामित्व में रखा जाएगा और उन्हें मासिक किराए पर प्राप्त करना जारी रहेगा, उन्हें 10 करोड़ रुपये के ऋण के लिए ब्याज और मूलधन का भुगतान करना पड़ सकता है। इस बात की अभी तक सोनू सूद ने कोई पुष्टि नहीं की है।


मार्च में, जब सरकार ने देश में चल रहे कोरोनोवायरस महामारी के कारण देशव्यापी तालाबंदी लागू कर दी, तो प्रवासी कामगारों को घर वापस जाने के लिए कोई पैसा या साधन नहीं बचा। तब सोनू सूद उनके बचाव में आए। उन्होंने दिहाड़ी मजदूरों को उनके घरों में वापस पहुंचाने के लिए चार्टर्ड उड़ानों, बसों और ट्रेनों की व्यवस्था की।

जरूरतमंदों की मदद करने के उनके अविश्वसनीय प्रयास के कारण अभिनेता को 'प्रवासियों का मसीहा' कहा गया है। चूंकि कई लोगों ने महामारी के दौरान अपनी आय के साधन खो दिए हैं, इसलिए उन्होंने उन्हें आय का एक वैकल्पिक स्रोत भी प्रदान किया। हर दिन सोनू सूद को सैकड़ों पत्र मिलते हैं जो उनसे मदद मांगते हैं। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इन पत्रों की एक तस्वीर साझा की थी और लिखा, हेल्प मेल्स जो मुझे हर दिन मिलती है। काश दर्जनों सोनू सूद हमारे बीच होते।

**रजिस्टर्ड** वोटर्स की संख्या लगभग 97 करोड़ है
बारह राज्यों में महिला मतदाताओं का अनुपात पुरुष से अधिक है
1.82 करोड़ मतदाता पहली बार वोट डालने वाले हैं
चुनाव को लेकर 27 ऐप्स और पोर्टल बनाए गए हैं.
**– निशा उरांव, डायरेक्टर, पंचायत राज झारखंड**

## आपके ट्वीट

**भगवत्प्राप्ति** के अनेक उपादानों में से सेवा और ईष्ट के प्रति सर्वतोभावेन समर्पण ही श्रेष्ठ साधन माने गए हैं। सेवा-समर्पण के बिना कर्तापन का अभिमान, कृतघ्नता व दोषदृष्टि से निवृत्ति संभव नहीं है।
**– अवधेशानंद गिरी**





**महात्मा** गांधी जी का सपना था कि देश के गांव सशक्त बनें। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने पंचायती राज प्रणाली को लाकर वो सपना साकार किया।
**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

# वैराग्य प्राप्त होने से आस्था जागती है

## धर्म

**स्वामी निरंजनन्द सरस्वती**

**यह** अहंकार है जो इस मजबूत इच्छा को पैदा करता है, जिससे एक जुनूनी व्यक्तित्व की ओर जाता है। ऐसा होता है कि ऐसा हो रहा है पता भी नहीं चलता है, लेकिन करंट इतना मजबूत है कि हम चूस जाते हैं और खुद को इससे मुक्त नहीं कर पाते। मन भौतिक, इन्द्रिय, इन्द्रिय जगत की ओर आकर्षित होता है; वह सदा उसी की ओर बढ़ता रहता है। तो हम क्या करते हैं? भगवद गीता में, श्रीकृष्ण अर्जुन को इस गहन और जुनूनी आकर्षण या इच्छा को पार करने की विधि बताते हैं। वह जिस विधि का वर्णन करता है वह वैराग्य है, जागरूकता या धारणा का भौतिक आयाम से किसी और चीज में स्थानांतरण। विचार बहुत सरल है और अभ्यास भी बहुत सरल है, लेकिन हमारा अहंकार संघ भय और असुरक्षा का कारण बनता है, और पूछता है, ₹मुझे इसे क्यों छोड़ना होगा? मुझे यह क्यों छोड़ना होगा? अगर मैं कुछ छोड़ जाऊ तो मेरा क्या हाल होगा? ₹वास्तव में, त्याग की अवधारणा हमेशा चीजों को पीछे छोड़ने से जुड़ी रही है, जबकि संस्कार की अवधारणा एक आकर्षण से दूसरे के प्रति जागरूकता के विस्थापन से जुड़ी है। हम क्या करते हैं? हम अपनी जागरूकता को आध्यात्मिक अनुभव के आयाम में स्थानांतरित करते हैं।

पतंजली राज्य के योग सूत्र स्पष्ट रूप से बताते हैं कि जब मन वस्तु की लालसा से मुक्त हो जाता है और साक्षी का मनोभाव विकसित होता है तो वैराग्य की प्राप्ति होती है। यह दुगुना हैः सांसारिक और पारस्थ। सांसारिक स्तर पर, इन्द्रियों और मन के आकर्षण के संबंध में वैराग्य होता है, इतना कि आप उन चीजों की इच्छा भी नहीं करते जो आप देखते, सुनते, स्वाद, महसूस करते या गंध करते हैं। पारमुखी आयाम पर, यह तब होता है जब हम प्रबुद्ध होने की इच्छा के बारे में जानते हैं।

जब हम ध्यान करते हैं, तो ऐसे समय होते हैं जब हमारे पास शानदार दृश्य या अनुभव होते हैं और हम बाद के अभ्यास में इस अनुभव को दोहराना चाहते हैं।

कभी-कभी हमारे पास देवताओं, गुरु या देवदूतों के दर्शन होते हैं और हमें उस अनुभव से बेहद प्यार होता है। हमें लगता है कि इस तरह के दृश्य बताते हैं कि हम बहुत तेजी से प्रगति कर रहे हैं, विकसित हो रहे हैं और आध्यात्मिक बन रहे फिर कुछ समय बाद हमें पता चलता है कि कोई दृश्य नहीं आ रहा है और हम सोचने लगते हैं, ₹क्या मैं जो प्रयास कर रहा हूं वह सही है या गलत? क्या यह उचित है ? क्या मुझे यह करना चाहिए? ₹दो सींगों वाले राक्षस को सिर से उगते हुए देखें तो हम सोचने लगते हैं, ₹क्या मैं अपनी आध्यात्मिक यात्रा में पीछे हट गया हूँ? ₹ध्यान में भी अपेक्षाएं होती हैं। ध्यान में भी अनुभव के एक विशेष क्षेत्र की अस्वीकृति होती है। यदि हम कुछ अनुभवों को अस्वीकार कर देते हैं और बेहतर अनुभवों की प्रतीक्षा करते हैं, तो ध्यान हमें बहुत दूर नहीं ले जाएगा, क्योंकि एक तरफ हम किसी सुंदर चीज से जुड़े होते हैं जो हमारे अपने मन की रचना है, और दूसरी तरफ हम अस्वीकार कर देते हैं और एक छाप से बचते हैं या अनुभव जो हमारे मन की रचना भी है। तो यहाँ ध्यान ने हमें विफल नहीं किया है, हम खुद असफल हुए हैं। हमें प्रयास करते रहना चाहिए और इसे गुरु की कृपा समझ लेना चाहिए, और शायद एक दिन हम सफल हो जाएं।

लगाव और आकर्षण, राग, और अस्वीकृति, द्वेश, मानव व्यक्तित्व की प्राकृतिक विशेषता है। वैराग्य आंतरिक प्रक्रिया की समझ और जागरूकता की ओर जाता है जो हमें जीवन की सुंदरता का एहसास कराता है और बदसूरत को अस्वीकार करता है। जबकि योग कहता है, जो हो रहा है उसके बारे में जागरूक बनो। (रिखिया आश्रम देवघर)

# अहंकार से रहें दूर

## विचार-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**स्वांसों** का प्रसाद देने वाला परमात्मा सभी के हृदय में विराजमान है और बहुत ही नजदीक है। लेकिन इंसान को उसकी खुशबू क्यों नहीं आती क्योंकि इंसान स्वयं और अपने हृदय से बहुत दूर रहता है। जब शीशू रोता है तो ममतामयी प्यारी मां उसे अपने आंचल में ले लेती है और उसी पल शीशू को अपनी मां की खुशबू मिल जाती है। तब वह बिल्कुल शांत हो जाता है। उसके होठों पर मधुर मुस्कान आ जाती है और शरीर का रोआं रोआं खिल जाता है। इसी प्रकार परमात्मा स्वांसों की छड़ी से छूकर हमें हर पल अपने पास बुलाता है। लेकिन इंसान अपने अहंकार और स्वयं से दूरी के वशीभूत इसे पहचान नहीं पाता। सच्चा प्रेम ऐसा होना चाहिए कि अभ्यास के समय आंखों में अपने आप आंसू निकलना शुरू हो जाएं। जिस प्रकार बच्चे की कोई मांग या आकांक्षा नहीं होती बल्कि मां स्वयं उसे दे देती है इसी प्रकार आप भी किसी प्रकार की कोई आकांक्षा या मांग न रखें।

परमात्मा का आपके भीतर हृदय में विराजमान होना ही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उनसे कुछ मांगना नहीं पड़ता। अभ्यास से जैसे ही परमात्मा का सानिध्य मिलता है तो व्यक्ति को सब कुछ अपने आप मिल जाता है।

जैसे फूल के पास जाओ खुशबू अपने आप ही मिलने लगती है उसी प्रकार परमात्मा के सानिध्य में शांति की खुशबू अपने आप मिलना शुरू हो जाती है। वो इतना परम दयालु है कि बच्चा मां के गर्भ से बाहर बाद में आता है लेकिन उसके भोजन के लिए मां का आंचल पहले ही दूध से भर देता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### लकीर की फकीर

**आत्मविश्वास** खो चुकी कांग्रेस अब भी अस्तित्व पर पड़े संकट को गंभीरता से न लेकर लकीर की फकीर बनी हुई है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को आत्मविश्लेषण की जरूरत है। नेताओं का महत्व समझना होगा और उन्हें सम्मान भी देना होगा। जो नेहरू परिवार और कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के लिए भी सुखद स्थिति नहीं होगी।

**-रवि, रांची**

### अच्छा विचार

**लोकसभा** और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराने का विचार अच्छा है। एक लोकसभा सीट का चुनाव करवाने में 70 हजार शासकीय कर्मचारी अधिकारियों को ड्यूटी पर लगाना पड़ता है। साथ ही सभी विभागों के कर्मचारियों की एमरजेंसी ड्यूटी लगाई जाने से भी स्कूलों सहित सभी विभागों का कार्य चुनाव संपन्न होने तक ठप्प हो जाता है।

**– सुभाष सिंह, जमशेदपुर**

# आखिर इलेक्टोरल बॉन्ड को क्यों छुपाना चाहती है सरकार

## सामयिक

भाजपा शासन में 2018 में लाई गई चुनावी बॉड योजना पर शुरूआत से सवाल उठे, इसे रिश्वतखोरी का नया तरीका बताया गया। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले महीने 15 फरवरी को चुनावी या इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि ये संविधान के तहत सूचना के अधिकार, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।

चुनावी बॉन्ड के काम में संलग्न एकमात्र बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को अदालत ने निर्देश दिया था कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड के बारे में सारी जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग के सामने पेश करे। इस आदेश का मकसद यह था कि आने वाले आम चुनावों के पहले जनता को यह पता चले कि किस राजनैतिक दल को कितना चंदा अब तक मिला है और किन लोगों या किन कारोबारी घराने ने कितने की रकम चुनावी बॉन्ड्स के जरिए राजनैतिक दलों को दी है। शीर्ष अदालत के इस आदेश को खास तौर पर भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया था, क्योंकि देश में इस वक्त सबसे अधिक धन भाजपा के ही पास है। लेकिन चुनावी बॉड में गोपनीयता के नियम के कारण अब तक यह खुलासा नहीं हो पाया था कि भाजपा को किन लोगों से कितना धन मिला और इस चंदे के एवज में सरकार से उन लोगों को कोई विशेष लाभ दिया गया या नहीं।

भाजपा सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड पर जो अधिसूचना जारी की थी, उसके क्लॉज 7 (4) में यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि अधिकृत बैंक हर सूरत में इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदार की जानकारी को गोपनीय रखे। सरकार का कहना था कि इस तरह चंदा देने वाले को राजनैतिक दलों के प्रतिशोध से बचाया जा सकेगा। यानी यह पहले ही मान लिया गया था कि किसी राजनैतिक दल की विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए कोई चंदा नहीं देगा, बल्कि चंदे के बदले फायदा हासिल करने के लिए दिया जाएगा।

बहरहाल, शीर्ष अदालत के आदेश के बाद यह माना जा रहा था कि अब चुनाव से पहले ही चुनावी बॉन्ड खरीदारों की जानकारी सामने आ जाएगी और इस पर भाजपा ने चुनाव में पारदर्शिता या ईमानदारी के जितने भी तर्क दिए हैं, उनकी परख भी हो जाएगी। लेकिन एसबीआई ने छह तारीख की समय सीमा पूरी होने से पहले ही सर्वोच्च न्यायालय में अर्जी दाखिल कर कहा है कि चुनावी बॉन्ड के मामले में जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त दिया जाए।अर्जी में कहा गया है कि 12 अप्रैल 2019 से लेकर 15 फरवरी 2024 के बीच 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड जारी किए गए हैं। यह बॉन्ड अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों को चंदे के लिए जारी हुए हैं। बैंक का यह भी कहना है कि देश की अलग-अलग 29 शाखाओं में बॉन्ड खरीदे और भुनाए गए हैं। खरीदार का नाम, बॉन्ड खरीदने की तारीख, जारी करने की शाखा, बॉन्ड की कीमत और बॉन्ड की संख्या, इन सबका आंकड़ा किसी सेंट्रल सिस्टम में नहीं हैं। गोपनीयता के कारण बॉन्ड जारी करने से संबंधित डेटा और बॉन्ड को भुनाने से संबंधित डेटा दोनों को दो अलग-अलग जगहों में रखा गया, इसका कोई सेंट्रल डेटाबेस नहीं रखा गया और अब ये सब मुंबई में बैंक की मुख्य शाखा में एक साथ स्टोर किया गया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी प्रमाणों के उजागर होने और सत्य होने का प्रमाण पत्र भी एसबीआई दे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


स्पीड न्यूज़

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार ने गुरुवार को कार्यालय में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## सिसोदिया ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



रामगढ़। बसंत बिहार कॉलोनी निवासी दीपक सिसोदिया ने गुरुवार को उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल कॉलोनी नईसराय महतो टोला की सरकारी भूमि को भू माफिया द्वारा बार बार बेचे जाने का प्रयास किया जा रहा है। सिसोदिया ने बताया कि उक्त भूखंड की कई डिसमिल भूमि को भू माफिया बेचने में सफल भी हो गए हैं। बेची गई भूमि पर चहारदीवारी भी हो गई है। दीपक सिसोदिया ने उपायुक्त से मामले की जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## अग्रसेन स्कूल में 300 छात्रों की हुयी जांच



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को करीब 300 छात्र ने जांच कराया। प्रबंधन ने बताया कि भारत सरकार के यूडायस प्लस पोर्टल पर विद्यार्थियों का हाइट, वेट और ब्लड ग्रुप दर्ज करना अनिवार्य हो गया है। हाइट और वेट विद्यालय अपने रूटीन के अनुसार लेते रहते हैं। जबकि ज्यादातर बच्चों का ब्लड ग्रुप ज्ञात नहीं होता है। इसलिए वर्तमान में लगभग सारे स्कूलों के विद्यार्थी विभिन्न पैथोलॉजी लैब में निर्धारित शुल्क देकर ब्लड ग्रुप जांच करा रहे हैं। शिविर को सफल बनाने में मुकेश कुमार, डॉ रागिनी शुक्ला और स्कूल के शिक्षक योगदान दे रहे हैं।

## जेपी पटेल को आकाश ने दी बधाई



कुजू। मांडू भाजपा विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष आकाश ओझा ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि पटेल के कांग्रेस में आने से हम सभी युवा कार्यकर्ताओं के अंदर एक नई ऊर्जा आयी है। उनके मार्ग दर्शन में कार्यकर्ता संगठन को आगे ले जायेंगे।

## श्री गुरु सिंह सभा के सचिव बने तजेंद्र

भुरकुंडा (रामगढ़)। मेन रोड भुरकुंडा स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बुधवार को सिख संगतो की आमसभा हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा भुरकुण्डा के सेक्रेटरी परमजीत सिंह उर्फ गोल्डी सिंह को उनके पद से पदमुक्त कर दिया गया। सिख-संगतो के सहमति से भुरकुंडा गुरुद्वारा का नये सेक्रेटरी के रूप में तजेन्द्र कुमार का मनोनयन किया गया। तजेन्द्र ने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे कार्यभार सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा।

## सीसीएलकर्मी उमेश मुंडा का निधन



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बिरसा परियोजना में कार्यरत सीसीएलकर्मी सह केन्द्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति रीवर साईड के पूर्व कोषाध्यक्ष उमेश मुंडा का इलाज के दौरान गुरुवार को अपोलो अस्पताल रांची में निधन हो गया। उमेश मुंडा पिछले कुछ महीनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास पटरवार में किया गया। मृतक अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़कर गये हैं। इनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए रिवर साइड केन्द्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति ने शोकसभा किया।

## कुजू ओपी में शांति समिति की बैठक



कुजू। कुजू ओपी में गुरुवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा ने किया। बैठक में आगामी दिनों होली पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं मौजूद गणमान्य लोगों ने भी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया। लिंडा ने कहा कि होली का पर्व भाईचारगी का पर्व है। जिसे में सभी को आपस में मिलकर शांतिपूर्वक तरीके से मनाना है। उन्होंने कहा कि पर्व में किसी तरह से कोई खलल न हो इसको लेकर हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रहेगी। मौके पर कुजू ओपी के पुअनि रौशन कुमार, प्रभात गोस्वामी, मनीष कुमार, रौशन, साबिर हुसैन, सअनि बीरेंद्र कुजूर, तलेबर महतो, मुंशी कुंज बिहारी चौबे आदि मौजूद थे।

## रोड सेल समिति का होली मिलन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा रोड सेल समिति ने गुरुवार को जयप्रकाशनगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में समिति के लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी। इसके बाद लोगो ने जमकर लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया। समारोह में गिरधारी गोप, दर्शन गंझू, सरोजकांत झा, मुकेश पासवान, अजय सिंह, दिनेश मेहता, हरिशंकर चौधरी, बाजेश्वर पासवान, जुगल पासवान, तुला खान, रविंद्र सिंह, संजय मिश्रा, रावेल एक्का, उत्तम सिन्हा, प्रेमकुमार साहु, बुटन नायक, रोहित करमाली, मदन सिंह, प्रवीण बाउरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

भद्रकाली मंदिर में यज्ञ के समापन में शामिल हुए मनीष जायसवाल, कहा

# सेवा और विकास हमारी प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग । झारखंड के प्रसिद्ध धर्मस्थल चतरा जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में साल 1982 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ के वर्तमान वर्ष के 09 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के समापन समारोह में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य गणमान्य लोग सम्मिलित हुए और यज्ञ मंडप में माथा टेका एवं मां भद्रकाली का आशिर्वाद लिया। इटखोरी का यह धार्मिक स्थल हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म का समागम स्थली है। यहां साल 2000 से निरंतर निर्बाध रूप से अखंड हरे कृष्ण- हरे राम संकीर्तन का आयोजन होता रहा है । यहां पहुंचने पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा नेता- कार्यकर्ता, भाजयुमो कार्यकर्ता और मंदिर समिति एवं यज्ञ आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने बड़े ही आत्मिय भाव से गर्मजोशी से स्वागत किया । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर परिसर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा की हम सौभाग्यशाली है कि मां भद्रकाली के बगल में रहने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस क्षेत्र में कोई भी शुभ कार्य मां के दरबार से आशिर्वाद लेकर ही किया जाता है। उन्होंने कहा की मैंने भी अपना चुनाव कैंपेन यहीं से मां भद्रकाली का आशिर्वाद लेकर शुरू किया।

पत्रकारों के अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और इसी का एक नया रोल हम देख रहें हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिला तो निश्चित रूप से इस रोल को भी बड़े ही शिद्दत से निभाऊंगा । मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## पंकरी बरवाडीह में दिखा सूर्योदय का अद्भुत नजारा



बड़कागांव। प्रखंड के पंकरी बरवाडीह के इक्विनोक्स स्थल में सूर्योदय का अद्भुत नजारा गुरुवार को देखा गया। सम दीवा रात्री के मौके पर सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर करवट लेते हुए देखा गया यह स्थल हजारीबाग - बड़कागांव रोड स्थित पंकरी बरवाडीह के भोक्ता स्थान तालाब के पूरब दिशा में है। यहां 23 सितंबर को भी सूर्योदय के इस अद्भुत नजारा को देखने की परंपरा है। 21 मार्च को अहले सुबह पंकरी के एक्विनोक्स पॉइंट में श्रीलंका, पश्चिम बंगाल, रांची, हजारीबाग एवं बड़कागांव के लोग सूर्योदय का नजारा को देखने पहुंचे हुए थे लेकिन 4:30 बजे से ही पूर्व की ओर बादल छाया हुआ था।बादल नहीं छटने से कई खगोल प्रेमी निराश होकर वापस लौट गए लेकिन श्रीलंका एवं बंगाल के लोग बादल छटने का इंतजार करते रहे। 6:13 पर धीरे-धीरे बादल छटने लगे, तो 6:18 पर सूर्य बादलों को चीरते हुए दिखाई दिया तो लोग खुशी से उछल पड़े । इक्विनोक्स पॉइंट में खड़े हुए दो मेगालिथ पत्थर के बने वी आकार के खड्ड से सूर्य लालिमा लिए हुए दिखाई दिया जिसे देख कर लोग खुश नजर आए।इस तरह का नजारा बेल्जियम, इंग्लैंड, मध्य अमेरिका में भी देखा जाता है। इस ऐतिहासिक एवं भौगोलिक स्थल के आसपास क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा कोयला खदान बनाया जा रहा है। जिस कारण यह महत्वपूर्ण स्थल के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। इस पर किन्हीं सरकारी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है। श्रीलंका के कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अध्यापक डॉक्टर सुरजीत घोष, रांची बीआईटी मेसरा के अध्यापिका रिचा शर्मा,डॉ गोविंद शर्मा बंगाल से आए हुए कौशिक डे सरकार ,अर्पण द, अनुभा चौधरी, स्नेहा कौर, कौशिकी कुंडू, कोंकणा घोष, सुरजीत घोष,दिलीप दा ,राजेश, श्री कथ समेत बड़कागांव के शिक्षक व ग्रामीण मौजूद थे।

## छह हाइवा बालू जब्त



रामगढ़। रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत सेवईयागढ़ा क्षेत्र में स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा लगभग 6 हाईवा अवैध बालू का स्टॉक जब्त किया गया।

# बालू लदे वाहन ने चार युवती और एक महिला को रौंदा, दो रांची रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

टाटीझरिया में हादसा



टाटीझरिया। हजारीबाग जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र से महज 14 किलोमीटर दूर खैरा-बरकट्ठा मूख्य सड़क के कारीचट्टान के पास गुरूवार सुबह लगभग साढे पांच बजे बालू लदा हाइवा मिनी ट्रक मॉर्निंग वॉक कर रहे चार लड़कियों सहित एक महिला को अपने चपेट में ले लिया है। सभी लोग खैरा गांव के रहने वाली है हाइवे के धक्का मारने से सभी लोग घायल हो गए हैं. ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया।

**महिलाएं कर रही थी मॉर्निंग वॉक :** प्रत्येक दिन की तरह 15 से 20 की संख्या में लड़की, महिला पुरुष मॉर्निंग वॉक के लिए खैरा से कारिचट्टान तक टहलते है. गुरूवार को भी यह लोग टहलने निकले हुए थे। इसी बीच यह लोग वापस लौट ही रहे थे की एक हाईवा पीछे से आ रही थी। लडकिया अपने पीछे से आ रही हाईवा को देखकर सडक के किनारे हो गई। यह देखकर जान बुझकर हाईवा उन लोगो पर गाड़ी रोंदते हुए चल दिए। इसके बाद घायलों को अस्पताल भेजा गया।बालू घायलों में नंदनी कुमारी पिता संजय प्रसाद, मानसी कुमारी, रिया कुमारी दोनो के पिता प्रकाश प्रसाद, लक्ष्मी कुमारी पिता निहाल महतो सभी का उम्र लगभग 12 से 16 वर्ष है।महिला पूजा देवी पति रंजित प्रसाद भी दुर्घटना में घायल हो गयी है। ड्राइवर हाइवा गाडी को लेकर भागने में सफल रहा।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बरकट्ठा से खैरा की सडक को जाम कर दिया। ज्ञात हो की इस रास्ते बालू का अवैध कारोबार होता है। बराकर नदी से उठाव करके इसी रास्ते से इचाक, खैरा, झरपो, नारायणपुर, भराजो तरफ जाते है। परंतु हैरान करने वाली बात यह है की जितने भी हाइवा चल रहे है किसी गाड़ी में नंबर पलेट नही लगा है । खबर लिखे जाने तक एक बालू लदे ट्रेक्टर को टाटीझरिया पुलिस ने जब्त कर थाना लेकर आई थी जिसका एफआईआर दर्ज नहीं किया गया था।

## ओपी जिंदल कॉलेज में वेल्डर व इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण

भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज ने नाबार्ड के सहयोग से 55 ग्रामीण युवाओं को असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर फैब्रिकेशन में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन बुधवार को नाबार्ड के डीडीएम उपेंद्र साहा एवं जेएसपी पतरातू के सीएसआर प्रमुख रवि निवास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर ओपीजेसीसी के प्राचार्य संवित कुमार साहू, लबगा पंचायत की मुखिया किरण यादव एवं ओपीजेसीसी के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। बताया गया की यह कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को कौशल से सशक्त करने के लिए ओपीजेसीसी की प्रतिबद्धता की एक और कड़ी है। ओपीजेसीसी पहले भी नाबार्ड के सहयोग से 50 छात्र-छात्राओं को असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय में प्रशिक्षित कर चुका है। प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें प्रतिष्ठित संगठनों में प्लेसमेंट हासिल करने में मदद मिली है। रवि निवास ने कहा कि असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन तथा वेल्डर फैब्रिकेशन में प्रशिक्षण लेकर एक अच्छे भविष्य की शुरूआत कर सकते हैं।




समारोह में शामिल बच्चे व शिक्षक।

# परवरिश स्कूल ने पूरे किये 4 साल

कुजू। परवरिश एडुकेयर स्कूल ने गुरुवार को चौथा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया । प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने स्कूल का हिस्सा बनने पर अपनी अपार खुशी व्यक्त की और स्कूल के विकास में प्रबंधन और सभी स्टाफ सदस्यों के योगदान की सराहना की।

वहीं मुख्य रूप से मौजूद निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि हमारा स्थापना दिवस हमारी पिछली उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करने, हमारी वर्तमान उपलब्धियों का जश्न मनाने और एक उज्ज्वल भविष्य की कल्पना करने का समय है। यह एक यह हमारे पूरे स्कूल समुदाय - छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और कर्मचारियों - के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि उत्सव के हिस्से के रूप में, परवरिश एजुकेयर स्कूल सीखने के अनुभव को बढ़ाने और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहल भी शुरू करेगा। ये पहल एक पोषण वातावरण प्रदान करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है जहां हर बच्चा सक्षम हो सके फलें-फूलें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचें। समारोह को सफल बनाने में रश्मी कुजूर, सोमा दास, कंचन, रजनी, आकांक्षा, अर्चना, नंदिनी, नाजो, रंजीत और अन्य सदस्यों सराहनीय योगदान रहा।

# जेएसपी फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रीय एनीमिया दिवस

▸▸ किशोरी एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




बासल (रामगढ़)। जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने गुरूवार को राष्ट्रीय एनीमिया दिवस मनाया। किशोरी एक्सप्रेस के अंतर्गत तीन साल की यात्रा हितधारकों के लिए विशेष कार्यक्रम हुआ, जिसमें 200 से भी जायदा किशोरियां, आंगनवाड़ी सेविका शामिल हुईं। किशोरी एक्स्प्रेस जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल के नेतृत्व में चलाई जा रही एक प्रमुख परियोजना है। जिसे 10-19 वर्ष की किशोरिओ में एनीमिया को रोकने के लिए शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया जांच उपकरण, तकनीशियन और परामर्शदाता के साथ एक सुसज्जित वाहन चलाया जाता है। इसमे आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में हेमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। इस परियोजना में किशोरियों में एनीमिया एवं मासिक धर्म सफाई के बारे में जागरूक करने का काम किया जाता है। साथ ही उन्हें एनेमिया मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। पतरातू ब्लॉक के आंगनवाड़ी केंद्र के पर्यवेक्षक सहित किशोरी एक्सप्रेस कार्यक्रम का सहयोग करने वाले अनेक हितधारकों को सम्मानित किया गया। साथ ही एनीमिया और इसके उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. मंजू मिश्रा ने एनीमिया, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम और किशोरी एक्सप्रेस के बारे में बताया। साथ की कार्यक्रम में स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में संस्थागत जागरूकता लाने के लिए पोस्टर जारी किए गए। कार्यक्रम में पतरातू सीडीपीओ अनुपमा मिंज व जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख आशीष जैन उपस्थित थे। सीडीपीओ अनुपमा मिंज ने पतरातू प्रखंड में एनीमिया से निपटने के लिए जेएसपी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहा की। अंत में मतदाता जागरूकता हेतु उपस्थित 18 वर्ष के ऊपर वाले सभी प्रतिभागियों में जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाने और बिना किसी दबाव व प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही लोगों को घरों व आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

एक नजर में

## विष्णुगढ़ के कार्यकताओं ने जायसवाल को दी बधाई



विष्णुगढ़। हजारीबाग लोकसभा में उपजे राजनीतिक हालात के मद्देनजर बुधवार देर शाम भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के संग बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक की । भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने मंडल पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जायसवाल को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए पूरे समर्पण भाव से पार्टी के प्रति संकल्पित होकर कार्य करते हुए भाजपा उम्मीदवार को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया। जायसवाल ने कुछ दिनों पूर्व मार्मिक दुर्घटना में बितन बरनवाल के छोटे पुत्र विजय कुमार की अतिथि सत्कार के पास दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो गई थी। उनके परिजनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढाढ़स बँधाया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, रवानी,बबलू सोनी,राकेश सोनी,गौतम वर्मा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## टाटीझारिया में समीक्षा करने पहुंचे संयोजक



टाटीझरिया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद टाटीझरिया भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने लोक सभा संयोजक टुन्नु गोप पहुंचे। उन्होंने स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकताओं संग विभिन्न राजनीतिक हलचल से संबंधित चचाएं किया। कार्यकताओं ने बताया कि जबसे वे पार्टी में आए,तब से पार्टी संगठन यहां कमजोर हो गया था। उन्होंने एकल पद मंडल अध्यक्ष का अपने साथ आए कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद यादव को बनवा दिया था।जिन्होंने संगठन के कार्यों को शिथिल कर दिया था।इनके आगमन के बाद पार्टी की बैठक भी नहीं हो पाई थी। संगठन द्वारा दिए गए कार्य को केवल कागज पर किया गया। इन बातों की चर्चा संयोजक के समक्ष रखी गई। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब फिर से दुगुने जोश के साथ संगठन के विस्तार में लग जाएं और मनीष जायसवाल को भरी मतों के अंतर से विजयी श्री का सेहरा पहनाएं।कार्यकताओं ने भी नेताओं को आश्वस्त किया कि वे भाजपा के प्रति सजगता के साथ कार्य करेंगे। मोदी जी की लहर है। उनके कार्यों के बदौलत फिर से सत्ता में वापसी होगी। बैठक में जिला से राणा राहुल प्रताप सिंह,जुगनू सिंह,टाटीझरिया संगठन से कैलासपति सिंह,परमेश्वर प्रसाद यादव, कौलेश्वर मिश्र,राजू यादव,एमके पाठक,किशोर साव,बजरंगी साव,होपन सिंह,बोधी महतो,राजेश यादव,सहदेव यादव, विजय पांडेय,अनिल प्रसाद, नारो साव अर्जुन राणा,रोहित पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

## विहिप और बजरंग दल का होली मिलन



पदमा। विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल पदमा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को पदमा प्रखण्ड अंतर्गत सरैया मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम होली के शुभारंभ में सभी के मस्तक पर गुलाल लगाकर अभिनन्दन किया और होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि होली परस्पर मेल–मिलाप तथा सौहार्द का त्यौहार है। असत्य का अंत और सच्चाई के साथ भ्रातत्व भावना का विकास ही होली का मुख्य सन्देश है। समारोह में गाना बजाना के साथ पारंपरिक होली गीत भी पेश किए गए। इस अवसर पर जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, सुरेंद्र गुप्ता, विहिप अध्यक्ष राजेश मेहता, मन्त्री ऋषिकेश मेहता, संरक्षक अयोध्या मेहता, पंकज मेहता, कुलदीप रविदास, सुरेंद्र कुमार, नितीश कुशवाहा, सुभास मेहता, रंजीत मेहता, दीपक कुमार, सिकंदर मेहता, निशांत सिंह, शांतनु कुमार, धीरज पाण्डेय, टिंकू मेहता, सुधीर कुमार, सोनू राणा, टीशु गुप्ता, आदि सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।


## बहेरा में नुक्कड़ नाटक का मंचन

चरही।चुरचू प्रखंड के बहेरा में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जन जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान बहेरा पंचायत के सभी गांवों में किया गया।इसके द्वारा लोगों को मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, विवाह का सही उम्र, महावारी स्वास्थ्य, कुपोषण,जीवन रक्षक घोल, संस्थागत प्रशव, आदि विषयों पर इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जानकारी दिया गया। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो और समाजसेवी मुंतज़िर अंसारी मौजूद थे।

## एसबीआइ ने महिलाओं को दिया सिलाई मशीन

चरही। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया चुरचू में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 20 सिलाई मशीन का वितरण किया गया। वितरण करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर एन आनंद,एचआर मैनेजर अभिजीत कुमार,डिप्टी मैनेजर राजीव रंजन एवं ब्रांच मैनेजर श्याम सुंदर श्रीवास्तव उपस्थित थे। श्री आनंद ने कहा कि सिलाई मशीन से महिला घर बैठे अपने आमदनी कर स्वावलंबी बन सकती है।

## रामगढ़ में खनन टास्क फोर्स की बैठक



रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार के साथ गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की। उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजो का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग–अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान के दौरान जब्त किए गए वाहनों एवं खनिज के विरुद्ध राज्यसात की कार्रवाई एवं नियम अनुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।

स्पीड न्यूज

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**टंडवा।** टंडवा पुलिस ने चतरा एसपी के निर्देश पर एंटी क्राइम और सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इंस्पेक्टर अनिल उराव के नेतृत्व में दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन और चार पहिया वाहन को रोककर आवश्यक वाहनों के कागजात और डिक्की की जांच की गई। हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया।

## जय गुरुदेव के लोग तीर्थ यात्रा के लिए रवाना

**गिद्धौर।** चतरा जिला के सभी प्रखंडों से बृहस्पतिवार को जय गुरुदेव के लोगों ने तीर्थ भ्रमण के लिए मथुरा, काशी और अयोध्या के लिए डेढ़ सौ की संख्या में तीन बसों में सवार होकर प्रस्थान किया। वे मथुरा में स्थित लगभग सभी तीर्थ स्थानों का भ्रमण करेंगे और जय गुरुदेव से संबंधित कार्यक्रम भी करेंगे। जय गुरुदेव के लोगों का यह तीर्थ भ्रमण कई दिनों तक चलेगा और वे विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे।

## बीडीओ ने बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ की बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ राहुल देव ने बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित चुनाव में मतदान को लेकर कई जानकारी दी गई। सभी बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय, रैम्प सहित सभी सुविधाओं का विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रखंड में मतदान शत-प्रतिशत कराने को लेकर सभी कर्मियों को मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने की बात कही गई। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी दिगम्बर पांडेय, उज्ज्वल सिंह, बीएलओ सुनैना देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीडीसी को आवेदन देकर आवास की मांग

**गिद्धौर।** प्रखंड के द्वारी पंचायत गांव की दुलो देवी ने जिला उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर आवास की मांग की है। उनका कहना है कि वह बहुत गरीब हैं और आवास लेने के योग्य हैं। उन्हें ओबीसी प्राथमिकता सूची में 40वां क्रमांक प्राप्त है, लेकिन उन्हें अबुआ आवास का पहला किस्त नहीं मिला है। जबकि 45वें क्रमांक के लाभुक को पहला किस्त मिल चुका है। उन्होंने जांच करवाने की मांग की है कि 40, 41, 42 और 43 क्रमांक के लाभार्थियों को आवास से क्यों वंचित रखा गया है। लाभार्थी ने यह भी बताया है कि पंचायत सचिव द्वारा जिओ टैग भी किया जा चुका है। इस संबंध में मुखिया का कहना है कि अबुआ आवास में मुखिया की कोई भूमिका नहीं है, सारा काम पंचायत सचिव और उच्च अधिकारियों के हाथ में है।

## शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व मंत्री

**इटखोरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गिरीनाथ सिंह ने गुरुवार को दिवंगत सेवानिवृत्त शिक्षक बजरंग सिंह के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत शिक्षक के पुत्र मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ टीपू सिंह और किसान मोर्चा के जिला मंत्री टुन्नी सिंह से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। पूर्व मंत्री ने दिवंगत शिक्षक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं।

## पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों का लक्ष्याभ्यास का समापन

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार जिला बल के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का डोमचांच थानान्तर्गत नीरू पहाड़ी फायरिंग रेंज पर 19 मार्च 2024 से 03 दिवसीय वार्षिक लक्ष्याभ्यास आयोजित किया गया था, जो 21 मार्च 2024 को सम्पन्न हो गया है। वहीं लक्ष्याभ्यास के अंतिम दिन एसपी अनुदीप सिंह, एसडीपीओ, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु), सहित जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी वार्षिक लक्ष्याभ्यास में भाग लिया।

# टीपीसी के नाम पर लेवी मांगने वाला युवक गिरफ्तार

### ठेकेदार से मांगी थी 10 लाख रंगदारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया पुलिस ने टीपीसी के नाम पर धमकी देने और लेवी मांगने के आरोप में राजकुमार सुमंत नामक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक तपसा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है, जिनका उपयोग धमकी देने और रेकी करने के लिए किया जा रहा था। संवेदक जयप्रकाश सिंह ने एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर रोल से पत्थलगड्डा सड़क निर्माण योजना में दस लाख रुपए मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसने तकनीकी शाखा की मदद से आरोपी के मोबाइल नंबर का पता लगाया और उसे गोनियां पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक टंडवा थाना कांड का भी आरोपी है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक उमेश राम, थाना प्रभारी चंदन कुमार, पत्थलगड्डा थाना प्रभारी आलोक रंजन और सशस्त्र बल शामिल थे।

## पुलिस अवैध देशी शराब भट्ठी सहित जावा महुआ किया नष्ट



खबर मन्त्र संवादाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। यह अभियान थाना प्रभारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में चलाया गया, इस दौरान पुलिस ने 2 भट्ठी को नष्ट करते हुए 30 क्विंटल जावा महुआ सहित शराब बनाने वाले उपकरण को भी नष्ट किया। थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा की गुप्त सूचना मिली थी की पचगांवा जंगल और खेमनडीह मे अवैध शराब की भट्ठी चलाया जा रहा है, जिसके बाद छापेमारी टीम का गठन कर अवै महुआ शराब की दो भट्ठी, 30 क्यूंटल जावा महुआ सहित शराब बनाने वाले उपकरण को भी नष्ट किया है।

## गुप्त सूचना पर पुलिसिया कार्रवाई में 182 बोतल नकली इंपीरियल ब्लू शराब बरामद

### वाहन जब्त, आरोपी महिला गिरफ्तार, भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के नजदीक गुप्त सूचना के आधार पर तिलैया थाना पुलिस ने बुधवार की रात्रि एक चार पहिया वाहन स्कोड़ा से भारी मात्रा में नकली शराब बरामद किया गया है। इस दौरान पुलिस ने इस धंधो में शामिल एक महिला को भी गिरफ्तार किया है, जबकि वाहन में सवार दो लोग मौके से भागने में सफल रहे। इस संबंध को लेकर थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर वाहन को पीछा कर रिलायंस पेट्रोल पंप के नजदीक रोका गया, पुलिस वाहन को देखते ही कार पर सवार दो लोग मौके से फरार हो गए। जबकि वाहन में बैठी महिला को हिरासत में लेकर गाड़ी की तलाशी के दौरान डिक्की में रखा चार बैग में 375 एममल का 182 बोतल इंपीरियल ब्लू का नकली शराब बरामद कर गाड़ी को जप्त कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज कर आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया। वहीं आरोपी महिला की पहचान गया निवासी शर्मिला कुमारी पति राजेश कुमार के रूप में की गई है।




## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को थाना प्रभारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में सपही पिकेट से पीछे एक युवक को मोटर साइकिल संख्या जेएच12 एच/4638 से शराब ले जाते पकड़ा गया। वहीं युवक की पहचान सुीर कुमार पिता नुनहु कुम्हार गुलीटांड़ निवासी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक मोटरसाइकिल में 12 पीस मैकडॉवेल 180 एम एल, गॉड फादर बीयर 500 एमएल वाला 96 पीस लादकर शराब बोरा में बंद करके जानपुर की और जा रहा था। तभी गुप्त सूचना पर डोमचांच पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया।

## लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को देर रात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई। बैठक में प्रखंड स्तर पर की जा रही तैयारियों से संबंधित जानकारी प्रखंडवार सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी से ली गई। उन्होंने शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी प्रखंडों के विद्यालयों का निरीक्षण करें और जिन विद्यालयों में पेयजल व शौचालय सुचारू नहीं है, उनमें इन सुविधाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करें। प्रखंड स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने को कहा गया। सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी को अपने कोषांग अंतर्गत कार्य कर रहे कर्मी पदाधिकारी व कार्य का मोनेट्रिंग करने के निर्देश दिए गए। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ बैठक कर उन्हें निर्वाचन से संबंधित कार्यों से अवगत कराने को कहा गया। छूटे हुए मतदाता 22 अप्रैल तक अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। पेयजल की व्यवस्था नहीं होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्था को लेकर भी कई आवश्यक निर्देश दिए गए। अवैध खनन परिवहन व भंडारण एवं अवैध शराब कारोबारियों, अवैध शराब के क्रय विक्रय पर लगाम लगाने हेतु लगातार छापेमारी अभियान चलाने को कहा गया। पूर्व के चुनाव में हुए कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का भी समीक्षा किया गया और स्वीप के नोडल पदाधिकारी को वैसे बूथों पर व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिले में ईवीएम के सफल संचालन हेतु प्रायजेडिंग ऑफिसर व कर्मियों के चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।

### वोटर अवेयरनेस फोरम को लेकर बैठक संपन्न

**कोडरमा।** स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम को लेकर बैठक किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि 10 या उसे अधिक संख्या वाली कोई भी संस्था हो, उनको वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करना है। वोटर अवेयरनेस फोरम का मुख्य कार्य होने वाली लोकसभा चुनाव के बारे में अपने सभी कर्मचारी को सही जानकारी उपलब्ध करायेंगे एवं आने वाले इलेक्शन में वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और उन्ही के द्वारा एक नोडल पर्सन नियुक्त किया जायेगा।

## ग्रामीण हार-जीत से ज्यादा टिकट को लेकर उत्सुक, अटकलों का दौर गर्म

पंकज सिंह




**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र में टिकट वितरण अभी तक नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीण हार-जीत से ज्यादा टिकट को लेकर उत्सुक हैं। चौपालों पर दिनभर टिकट को लेकर अटकलों का दौर गर्म है। एनडीए और इंडिया गठबंधन ने अभी तक उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं, जिससे लोगों में टिकट को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। एनडीए गठबंधन से भाजपा का प्रत्याशी होगा, लेकिन इंडिया गठबंधन में अभी भी संशय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि टिकट मिलने का दावा तो कई लोग कर रहे हैं, लेकिन असल में किसे टिकट मिलेगा, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है।

**टिकट को लेकर लगा रहे हैं तरह-तरह कयास :** सोशल मीडिया पर भ्रामक चुनावी हलचल से कार्यकताओं की धड़कनें बढ़ा रही है और चौपालों पर लोग हार-जीत के गणित से पहले टिकट वितरण को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कार्यकर्ता और समर्थक आपस में विभिन्न समीकरण बताकर अपने नेता को टिकट मिलने का दावा कर रहे हैं, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि पहले टिकट फाइनल होना चाहिए और उसके बाद जनता का रुख बनेगा। वर्तमान में मतदाता अपने वोट के प्रति जागरूक हो गया है और चुनाव में पूरी दिलचस्पी दिखा रहा है। टिकट के दावेदार पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों से मिलकर अपनी दावेदारी पेश करने के लिए दिल्ली तक भागदौड़ कर रहे हैं।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी को लेकर आज जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान से संबंधित एवं ईवीएम व विविपैट से संबंधित कई वीडियोस दिखाकर नैतिक मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

## फरार अभियुक्त के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद में फरार अभियुक्त रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के घर कोडरमा पुलिस के द्वारा दंड प्रकिया संहिता की धारा 82 के तहत गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान कोडरमा थाना में पदस्थापित एसआई नंद किशोर तिवारी ने बताया कोडरमा थाना कांड संख्या 169/23 के अभियुक्त जलवाबाद निवासी रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के घर और स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड सदस्य और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा के आदेशानुसार इश्तहार चिपकाया गया। ज्ञात हो कि विगत 14 सितम्बर को अबूबसर उर्फ रहिल पिता रिजवान अहमद उर्फ सिंटू, नूर आलम उर्फ जुनैद पिता इरशाद आलम आदि के द्वारा जलवाबाद में 8 वर्षीय मासूम अब्दुसमद उर्फ अलसमद की गला दबा कर बहुत बेरहमी से हत्या कर बंद घर में छुपा दिया गया था। जिससे बच्चे का शव पूरी तरह खराब हो गया था और इस घिनौने कार्य को पिता रिजवान अहमद सिंटू कसाई जानते हुए बच्चा चोरी का अफवाह फैलाया ताकि अपने बेटे को बचा सके। बहरहाल इश्तहार में कहा गया है चूंकि परिवाद किया गया है कि मो. रिजवान अहमद उर्फ सिंटू, पिता मो. अख्तर, नियर मदीना मस्जिद, थाना, कोडरमा भाद्रवी की धारा 364, 302 तथा 201/34 के तहत अपराध करित किया है और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कहकर लौटा दिया गया है, कि अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से यह दर्शित है, की वह फरार हो गया है। या कहा जा सकता है की उक्त वारंट की तामिला से बचने के लिए अभियुक्त खुद को छिपा रहा है। इसलिए एतद् द्वारा यह उध्दघोषणा की जाती है कि कोडरमा थाना कांड संख्या 169/23 के अभियुक्त मो. रिजवान अहमद उर्फ सिंटू से अपेक्षा की जाती है, कि वे सिविल न्यायालय, कोडरमा मे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, कोडरमा के न्यायालय में 30 अप्रैल 2024 को या उससे पूर्व पूर्वाहन 11 बजे उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए हाजिर हो।

एक नजर में

## होली को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में बुधवार की शाम प्रयाग दास की अध्यक्षता में मरकच्चो प्रखंड के तीन पंचायत के ग्रामीणों की बैठक की गयी। बैठक का संचालन पूजा समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में होली पर्व शांति व शौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ 24 मार्च की रात्रि 11:30 बजे होलिका दहन करने का निर्णय लिया गया। वहीं दूसरे दिन 25 मार्च को होली मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आचार्य अीन पाण्डे, अवधकिशोर सिंह, रवीन्द्र पाण्डे, निरंजन पाण्डे, मनोज सिंह, सतीस कुमार सिंह, मनोज मोदी, नकुल कुमार, भोला पाण्डे, दिवाकर तिवारी, महेश सिंह, रामावतार सिंह, राजेन्द्र यादव आदि समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## होली को लेकर तिलैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** होली त्योहार को लेकर गुरुवार की शाम तिलैया थाना परिसर में थाना प्रभारी विनय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने होली को लेकर अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। इस दौरान वार्ड पार्षदों ने अपने क्षेत्र में त्यौहार के दिन नियमित पेट्रोलिंग, शराबी हुड़दंगियों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं होलिका दहन के दिन स्टेशन रोड में अतिरिक्तमहिला पुलिस कर्मियों के तैनाती की मांग की। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि इस बार संवेदनशील इलाकों में विशेष रूप से निगरानी रखी जाएगी। मौके पर तुलसी मोदी, उमेश सिंह, अरशद खान, भुनेश्वर यादव, राजू यादव, संजय यादव, मो. सद्दाम समेत कई लोग उपस्थित थे। बैठक में अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## अबीर व फूलों की होली से सराबोर रहा तैलिक समाज का होली मिलन समारोह

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तैलिक समाज द्वारा कोडरमा जिला के भामाशाह भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर कमिटी के नगर अध्यक्ष मनोज साव के स्वागत भाषण के साथ शुरुआत की गई। वहीं उन्होंने तरह के रचनात्मक कार्य और होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करवाना मेरे लिए बड़ी उपलबि है। इस तरह के आने वाले समय में समाज के द्वारा अन्य कार्यक्रम भी किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में कला के क्षेत्र में राकेश राजपूत के द्वारा पूरी टीम के साथ होली के मन मोह लेने वाले गानों से सराबोर किया। वहीं महिलाओं ने थिरकाए कदम 'राधा का रंग कृष्ण के संग' थीम पर सभी महिलाओं ने जमकर होली खेली। महिला संगठन के जिला अध्यक्ष ने गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में शालिनी गुप्ता शामिल हुई साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे प्रोग्राम आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि समाज के सभी परिवारों को एक दूसरे से जोड़ा जा सके। साथ ही हर उम्र के सदस्य कार्यक्रम का आनंद ले सके। यह होली का रंग प्रेम, सद्भाव का प्रतीक है, हमें मिलजुलकर बड़े सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहु समाज की महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में जिलाध्यक्ष भीम साव, पूर्व जिलाध्यक्ष सह साहू समाज के भीष्म पितामह अर्जुन साव, विजय साव, बेदू साव, दिलीप साव, भोला साव, संतोष साव, गजेंद्र साव,वीरेन्द्र साव, विशाल डांपूजा कुमारी, कोयल देवी, चंद्रीका साव, नीरज उर्फ बिट्टू, वैभव कुमार आदि मौजूद थे।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

**कुंदा।** थाना परिसर में गुरुवार को हिंदुओं के महान पर्व होली को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने की और संचालन अंचल अधिकारी शंभू राम सह कुंदा थाना प्रभारी नीतीश कुमार प्रसाद ने किया। बैठक में सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में होली से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रखंड विकास प्राधिकारी ने बताया कि आचार संहिता लागू है और उसका उल्लंघन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव का माहौल है, इसलिए डीजे सॉन्ग पर प्रचार प्रसार, पार्टी विशेष और अश्लील गाना नहीं बजाया जाएगा। सभी को गाइडलाइन के दायरे में रहकर होली मनानी होगी और हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। कुंदा थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता के बीच रहकर हर संभव मदद और सहयोग करेगा और किसी भी घटना से संबंधित सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की। बैठक में कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, प्रमुख पति जय राम भारती, समाजसेवी अर्जुन पासवान, अनिल यादव, भाजपा नेता गंदौरी साव समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## रौनियार धर्मशाला में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** रौनियार धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गुप्ता मुख्य अतिथि और पूर्व इकाई अध्यक्ष विराज साहु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता ने की और सचिव सरोज प्रसाद गुप्ता ने संचालन किया। बैठक में महिला इकाई का पुनर्गठन किया गया और सर्वसम्मति से रंजू देवी को अध्यक्ष, पम्मी देवी को सचिव, प्रभा गुप्ता को कोषाध्यक्ष, प्रमिला गुप्ता को उपाध्यक्ष और अनीता देवी और काजल देवी को उप सचिव चुना गया। नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को अध्यक्ष ने अंग वस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विकास गुप्ता ने सभी महिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और होली को आपसी भाईचारे और भेदभाव मिटाने का त्योहार बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रौनियार वैश्य विकास समिति के युवा विंग और अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** होली पर्व को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ परमेश्वर कुशवाहा व संचालन थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने किया। बैठक में होली पर्व शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं थाना प्रभारी सौरभ शर्मा कहा कि होली के दिन 10 बजे रात से 6 बजे सुबह तक डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। हुड़दंग करने वाले शराबियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीओ ने कहा कि होली के दौरान अशांति फैलाने वाले हुड़दंगियों से शक्ति से निपटा जाएगा व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि होली भाईचारगी का त्यौहार है। इसे शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। बैठक में पूर्व प्रखंड प्रमुख सावित्री देवी रविशंकर सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मो. खलील, दिवाकर तिवारी, बसंत साव, राजेश पासवान, सकलदेव सिंह, रविंद्र पांडेय, एमचंद्रा, धानेश्वर यादव, उपेंद्र यादव, दशरथ यादव उर्फ संजू, प्रयाग यादव, विशाल कुमार सिंह, गोविंद सिंह, मदन मोहन शर्मा, बलिराम प्रसाद समेत कई ग्रामीण व थाना कर्मी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारी घोषित किये गये आलोक वाजपेयी



**जमशेदपुर।** आजसू के पूर्व क्रांतिकारी एवं वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के नेता आलोक वाजपेई का नाम झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड आंदोलनकारी घोषित किया गया । 27. फरवरी 2024 को झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए गए सूची में आलोक बाजपेई का नाम शामिल है। आलोक बाजपेई विद्यार्थी जीवन में ही सूर्य सिंह बेसरा जी के नेतृत्व में आजसू में शामिल हुए थे। इन्होंने झारखंड आंदोलनकारी के रूप में एक आम भूमिका निभाने का काम किया था। भारत के पूर्व स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को भी काला झंडा दिखाने में अपने मित्रों के साथ शामिल थे। झारखंड आंदोलन के दौरान इनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। झारखंड अलग राज्य की मांग को लेकर कई बार झारखंड बंद सफल कराने में मुख्य भूमिका निभाने का काम किया और दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना , जैक का विरोध किया था। सूर्य सिंह बेसरा का विधायक पद से इस्तीफा देने के वक्त भी आलोक बाजपेई साथ थे।

### गणिनाथ सेवा संस्थान के विवाह वेबसाइट की लांचिंग आज

**जमशेदपुर।** गणिनाथ सेवा संस्थान मध्य देशीय वैश्य द्वारा संचालित हलवाई समाज की एक संस्था है जो पिछले 50 वर्षों से अपने कुल देवता श्रीगणिनाथ गोविंद जी महाराज के आदर्शों एवं मूल्य पर कार्यरत है। संस्था 22 मार्च संध्या 6:00 बजे समाज के विवाह योग्य बर-वधू की तलाश को सुव्यवस्थित दिशा प्रदान करने हेतु वेबसाइट गणिनाथ विवाहडॉटकॉम का लॉन्चिंग करने जा रही है। वेबसाइट की लॉन्चिंग संरक्षक राजकुमार गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ संरक्षकों के द्वारा की जाएगी। साथ ही इसकी उपयोगिता एवं उसे संचालित करने की विधि का विवरण समाज के लोगों के बीच स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएगी। इस अवसर पर राकेश एवं ग्रुप द्वारा होली गीत एवं भजन की प्रस्तुति भी होगी।

### यूसील कर्मी संग्राम सिंह की ट्रेन से कट कर मौत

**जादूगोड़ा।** आर्थिक बोझ व मानसिक तनाव से जूझ रहे यूसील कर्मी संग्राम सिंह (52) ने गुरुवार को अंत में मौत को गले लगा लिया। उन्होंने सुबह 09:15 बजे टाटा-खड़गपुर खंड पर स्थित राखा माइंस रेलवे ट्रेन के समक्ष ट्रेन से कट कर कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतक यूसीलकर्मी संग्राम सिंह ( 52) कंपनी की महुलडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट में एसटी एमटी चालक था। उनके पिता नायक सिंह भी कंपनी से सेवानिवृत कर्मचारी रहे है। घटना के बाबत बताया जाता है की संग्राम सिंह आर्थिक बोझ के तले दबा हुआ था जिसकी वजह से अक्सर मानसिक रूप से परेशान रहता था जिससे तंग आकर आज सुबह 9.15 मिनट पर टाटा से खड़गपुर जा रही लोकल ट्रेन जैसे ही लिपि घुटू गांव (राखा माइंस रेलवे) के समक्ष पहुंची दौड़ कर घूस गया। इस हादसे में उसकी शव क्षत-विक्षत हो गया व घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। शव की पहचान उसकी पत्नी ने की।

### स्वदेशी मेला 2024 का समापन आज

**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले को लोगों की मांग पर एक दिन बढ़ा दिया गया है। यानी मेले का समापन 22 मार्च शुक्रवार को होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अन्नदा शंकर पाणिग्रही जी ने स्वदेशी विकास यात्रा एवं स्वावलंबी भारत अभियान के बारे में लोगो को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत के युवा अब जाग राहे हैं। भारत मे स्टार्टअप्स का निरंतर बढ़ना इस बात को दर्शार्ता है कि युवाओं का झुकाव अब स्वरोजगार के प्रति ज्यादा है। वे नौकरी लेने वाला ना बन कर नौकरी देने वाला बनना चाहते हैं। मेले में आज शाम भारत माता की आरती का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# कल सुबह 9.30 बजे एग्रिको मैदान से निकलेगी नौवीं अखंड तिरंगा यात्रा

- देशभक्ति की अलख जगाने वाली शहीद सम्मान यात्रा में शामिल होने की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में शहीदों के सम्मान में निकाली जाने वाली यह यात्रा देश की भव्यतम यात्राओं में से एक शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा इस साल पुनः 23 मार्च को नौवें वर्ष में प्रवेश करते हुए पूरे उत्साह और जोश के साथ निकाली जा रही है। यह यात्रा दिन में 9.55 बजे एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से निकलेगी जो हर वर्ष की तरह एग्रीको गोलचककर, भालूबासा, साकची, वसंत सिनेमा, कालीमाटी रोड से आर डी टाटा चौक होते हुए पुलिस लाइन में भी अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वापस एग्रीको मैदान में आकर समाप्त होगी।

यात्रा के दौरान करीब सात किमी की पैदल दूरी ढाई घंटे में तय की जायेगी। सबसे आगे-आगे भारत माता का रथ चलेगा। यात्रा में शामिल लोग अपने-अपने हाथ में तिरंगा लेकर चलेंगे। अंतिम छोर पर चिकित्सा टीम युक्त एम्बूलेंस रहेगी। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जायेगा बल्कि यात्रा में शामिल लोगों को जगह-जगह शीतल पेय आदि की व्यवस्था रहेगी। यात्रा में शामिल लोगों को किसी भी राजनीतिक दल का झंडा लेकर चलने की इजाजत नहीं होगी और लोग दो ही नारा लगायेंगे, भारत माता की जय... वंदे मातरम... भारत माता की जय.... बंदे मातरम्।

## एकता, अखंडता, भाईचारा व राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है यह तिरंगा यात्रा : काले




**अखंड तिरंगा यात्रा की जानकारी देते नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले। साथ में बैठे हैं बायें इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व बीबी सिंह।**

काले ने बताया कि सन 2016 में देश में भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार जैसी विध्वंसक नारेबाजी हुई थी। इसके प्रतिकार में इस संस्था का गठन हुआ और सर्वप्रथम उसे वर्ष 2016 में हमने जमशेदपुर से अखंड तिरंगा सह शहीद सम्मान यात्रा निकाली जो ऐतिहासिक रही। तब से हर वर्ष 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी के शहादत दिवस पर इस यात्रा को निकालने की परंपरा बन गयी है। 23 मार्च 2024 को लगातार 9वें वर्ष हमारी संस्था ने यह यात्रा निकालने की तैयारी की है जिसमें आपका सदैव की तरह पूर्ण समर्थन, सहभागिता, सहयोग व आशीर्वाद की अपेक्षा है। यह यात्रा अत्यंत ही अनुशासित ढंग से निकाली जाती है जिसमें जमशेदपुर और आसपास के देशभक्त युवा, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य सहित हजारों आम और खास लोग तथा विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि बड़े उत्साह से शामिल होते हैं। काले ने यात्रा का विवरण देते हुए बताया कि इस यात्रा का नेतृत्व मां भारती का रथ करता है। यह यात्रा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से प्रातः 9:55 में प्रारंभ होती है। पूर्व में एक संक्षिप्त सभा में पूर्व सैनिक परिवारों सहित शहीद परिवारों का सम्मान किया जाता है। इसका शहर में कई स्थानों पर स्वागत भी किया जाता है। साथ ही यात्रा में शामिल देशभक्तों का भी स्वागत किया जाता है। इस दौरान पुलिस लाइन में ठहरकर शहीद स्थल पर भी श्रद्धांजलि दी जाती है। काले ने शहर की मातृशक्ति, नौजवानों, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, सभी वरिष्ठजनों व बुद्धजीवियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस यात्रा में सपरिवार शामिल होकर इसके भव्यता व गरिमा को बरकरार रखने में अपनी महती भूमिका अदा करें। संवाददाता सम्मेलन में नमन के संरक्षक राकेश्वर पांडेय, जुगनु पांडेय, बंटी सिंह, डीडी त्रिपाठी, बीबी सिंह, वरुण कुमार, मंटु भाई, राघवेंद्र कुमार, जेपी राय, राजेश पांडेय, जसवंत सिंह भूमा आदि उपस्थित थे।

उक्त जानकारी सामाजिक संस्था नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, नमन शहीदों के सपनों को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के गौरव को जीवंत बनाए रखने के लिए समर्पित संस्था है। इस मंच के माध्यम से हम समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द कायम रखने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह संस्था गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक भावना से प्रेरित होकर गठित की गयी है जिसमें समाज के हर तबके और हर धर्म एवं समाज के गणमान्य, चिकित्सक व्यवसायी, पत्रकार शामिल हैं।

# कल एक्सएलआरआई में सम्मानित किये जायेंगे टाटा संस के चेयरमैन

- एन चंद्रशेखरन को मिलेगा सर जहांगीर घांदी मेडल
- इंडस्ट्रियल व सोशल पीस के लिए मिलेगा सम्मान

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ का 68वां दीक्षांत समारोह 23 मार्च 2024 को आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन शामिल होंगे। वे एक्सएलआरआइ से पासआउट होने वाले कुल 552 विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर उन्हें एक्सएलआरआइ की ओर से वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस से सम्मानित किया जायेगा।

दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इस दौरान टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ इस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी रहेंगे। पहली बार एक्सएलआरआइ का दीक्षांत समारोह टाटा ऑडिटोरियम के बजाय फुटबॉल ग्राउंड में हो रहा है। संस्थान के 75 वर्ष पूरे होने पर खास तौर पर तैयारियां की गयी है।

**इतने विद्यार्थियों को किया जायेगा पुरस्कृत**

- बिजनेस मैनेजमेंट : 209
- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट- 176
- 15 माह के पीजीडीएम (जीएम) प्रोग्राम : 113
- फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) : 14
- पीजीडीएम (इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर क्रिएशन) : 40

## क्या है सर जहांगीर घांदी मेडल



**एन चंद्रशेखरण।**

एक्सएलआरआइ बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के पूर्व चेयरमैन सर जहांगीर घांदी के सम्मान में संस्थान की ओर से 1966 में सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस की शुरुआत की गयी। यह सम्मान उन हस्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने संस्थान के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो, साथ ही राष्ट्र के विकास में भी प्रभाव छोड़ा हो। देश के औद्योगिक व सामाजिक शांति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य को पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह सम्मान एक्सएलआरआइ के कन्वोकेशन में प्रदान किया जाता है।

**पद्मश्री अनु आगा से लेकर अरुंधति भट्टाचार्या को मिल चुका है अवार्ड :** पिछले साल यह अवार्ड एमएफसीजी कंपनी मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला को दिया गया था. वहीं 2022 में अपोलो हॉस्पिटल्स इंटरप्राइजेज लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीथा रेड्डी को दिया गया था जबकि वर्ष 2021 में बाटा कॉरपोरेशन के ग्लोबल सीइओ संदीप कटारिया को यह पुरस्कार दिया गया था। वर्ष 2020 में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के एमडी सह चेयरमैन संजीव मेहता को, 2019 में थर्मेक्स लिमिटेड की पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री अनु आगा को, वर्ष 2018 में यह अवार्ड मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन के चेयरमैन टीवी मोहनदास पाई को मिला था।

## कौन हैं चंद्रशेखरन

11 फरवरी 2022 को एन चंद्रशेखरन को टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया। टाटा समूह के साथ चंद्रशेखरन का साथ तीन दशक पुराना है। उन्होंने 1987 में टाटा के लिए काम करना शुरू किया था। नटराजन चंद्रशेखरन यानी एन चंद्रशेखरन का जन्म 1963 में तमिलनाडु में नमक्कल के निकट मोहानुर में एक तमिल परिवार में हुआ था। वे एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। एन चंद्रशेखरन की नेतृत्व शैली ना सिर्फ टाटा ग्रुप बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल बनी है।

एक नजर में

### जेपी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** संकोसाई डिमना रोड मानगो स्थित जय प्रकाश स्कूल का वार्षिक खेल कूद 18 मार्च 2024 से सुरु हुआ था जिसमें जेपी स्कूल और जेपी इंग्लिश स्कूल के चार चार टीम गठित किया गया था। इसमें लड़कों के लिए क्रिकेट, फुटबॉल और लड़कियों के लिए बैडमिंटल और बालीबाल खेल का आयोजन किया गया था जिसमे समापन आज दिनांक 21-3-24 दिन शुक्रवार को हुआ । विगत चार दिनों से लगातार खेल कूद का आयोजन के आज अन्तिम दिन क्रिकेट का फाइनल मुकाबले में महाकाल और डार्क सीनियर बोयेस के बीच खेला गया। जिसमे डार्क सिनियॉर बोयेस ने 29 रन से मैच जीत गया। दूसरी तरफ फुटवाल के फायनल मुकाबला भी खेला गया। साथ में लड़कियों टाइम में तितली टीम बैडमिंटन में जीत हासिल किया। मौके पर खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढाने के लिए देवघर पंचायत के मुखिया शशि भूषण, बीजेपी पार्टी से बिजय तिवारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर मौजूद स्कूल के सभी टीचर्स एम बच्चे अभिभावकगण मौजूद रहे।

### बागबेड़ा थाना परिवार के साथ मनायी होली



**जमशेदपुर।** होली पर्व को देखते हुए आज बागबेडा थाना परिसर में बागबेडा थाना प्रभारी एवं बागबेड़ा के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों के साथ रूबरू कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने किया। इस मौके पर सर्वप्रथम एक दूसरे को परिचय देते हुए, एक दूसरे के गालों पर रंग गुलाल खेलकर, एवं रंगों का टिका कर होली भी मनाई गई। इस दौरान होली पर्व को मध्य नजर रखते हुए विधि व्यवस्था को शांति कायम बनाने पर भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बागबेडा थाना प्रभारी ने अपराध पर अंकुश लगाने का आश्वासन दिए। इसके अलावे पंचायत प्रतिनिधियों का समर्थन और सहयोग की भी अपील की ताकि अपराध पर नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपराध नियंत्रण के लिए सुझाव भी मांगे ताकि उनके दिए हुए सुझाव को पहल कर जनता के बीच एक अच्छा संदेश दे सके। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि इस तरह का आयोजन कर आपसी सामंजस्य बनाकर एक भाईचारे का संदेश देने का कार्य किया गया है। इस मौके पर मुखिया उमा मुंडा, जमुना हांसदा,नीनु कुदादा,सुनील किस्कु, मीना देवी, मिर्जा हासदा, अनिमा मिंज, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, चंद्राय टुडू,सुशील कुमार, किशोर सिंह, सोनिया भूमिज, मनीषा हाइबुरू, गणेश मुर्मू ,अंजली चौहान, उप मुखिया मुकेश सिंह, संतोष ठाकुर, राकेश चौबे, मैनुल खान,पल्लवी शर्मा, पुष्पा देवी, सुरेश निषाद वार्ड सदस्य सीमा पांडे, पूजा कुमारी, रीमा कुमारी, रूपा देवी, उमेश पांडे, अभिषेक उपाध्याय, सुरेश साह, रेखा देवी, रामवती देवी, प्रभावती देवी शाहिद सैकड़ो पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# फूहड़ गाने बजाने वालों की खैर नहीं ड्रिंक एंड ड्राइव पर होगी कड़ी कार्रवाई

- डीसी और एसएसपी ने होली को लेकर की केन्द्रीय शांति समिति के साथ बैठक
- आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्यौहार : अनन्य मित्तल
- होली के दिन संवेदनशील स्थानों पर रहेगी विशेष चौकसी : किशोर कौशल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**बैठक को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल।**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के मद्देनजर सिदगोड़ा टाउन हॉल में केन्द्रीय शांति समिति के साथ बैठक की गई। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति सदस्यों से क्रमवार उनकी क्षेत्र की समस्याओं को सुना, साथ ही विधि व्यवस्था संधारण के लिए क्या बेहतर कदम उठाए जा सकते हैं इसपर सदस्यों के सुझावों पर अमल को लेकर आश्वस्त किया । सिटी एसपी श्री मुकेश लुणायत, रूरल एसपी श्री ऋषभ गर्ग, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनन्त कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी, एसडीओ, बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी तथा बड़ी संख्या ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के केन्द्रीय शांति समिति के सदस्य बैठक में उपस्थित थे ।

डीसी अनन्य मित्तल ने कहा कि जिले में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था रहेगी । खुशियों के इस त्यौहार को सभी जिलेवासी हर्षल्लास से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारा के वातावरण में मनायें।

### तिलक लगाकर होली खेलें : जल पुरुष सुबोध झा



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा ने सभी जनता जनार्दन और सरकार से आग्रह किया है कि इस बार तिलक की होली खेलें। जल ही जीवन है जल को बर्बाद होने से बचाये, जनता जनार्दन और सरकार से आग्रह करते हैं कि अधिक से अधिक वाटर हार्वेस्टिंग करके जल संरक्षण करने और करने का संकल्प लें। जनता जनार्दन से आग्रह किया होली के दिन पानी को बर्बाद ना करें तिलक होली खेलकर धूमधाम से पर्व को मनायें और पानी को बचायें।

## गोल्डन आवर के महत्व पर प्रकाश डालती मेडिकल डॉक्यू- ड्रामा सीरीज इनसाइडर

- नारायणा हेल्थ का स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**नारायणा हेल्थ के संस्थापक चेयरमैन सह नामी हार्ट सर्जन डा देवी शेट्टी बायें।**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत का अग्रणी संस्थान नारायणा हेल्थ ने बेहद ही हर्ष के साथ अपनी नई मेडिकल डॉक्यू-ड्रामा सीरीज इनसाइडर का अनावरण किया। इस तरह की यह पहली सीरीज है जो हेल्थ इमरजेंसी की स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

साथ ही उन मरीजों की सच्ची कहानियों को भी साझा करती है, जिन्होंने अविश्वसनीय चुनौतियों का सामना किया। यह सीरीज आपात स्थिति में उन नाजुक क्षणों और गोल्डन आवर के महत्व पर प्रकाश डालती है और इन अनुभवों का मरीजों और उनके परिवारों पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा है, उसे भी दशार्ती है। इसी को लेकर डॉक्टरों, मरीजों, हेल्थकेयर पेशेवरों, पत्रकारों और अन्य लोगों के साथ एक विशेष प्रिव्यू इवेंट किया गया, जिसमें सीरीज की भावनात्मक और जीवन को बदलने की क्षमता को दिखाया गया। 27 मार्च को विशेष रूप से जियो सिनेमा, जियो टीवी और टीवी $ पर 10 प्रभावशाली एपिसोड के प्रीमियर के साथ इनसाइडर जीवन-घातक आपात स्थितियों का सामना करने वाले मरीजों की सच्ची कहानियों को दिखायेगा।

## विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में मनायी गयी फूलों वाली होली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विवेकानंद इंटर नेशनल स्कूल के प्रांगण में गुरुवार, 21 मार्च को हर वर्ष की तरह होली का त्योहार मनाया गया जिसमें सभी शिक्षक एवम स्टाफ के अलावा सभी संप्रदाय के प्रबुद्ध लोग शामिल हो कर एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दीं। सभी ने एक दूसरे पर गुलाब इत्यादि रंगीन और खुशबूदार फूल डाल कर होली का आनंद उठाया। प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मिलजुल कर होली का आनन्द उठाने का संदेश दिया। आजाद नगर पीस कमिटी के सचिव मुख्तार आलम खान ने होली को सद्भावना का पर्व बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सैयद आसिफ अख्तर, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

### रंगों से सराबोर हुईं क्षत्रिय समाज की महिलाएं



**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ द्वारा अनुग्रह नारायण सिंह शिक्षण एवं सेवा संस्थान, बागबेड़ा कॉलोनी में फगुआ के संग होली हुड़दंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉक्टर कविता परमार संरक्षक प्रतिमा सिंह पूनम सिंह नीतू सिंह नीरू सिंह और महासचिव मंजू सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उसके बाद रीता के टीम द्वारा एक से एक फगुआ गाया गया जिस पर सभी लोग झूम रहे थे। फगुआ गायन के बाद विभिन्न समाज की प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें विनीता सहाय, पूर्वी घोष, विमला सिंह, सुनीता जायसवाल, कुसुम पूर्ति, पूर्णिमा मल्लिक, गीतिका प्रसाद, नंदिनी साहू, एकता जायसवाल, चंदन जायसवाल, प्रतिमा मुंडा, रीमा साहू मुख्य रूप से थीं। उसके बाद विभिन्न इकाइयों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रम में आर आई टी, आदित्यपुर, सोनारी, बिष्टुपुर, कदमा, साकची, गोलमुरी, सीतारामडेरा, टेल्को, शिदगोड़ा, गोविंदपुर, बागबेड़ा, जुगसलाई, सुंदर नगर इकाई अध्यक्ष के साथ साथ पूरी कमिटी ने फगुआ का आनंद लिया। केन्द्रीय पदाधिकारियों जीनू सिंह शम्मी सिंह, पुष्पा सिंह, सीमा सिन्हा, प्रीति सिंह, शिवानी सिंह, सरिता सिंह, अर्चना सिंह, रीता सिंह, आशा सिंह, सुनीता सिंह द्वारा अध्यक्ष सुजाता सिंह, तृप्ति सिंह, शालिनी सिंह, सीमा सिंह, कुमुद सिंह, विमला सिंह, संध्या सिंह, मनोरमा सिंह, निशा सिंह, कंचन सिंह, राधा सिंह, रानी सिंह, रागिनी सिंह को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव मंजू सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बागबेड़ा की केंद्रीय पदाधिकारी पुष्पा सिंह, अध्यक्ष संध्या सिंह के साथ-साथ पूरे बागबेड़ा समिती के साथ साथ शिवानी सिंह और अन्य सभी का सराहनीय योगदान रहा। सभी महिलाओं ने फगुआ गायन नृत्य के साथ-साथ लजीज व्यंजन का भी लुत्फ उठाया।

## टाटा स्टील यूआइएसएल की जमशेदपुर में सतत जल प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता

**विश्व जल दिवस पर विशेष**

**रितुराज सिन्हा**





**टाटा स्टील यूआइएसएल वाटर ट्रिटमेंट प्लांट और रितुराज सिन्हा।**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल), जो जमशेदपुर में यूटिलिटीज और इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है, शहर के हित में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानती है। हम भविष्य के लिए सतत जल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए नवीन समाधान लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**चुनौतियां और अवसर :** कई औद्योगिक शहरों की तरह, जमशेदपुर को भी जल प्रबंधन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। असमान वितरण, पुरानी इंफ्रास्ट्रक्चर और संभावित जल गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। हालांकि, ये चुनौतियां नवीन समाधानों के अवसर भी प्रस्तुत करती हैं जिनसे शहर और इसके निवासियों को लाभ होता है।

**टाटा स्टील यूआइएसएल की पहल, इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण :** हम रिसाव का पता लगाने और मरम्मत प्रौद्योगिकियों के साथ जल आपूर्ति नेटवर्क को उन्नत करने में सक्रिय रूप से निवेश कर रहे हैं। यह न केवल पानी की हानि को कम करता है बल्कि पंपिंग लागत को भी अनुकूलित करता है, जिससे अधिक कुशल प्रणाली सुनिश्चित होती है।

**वर्षा जल संचयन :** टाटा स्टील यूआईएसएल जागरूकता अभियान और तकनीकी सहायता के माध्यम से आवासीय और कमर्शियल भवनों में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देती है। यह पहल निवासियों को जल संरक्षण में सक्रिय भागीदार बनने और शहर की जल आपूर्ति को पूरक बनाने के लिए सशक्त बनाती है।

**अपशिष्ट जल उपचार:** हम जिम्मेदार अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कुशल अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों का संचालन और रखरखाव करते हैं जो उन्नत फिल्टरेशन सिस्टम का उपयोग करते हैं। उपचारित अपशिष्ट जल को फिर संभावित रूप से गैर-पीने योग्य उद्देश्यों, जैसे सिंचाई या औद्योगिक प्रक्रियाओं, के लिए पुनः उपयोग किया जाता है, जिससे जल संसाधन की अधिकतम प्राप्ति होती है।

**(नोट : लेखक टाटा स्टील यूआइएसएल के मैनेजिंग डायरेक्टर पद पर कार्यरत हैं।)**

## स्पीड न्यूज

### योगेंद्र बने पलामू जिला युवा अध्यक्ष

**विश्रामपुर, पलामू।** तोलरा जिंजरा गांव के युवा पत्रकार योगेंद्र मिश्रा को झारखंड पत्रकार संगठन का पलामू जिला युवा अध्यक्ष बनाया गया। इसकी जानकारी पत्रकार सह झारखंड पत्रकार संगठन के पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष नीलकमल शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि योगेंद्र मिश्रा पूर्व में भी पलामू के जिला युवा अध्यक्ष रहे हैं। इनके बेहतर कार्य को देखते हुए संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष अश्विनी घई सहित अन्य पत्रकारों से रायशुमारी के बाद एक बार फिर से जिम्मेवारी बतौर जिलाध्यक्ष सौंपी गयी है।

### वैश्य सभा की हरिहरगंज इकाई गठित



**हरिहरगंज पलामू।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा की गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें हरिहरगंज प्रखंड इकाई गठित की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रभात गुप्ता तथा संचालन जिला महामंत्री मनोहर कुमार ने किया। बैठक में पर्यवेक्षक संतोष प्रसाद तथा राजेश प्रसाद की उपस्थिति में प्रखंड पदाधिकारियों को चुना गया। इनमें प्रखंड अध्यक्ष के लिए संतोष कुमार, महामंत्री श्यामसुंदर प्रसाद तथा कोषाध्यक्ष के लिए राजेश प्रसाद गुप्ता का चयन किया गया।

### विश्वनाथ और कामता भाजपा में शामिल





**मोहम्मदगंज पलामू।** गुरुवार को भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता की बैठक में मुख्य अतिथि पलामू सांसद सह पलामू लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने एनसीपी नेता विश्वनाथ प्रसाद मेहता और वरिष्ठ समाजसेवी कामता मेहता को पार्टी का पार्टी का वस्त्र देकर भाजपा में शामिल कराया। मौके पर विश्वनाथ और कामता मेहता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के देश के प्रति अटूट निष्ठा और नीति से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं।

### कल निकलेगी प्रभातफेरी

**मेदिनीनगर।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर 23 मार्च की सुबह प्रभातफेरी निकाली जायेगी। शाम को सांस्कृतिक संध्या होगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शहीदों की याद में हर साल आयोजित होने वाले समारोह आयोजन कर कोशिश है कि हम युवा पीढ़ी को भगत सिंह के आदर्श और विचारों को बतायें। संध्या 6 बजे से अंबेडकर पार्क में कार्यक्रम होगा।

### भाजपा बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक



**मोहम्मदगंज पलामू।** भाजपा मंडल बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक गुरुवार को मेन रोड स्थित गोकुल गुप्ता के कॉम्प्लेक्स परिसर में हुई। जिसमें सांसद व पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अबकी बार चार सौ पार के साथ केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाना है। पूरे पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एकजुट है, कोई भ्रम की स्थिति नहीं है। बैठक में मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, विजय कुशवाहा, महेंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह, कामेश्वर सिंह, सी बी रमण सिंह, मानिकचंद्र शर्मा, रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान, रामप्रवेश सिंह, विनोद सिंह भी मौजूद रहे।

### एक अनार सौ बीमार को चरितार्थ कर रहा अबुआ आवास: व्यास राम चौरसिया



**चैनपुर (पलामू)।** झारखंड सरकार की स्पष्ट नीति नहीं होने से अबुआ आवास के लिए आवेदन देने वाले ग्रामीण परेशान हैं। गरीबों को अबुआ आवास मिलना तो दूर उन्हें नाहक परेशान किया जा रहा है। गरीब सरकारी कार्यालय का चक्कर काटते काटते थक चुके हैं लेकिन अभी तक गरीबों को अबुआ आवास की सूची में शामिल नहीं करना हास्यास्पद है। एक अनार सौ बीमार को चरितार्थ करता अबुआ आवास मुखिया को पंगु बना दिया है। ये बातें सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह नरसिंहपुर पथरा पंचायत के मुखिया पति व्यास राम चौरसिया ने कही। प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सभा द्वारा पारित सूची को सरकार ने अमान्य कर मुखिया के अधिकार का हनन किया है।

### स्वर्णकार संघ ने सीएम को सौंपा मांग पत्र



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग की है कि झारखंड राज्य में स्वर्ण व्यवसाईयों के साथ हो रहे डकैती चोरी और लूट की घटना अविलंब रोका जाये। साथ ही झारखंड राज्य में स्वर्ण कला बोर्ड का गठन किया जाये और स्वर्ण व्यवसायियों को शस्त्र का लाइसेंस दिया जाये। दुर्गा जौहरी ने कहा कि झारखंड में स्वर्ण व्यवसायी सिर्फ व्यवसाय ही नहीं करते हैं बल्कि राज्य सरकार के आर्थिक कोष को बढ़ावा देने के लिए टैक्स की भरपाई भी करते हैं। साथ ही समाज में दबे कुचले गरीब, असहाय लोगों की सेवा में सदैव अपनी योगदान निभाते हैं। इसके बावजूद स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा राज्य, जिला व प्रखंड मुख्यालय पर पुलिस नहीं देती कहा कि स्वर्ण व्यवसायियों को पुलिस द्वारा चोरी का सामान क्रय करने के आरोप में प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वर्ण व्यवसायी क्रय विक्रय दोनों काम करते हैं लेकिन व्यवसायी यह पहचान नहीं पाते हैं कि जो व्यक्ति मेरे यहां सामान बेच रहा है वह चोरी का है या स्वयं का। ऐसी गतिविधि पर भी अंकुश लगाया जाये। श्री जौहरी ने कहा कि मांग पत्र पढ़ने के बाद मुख्यमंत्री ने सहयोग करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक जयप्रकाश गुप्ता, अखिलेश सोनी, बैजू सोनी अयोध्या प्रसाद वर्मा, टुनटुन सोनी, राजेश सोनी, सुरेंद्र वर्मा, रबिंद्र कुमार उपस्थित थे।

# पलामू एसपी, सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर ने नक्सल क्षेत्रों का किया दौरा

- शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट : रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** देशभर में चौथे और झारखंड के पलामू संसदीय क्षेत्रों में पहले चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट मोड पर है। बुधवार को पलामू एसपी रीष्मा रमेसन और सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर ने हुसैनाबाद अनुमंडल के नक्सल प्रभावित क्षेत्र महुदंड, लोहबंधा, केमे प्रतापपुर, विश्रामपुर विधानसभा के पांडु थाना क्षेत्र के कुलही में मतदान केंद्रों का जायजा लिया। मौके पर पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। बता दें कि इन सभी स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है ताकि चुनाव भयमुक्त वातावरण व निष्पक्ष कराया जाये और मतदाताओं को कोई दिक्कत न हो। झारखंड के पलामू संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान है इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। चिह्नित स्थानों पर लगातार पुलिस सर्च अभियान और एलआरपी कर रही है। वैसे सभी मतदान केंद्रों पर भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था है ताकि इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान भयमुक्त करें। एसपी ने कहा कि



लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू पुलिस हाई अलर्ट मोड में है। जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पलामू पुलिस शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान को लेकर संकल्पित है। इस अभियान में डीआइजी सीआरपीएफ, सीआरपीएफ 112 कमांडेट, पलामू एसपी, हुसैनाबाद एसडीपीओ व विश्रामपुर एसडीपीओ, हुसैनाबाद थाना प्रभारी, विश्रामपुर थाना प्रभारी पांडु थाना प्रभारी समेत कई थाना के पुलिस अधिकारी एवं सीआरपीएफ के 172 कंपनी के जवान मौजूद थे।

भाजपा की हैदरनगर व मोहम्मदगंज मंडल और बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक

# बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं पार्टी के सबसे महत्वपूर्ण अंग : बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** भारतीय जनता पार्टी की हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि सांसद बिष्णुदयाल राम मौजूद थे। पलामू लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी जो कहती है, वही करती है। इस पार्टी के अंदर ही चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री बन कर देश की खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने के लिए पूरी



**खास बातें :** बैठक को प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामेश्वर राम सी बी रमन सिंह, मानिक शर्मा, कामेश्वर सिंह ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। मौके पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद निजी सचिव अलख द्बे, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता आदि मौजूद थे।

ईमानदारी से लगा है। बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी के सबसे महत्वपूर्ण कार्यकर्त्ता होते हैं। हैदरनगर में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव एवं मोहम्मदगांज में मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने किया।

**लोकसभा चुनाव :** उपायुक्त ने चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

# योग्य मतदाताओं का 12 डी फॉर्म भरना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईजर के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं का निबंधन, एएसडी वोटर वेरिफिकेशन, सीनियर



जानकारी देते उपायुक्त व उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

सिटीजन वेरिफिकेशन, ईपी जेंडर रेश्यो वेरिफिकेशन आदि की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने एएसडी वोटरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही आवश्यकतानुसार फॉर्म 7 भरकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इसके बाद अंतिम रूप से नामंकन के आखिरी दिन वोटर इंफॉर्मेशन स्लीप के वितरण के पश्चात एएसडी के मार्किंग करने के निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ सुपरवाईजर को प्रत्येक बूथ पर व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावे बीएजी व वीएएफ को क्रियाशील करने व उनके साथ बैठक करने के भी निर्देश दिये।

**डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान पर भी हुई बैठक**

सभी बीएलओ सुवरवाईजर के साथ बैठक के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान की बैठक की जिसमें सभी एआरओ व एईआरवो उपस्थित रहे। इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने सभी से कम्युनिकेशन प्लान, रुट चार्ट प्लान, वाहनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी वैसे स्थान जहां इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने की आवश्यकता है उसकी सूची भी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

# वानिकी दिवस से धरती और वनराखी मूवमेंट से संपूर्ण ब्रह्मांड की सुरक्षा: गुरु कौशल जायसवाल

- पर्यावरणविद ने पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर मनाया विश्व वानिकी दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान में पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर 54 वां विश्व वानिकी दिवस व अपनी पोती आद्रिका का छठी जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की भी शपथ दिलायी।



वनों पर रक्षाबंधन करते पर्यावरणविद व पर्यावरण से जुड़े लोग।

**खास बातें :** कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए श्री कौशल ने कहा कि समय रहते अगर लोग सचेत नहीं हुई तो कोरोना की कहर से भी ज्यादा तबाही प्रदूषण की जहर से मचेगी। पर्यावरण धर्म से जुड़े लोगों के साथ पर्यावरणविद ने वनों पर राखी बांधकर उसे बचाने की शपथ दिलाई। विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण कोरोना से भी अधिक भयावह प्रदूषण का खतरा लोगों के सिर पर मंडरा रहा है। विश्व वानिकी दिवस पर उन्होंने ब्रह्माण्ड के सभी जीवों की रक्षा के लिए पौधरोपण करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मदेव यादव ने की जबकि संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल के प्रतिनिधि पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी ने की। मौके पर जुबेर अंसारी, सूरज देव यादव, कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद,कामेश्वर राम, कामेश्वर सिंह, रूपेश कुमार, अजय कुमार, श्रवण कुमार, विशाल कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# लोगों की सेवा के लिए ही चुना है राजनीति का क्षेत्र : संजय रंजन

- पूर्व डीआईजी सह आजसू के केंद्रीय महासचिव का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** न्यू सब्जी मंडी स्थित रानी मैरेज हॉल में गुरुवार को आजसू प्रखंड कमेटी की ओर से सम्मान समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। पिछले दिनों ही आजसू में शामिल हुए पूर्व डीआईजी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। श्री रंजन ने कहा कि लोगों की सेवा करने के लिए ही राजनीति का क्षेत्र चुना है। झारखंड की माटी से जुड़े पार्टी प्रमुख सुदेश महतो के विजन और विचारों को आगे बढ़ाना उनका ध्येय



है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासन में खनीज संपदा से परिपूर्ण राज्य होने के बावजूद यहां के लोग अभी भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। इससे लोगों को निजात दिलाना है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सह केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य रामजी पासवान आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त ने जीएलए कॉलेज में स्ट्रांग रूम व काउंटिंग हॉल का लिया जायजा

- सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर दिये जरूरी निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर शहर के गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज पहुंच कर स्ट्रांग रूम व काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शिता व सुव्यवस्थित तरीके से क्रियान्वित करने की दिशा में संबंधितों को दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने काउंटिंग हॉल में कुर्सी, टेबल, बिजली, एसी, पंखा, इत्यादि वस्तुओं का जायजा लिया तथा उसे दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विधानसभा वाइज स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग हॉल के भवनों का निरीक्षण करते हुए मैप



अनुसार व्यवस्था बहाल से संबंधित जानकारी ली व भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को ससमय चुनाव से संबंधित तैयारियां पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि हॉल में लाइटिंग की पूर्ण व्यवस्था, सुरक्षाबलों के रहने हेतु की जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवायें।

### सर्पदंश से महिला गंभीर



**हुसैनाबाद पलामू।** मोहम्मगंज थाना क्षेत्र स्टेशन रोड नदी के समीप सर्प ने एक 35 वर्षीय महिला को डंस लिया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। महिला की अचेत स्थिति में परिजनों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया। मोहम्मगंज रेलवे स्टेशन के समीप नदी पर गांव के गुलाब यादव की पत्नी कमला देवी खेत में काम कर रही थी। उसी समय घास में छुपे सर्प ने डंस लिया, जिससे वह बेहोश होने लगी। सूचना पर खेत में काम कर रहे लोग और परिजनों ने उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### नाबालिग को भगाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने हुसैनाबाद थाना में नबीनगर थाना जिला औरंगाबाद निवासी दशरथ प्रजापति उर्फ राजा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें कहा गया है कि दशरथ अक्सर मोबाइल पर बातचीत करता था। वह उसे बहला फुसलाकर शादी की नियत से भगा ले गया है। लड़की घर में रखे नकद पच्चास हजार रुपये, एटीएम और मोबाइल फोन साथ लेकर भागी है। दशरथ एक निजी क्लीनिक में काम करता था, घटना के बाद से वहां नहीं आ रहा है। हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया की लड़की के पिता के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गयी है।

# ट्रैक्टर के धक्के से वार्ड सदस्य की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

- पंडवा पुलिस बीच रोड में ट्रैक्टर को नहीं रोकती तो नहीं घटती घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के गंगतुआ निवासी सह वार्ड सदस्य उपेंद्र पांडेय उर्फ लुलु (45) पिता विक्रमा पांडेय की मौत ट्रैक्टर के धक्के से हो गयी। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन व ग्रामीण पाटन-पंडवा पथ को जाम कर दिये। उपेंद्र गुरुवार की सुबह दस बजे बाइक से पाटन जा रहे थे। उसी क्रम में पीछे से बालू लदा ट्रैक्टर उन्हें रौंदते हुए भाग गया। इसमें उपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गयी। प्रत्यदर्शियों



ने बताया कि पड़वा पुलिस मुख्य पथ पर गाड़ी खड़ी कर ट्रैक्टर रोक रही थी। चालक पुलिस को देख स्पीड बढ़ा दी एवं साइड से जा रहे उपेंद्र पर चढ़ाते हुए भाग गया। वहीं पड़वा पुलिस मूकदर्शक बन कर तमाशा देखती रही।

## स्तरोन्नत्त उवि को +2 का दर्जा, लोगों में हर्ष

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय को +2 का दर्जा मिल गया है। राज्य की स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से 12 मार्च को इस संबंध में राज्यपाल के आदेश से सरकार के प्रभारी सचिव ने राज्य के 166 सरकारी उच्च विद्यालयों के साथ इसे भी +2 में उत्क्रमण की स्वीकृति दी है। इससे इस प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक पास छात्र खासकर, छात्राओं को कहीं किसी दुसरी जगह इंटर कॉलेज की पढाई के लिए जाने की परेशानी से निजात मिलेगा।

# बच्चों की हर गतिविधि पर नजर रखता है संत मरियम स्कूल प्रबंधन

- चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूल बस से यात्रा कर परिवहन स्थिति का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल प्रबंधन बच्चों के प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखता है। इस कारण स्कूली बच्चे अनुशासन व संस्कारयुक्त रहते हैं। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूल बस से यात्रा कर स्कूल की परिवहन स्थिति का जायजा लिया। बच्चों की सुरक्षा, सीटों के अनुपात में बच्चों की संख्या, सीसीटीवी कैमरा, विद्यार्थियों के प्रति चालक और सह चालक का व्यवहार सहित



वाहन की पूर्ण सुरक्षा संबंधित सभी तथ्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूल बस में सीसीटीवी कैमरा लगा है। अभिभावक भी अपने घर से ही बच्चों की स्थिति की जानकारी ले सकते हैं। बच्चे सुरक्षित स्कूल से घर पहुंचे इसके लिए स्कूल प्रबंधन संकल्पित है।

### सुदर्शन अध्यक्ष, पवन बने रामनवमी पूजा समिति के सचिव



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** महावीर मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा समिति की कार्यकारिणी कमेटी बनी। जिसमें सर्वसम्मति से सुदर्शन सोनी अध्यक्ष, पवन सोनी को सचिव बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष अरविंद डीसिल्वा, उपसचिव शंकर बैठा, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उपकोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, महाप्रबंधक ओमप्रकाश गिरी, प्रबंधक एवं व्यवस्थापक उमाशंकर सोनी, अखिलेश कुमार, सुरेश भगत को चुना गया। निर्णय लिया गया कि रामनवमी पूजा शांति और सौहार्द के साथ मनाया जायेगा। साथ ही श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण यज्ञ के 19वें अधिवेशन में बाहर के विद्वान यज्ञ एवं प्रवचन करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर समिति पूर्ण सक्रिय रहेगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह होंगे। बैठक में मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सोनी, राम सोनी, पांडू सोनी, राजेश सोनी, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, अवध किशोर राय, मुनींद्र नाथ दुबे, नारद मांझी, बालकेश पासवान, सतीश मिश्रा, संतोष मिश्रा, मुन्ना सोनी भी थे।

रोटरी स्कूल चैनपुर में वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित, अनुग्रह नारायण बोले

# बच्चे हमारे देश के भविष्य

- प्रत्येक वर्ग में प्रतिस्पर्धा से रैंक लाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि : प्राचार्य अश्लेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** रोटरी स्कूल चैनपुर में वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित कर दिया गया। जिसके मुख्य अतिथि चैनपुर थाना पुलिस ऑफिसर एस के चौधरी थे। उन्होंने कहा कि विद्यादान एक बहुत ही पवित्र कार्य है। रोटरी स्कूल एक लब्ध प्रतिष्ठित विद्यालय है जहां गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है। उन्होंने बच्चों की सफलता पर शुभकामनाएं दी।

वर्ग में प्रथम, द्वितीय, व



बच्चे को सम्मानित करते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

तृतीय स्थान पाने वाले तथा शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रा/छात्राओं को सादे समारोह में उनके अभिभावक के समक्ष मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। देश के विकास के लिए इन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे कर तैयार करना नितांत आवश्यक है।

**खास बातें :** विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि वार्षिक परिणाम से हम संतुष्ट हैं क्योंकि है प्रत्येक वर्ग में प्रतिस्पर्धा के कारण रैंक लाने वालों की संख्या बढ़ी है, बेहतर के लिए सतत प्रयास जारी है, संतोष विकास की गति को अवरुद्ध कर देता है, अभी हमें बहुत ऊंची उड़ाने भरनी हैं। सीबीएसई की परीक्षा के साथ विद्यालिय परीक्षा व इसका परिणाम घोषित करना मेरे लिए प्रेरित कार्य प्रतित हो रहा है। धर्म और कर्म दोनों को साथ लेकर चलना आसान नहीं होता है पर मजबूत संकल्प शक्ति और सहयोगियों के सहयोग ने मुझे सफलता के मुकाम पर पहुंचा दिया। विगत सत्र की अपेक्षा इस वर्ष कार्य दिवस में वृद्धि हुई है।

# फुटपाथ विक्रेता संघ ने छतरपुर बाजार में किया रंगारंग भव्य होली मिलन समारोह

- होली के गीतों पर झूमते रहे लोग, उत्साह व उमंग में जम कर उड़े अबीर गुलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** फुटपाथ विक्रेता संघ के द्वारा छतरपुर के बाजार प्रांगण में भव्य होली मिलन समारोह किया गया। मौके पर कार्यक्रम का उद्‌घाटन फीते में फीता बांध कर नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बुल बाबा, संघ के संरक्षक और समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, शिशु विद्या भारती के निदेशक अरुण ठाकुर, समाजसेवी कामेश्वर पासवान, अरुण ठाकुर, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा सहायक और बड़ा बाबू, फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम सागर, कोषाध्यक्ष गोकुल प्रसाद, मोहन चंद्रवंशी, विंध्याचल विश्वकर्मा, लालमोहन गुप्ता, सेवक यादव, विश्वनाथ चौधरी ने किया।



फीता जोड़कर होली मिलन समारोह की शुरुआत करते अतिथि।

**खास बातें :** फुटपाथ विक्रेता संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया और लोगों से प्यार सौहाद्र और मोहब्बत वाली होली मनाने का आग्रह किया। कहा कि यह अपने आप में संघ का एक अनोखा आयोजन है। जब फुटपाथ विक्रेता संघ फीता काटकर नहीं, बल्कि फीते में फीता बांधकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाता है जिससे सामाजिक सौहार्द का संदेश जाये। यह त्योहार समाज में प्यार सौहाद्र बांटने का त्योहार है। नगर के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने कहा कि होली मिलन समारोह से समाज की एकता मजबूत होती है और ऐसे आयोजन के लिए संघ बधाई का पात्र है। संघ के अध्यक्ष गौतम सागर ने कहा कि यह संघ का दूसरा होली मिलन समारोह है, जो अपने आप में अनूठा भी है। यह कई सामाजिक संदेश देता है बस करना इतना है कि फुटपाथ के दुकानदारों को सम्मान से जीने का अधिकार कोई छीन न पाये। मौके पर इलाके के प्रसिद्ध गायक धर्मेंद्र उजाला, श्याम सांवरिया, सनोज सागर और उनकी टीम ने अपने वादन गायन और नृत्य से लोगों का दिल जीत लिया।

## डीबीए, पटना के अध्यक्ष और महासचिव आमरण अनशन पर

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय में हुए ट्रांसफार्मर विस्फोट हादसे के बाद पटना जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और महासचिव अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए। व्यवहार न्यायालय परिसर में संघ के अध्यक्ष अमरनाथ और महासचिव अशोक कुमार यादव कई दिनों से लगातार अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे थे लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने के बाद दो दिनों से आमरण अनशन पर चले गए हैं।

## नीतीश ने बिहार दिवस की दी बधाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस पर प्रदेश एवं देशवासियों को आज बधाई एवं शुभकामनायें दी। श्री कुमार ने आशा व्यक्त की है कि बिहार निरंतर प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। बिहारवासी आपसी एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सद्भाव बनाये रखेंगे। हम सब मिलकर बिहार को प्रगति की नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे एवं बिहार के गौरव को और आगे बढ़ायेंगे।

## नीतीश ने जयपुर में बिहार के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत पर जताया शोक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजस्थान के जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के जैसल्या गांव में आग लगने की घटना में बिहार के एक ही परिवार के पांच लोगों की हुयी मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने इस घटना को काफी दुखद बताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# कोर्ट ने अप्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति अमान्य करार दिया

एजेंसी

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय से 31 मार्च 2015 के बाद राज्य में किसी भी अप्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति या नियोजन को कानूनी रूप से अमान्य करार दिया। हाई कोर्ट ने यह भी तय किया कि राज्य में एक अप्रैल 2010 से लेकर 31 मार्च 2015 के बीच नियोजित हुए अप्रशिक्षित शिक्षक यदि आठ अगस्त 2021 तक या उससे पहले उक्त कानून के तहत न्यूनतम प्रशिक्षण की आहर्ता (डीएलएड कोर्स) पूरा कर लिए हैं तो उनका नियोजन को बरकरार रखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च 2015 की प्रभावित तिथि से बिहार में शिक्षा के अधिकार कानून लागू हुआ था जिसके तहत कोई भी शिक्षक अप्रशिक्षित नहीं हो सकता। हाई कोर्ट ने केवल उन्हीं नियोजित शिक्षकों की सेवा को बरकरार रखने का निर्देश दिया है जो 8.8.21 के कट ऑफ डेट तक या उससे पहले न्यूनतम 18 महीने का प्रशिक्षण सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुके हैं। कोर्ट ने यह भी माना की शिक्षा का अधिकार कानून, जिसे केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2010 से लागू किया था, लेकिन बिहार में यह कानून 31 मार्च, 2015 के प्रभाव से लागू हुआ, इसलिए एक अप्रैल, 2010 से 31 मार्च, 2015 के बीच नियोजित हुए अप्रशिक्षित शिक्षकों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत सेवा में रहते हुए प्रशिक्षण लेने की छूट एक निर्धारित समय अवधि के लिए दी जा सकती है। हाई कोर्ट ने उन नियोजित शिक्षकों को भी सेवा में रहने का मौका दिया है जिनके प्रशिक्षण कोर्स और परीक्षाएं आठ अगस्त 21 से पहले हो गई, लेकिन रिजल्ट अटका रहा या उक्त तारीख के बाद निकला था।

**पटना हाई कोर्ट का बड़ा फैसला**




## एक नजर में

## लालू यादव के करीबी आरजेडी विधायक के ठिकानों पर दूसरे दिन भी छापामारी

एजेंसी

**सिमरी (बक्सर)।** लालू यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ सिंह यादव के आवास सहित अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। आईटी के अधिकारी विधायक के विभिन्न प्रतिष्ठानों से संबंधित कागजात की न सिर्फ बारीकी से जांच कर रहे हैं, बल्कि उनका बयान भी दर्ज कर रहे हैं। हालांकि, पिछले 36 घंटे की जांच में उनके हाथ क्या-क्या लगा है, यह अभी रहस्य के गर्त में है। सोन ईंट उद्योग के प्रबंधक कमलेश पांडेय ने बताया कि इस बारे में विस्तृत जानकारी विभाग के लोग ही देंगे। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लहना चक्की में संचालित फ्लावर मिल से 17 लाख रुपये, ईंट उद्योग के 64 हजार रुपये और पहलवान यादव के पॉकेट से 14 हजार रुपये टीम के हाथ लगे हैं। इसके अलावा पांडेय के नया भोजपुर आवास से कुछ कागजात एवं महिलाओं के आभूषण मिले थे, जिसे पंचनामे पर अधिकारी स्वजन को सौंपकर वापस चले गए। वहीं, एकाउंटेंट अरुण दुबे के दवनपुरा एवं बक्सर स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान टीम को कुछ खास सफलता हाथ नहीं लगी है। फिलहाल विधायक आवास, संत कुमार ओझा, खरहाटांड़ एवं फ्लावर मिल प्रबंधक राजू सिंह के पैतृक आवास बलिया जिले के पांडेय डेरा बेयासी में आईटी की कार्रवाई जारी है। हालांकि, आईटी के एक अधिकारी से अब तक की कार्रवाई के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई, परंतु उन्होंने कुछ भी बताने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। बताते चलें कि गत बुधवार को सुबह आय से अधिक संपत्ति मामले में आईटी ने विधायक के पटना, बिहटा, बिहिया, बक्सर, सिमरी, चक्की, बेयासी सहित कुल 22 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कि शुरूआत की थी।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



खिलाड़ियों के साथ अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित सेल मैदान में सेल तुलसीदामर खदान समूह के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को दो दिवसीय नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम, सेल के प्रभारी जीएम डा. विजय राम, उप प्रबंधक (कार्मिक) बुलु दिग्गल, एजीएम राजेश कुमार व सिंदुरिया पंचायत के उपमुखिया वैश खां ने संयुक्त रूप से खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता का पहला मैच सिंदुरिया एवं मकरी के बीच खेला गया। जिसमें सिंदुरिया की टीम ने मकरी की टीम को 2-0 से हराया। दूसरा मैच कैलान एवं घाघरा टीम के बीच खेला गया, जिसमें कैलान की टीम ने घाघरा की टीम को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सेल प्रबंधन ने फुटबॉल टूर्नामेंट कराकर ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रतिभा निकालने का अवसर प्रदान कर रही है। खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। मैच में रेफरी की भूमिका सुनील कुमार, अवोश कुमार व संजय कुमार ने निभाई। मौके पर एसबीआई शाखा प्रबंधक आदेश कुमार, सेलकर्मी डोमन यादव, सुशील कुमार, डली रानी, विनय सिंह, राजेश यादव, हीरालाल यादव, प्रसून श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# गढ़वा के दिनेश कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. लल्लन सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय से फरठिया तक पैदल मार्च कर ग्रामीणों को मतदान में भाग लेने एवं मतदान करने के लिए जागरूक किया।

मौके पर कुल सचिव ने कहा कि लोकतंत्र की पहचान आपके मतदान के द्वारा ही हो सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता गुप्ता ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है और हमें इस अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह तथा कुलपति प्रो.डा. एमके सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम देश में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। मौके पर एनएसएस पदाधिकारी शशिकांत सिंह यादव, अरविंद तिवारी, जनार्दन शुक्ला, मनोज गुप्ता, आनंद कुमार चौबे, ओम प्रकाश, अभिमन्यु शुक्ला, डा. आशुतोष मिश्रा, बीएन सिंह सहित कई अन्य प्राध्यापक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।




पैदल मार्च करते लोग

## पेज एक का शेष

### केजरीवाल गिरफ्तार...

**9 बार समन पर भी पेश नहीं हुए थे :** इससे पहले केजरीवाल को ईडी ने नौ बार समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। अपनी गिरफ्तारी पर रोक के लिए वह दिल्ली हाईकोर्ट चले गये थे। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने मामले में केजरीवाल को दंडात्मक कार्रवाई से कोई संरक्षण देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संरक्षण के अनुरोध संबंधी केजरीवाल की अर्जी को 22 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। समन को चुनौती देने वाली उनकी मुख्य याचिका पर भी उसी दिन (22 अप्रैल को) सुनवाई होगी। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। बाद में इस नीति को रद्द कर दिया गया था। मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी द्वारा दाखिल आरोप पत्र में केजरीवाल के नाम का कई बार उल्लेख किया गया है।

### बिल्डर ने की आत्महत्या ...

**करीबी बताते हैं तनाव में थे :** नके करीबी बताते हैं कि नीरज सहाय पिछले कुछ समय से अपने व्यापार में आयी गिरावट और इन्वेस्टर्स का प्रेशर झेल रहे थे। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा था एक प्रभावशाली नेता और एक महिला नेता के पति नीरज सहाय पर पैसा लौटाने के लिए दबाव बना रहे थे। नीरज ने अपने इन्वेस्टर्स से साफ कह दिया था कि फिलहाल वह पैसा वापस करने की स्थिति में नहीं हैं क्योंकि रकम बहुत बड़ी है। पर चुनाव लड़ने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे नेता उनकी मजबूरी न तो सुनना चाह रहे थे और न ही समझना। नीरज सहाय को लगातार पैसा वापस करने का प्रेशर दिया जा रहा था। इधर घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस नीरज के परिजनों और करीबियों से पूछताछ कर इस आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने की कोशिश में है। घटनास्थल पर कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय, सिटी एसपी राजकुमार मेहता घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

**परिजन बोले खुदकुशी समझ से परे :** नीरज सहाय के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि बुधवार रात तक सब कुछ ठीक था। कहीं से भी तनावग्रस्त नहीं लग रहे थे, फिर सुबह उन्होंने आत्महत्या क्यों कर ली, यह समझ से परे है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि नीरज सहाय को हाल ही में अपने व्यवसाय में भारी नुकसान हुआ था, जिसके कारण वह तनाव में थे। डोरंडा थाना पुलिस ने नीरज सहाय की पत्नी अंशुल सहाय के बयान पर यूडी केस दर्ज किया है।

### चर्चित महिला दारोगा ...

बताया जा रहा है कि जमीन और बालू कारोबार को लेकर यह छापेमारी की गयी है। **रिश्वत लेते गिरफ्तार हुई थी मीरा :** खूंटी महिला थाना की प्रभारी रहते हुए मीरा सिंह को 25 फरवरी 2021 को एसीबी ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। बाद में मीरा का तबादला रांची हो गया। उसके बाद उन्हें तुपुदाना ओपी प्रभारी बना दिया गया। तुपुदाना में कई विवाद में पड़ने के बाद मीरा का तबादला हजारीबाग कर दिया गया था, लेकिन बाद में मुख्यालय के आदेश पर ही उसे रद्द भी कर दिया गया। वह सत्ता की करीबी रही हैं। सत्ता का हनक ऐसा है कि तुपुदाना ओपी प्रभारी रहते मीरा सिंह पर गंभीर आरोप लगे, पर वह यथावत रहीं। पद से हटाने की भी अनुशंसा पर डीजीपी ने हजारीबाग स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया था, लेकिन अपने रसूख के बल पर मीरा सिंह ने स्थानांतरण को रूकवा दिया। तबादले से संबंधित आदेश को डीजीपी को वापस लेना पड़ा था। अपने प्रभाव में लेकर कई उल्टे सीधे काम किये। अपनी ऊंची पहुंच और रसूख की वजह से रांची में थानेदार बनी। मीरा सिंह पर झारखंड हाईकोर्ट, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में पहले से मुकदमा चल रहा है।

### दिल्ली की साजिशों के ....

क्योंकि यहां उनकी सरकार नहीं है। आगामी चुनाव में कड़ाई से जवाब देने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि धुमाडीह का ऐतिहासिक मैदान झामुमो संगठन के लिए कर्मभूमि रही है। इस मैदान से शपथ लें कि वोट के माध्यम से विपक्ष की साजिशों को नाकाम करेंगे। वहीं राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता के लिए अनगिनत कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा। जो काम 20 साल में नहीं हुआ, वह सिर्फ चार साल के हेमंत काल में हुआ। विपक्ष को यह रास नहीं आया और साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फंसाने का काम किया। जनता मजबूती से चुनाव में ऐसी ताकतों को सबक सिखायेगी।

### एसबीआइ ने चुनावी ...

बांड नंबर अल्फा न्यूमरिक (अक्षर और अंकों का मिश्रण) हैं। चुनावी बांडों का ब्योरा दो बंद बंद लिफाफों (लिफाफा 1 और लिफाफा 2) में प्रस्तुत किये जाने की जानकारी दी गयी है, ताकि आयोग इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सके। पहले लिफाफे में बांड की सूचनाओं वाली पेन ड्राइव है, तथा दूसरे फाइल में पेन ड्राइव के पीडीएफ फाइल के पासवर्ड सौंपे गये हैं। बैंक ने कहा है कि जब भी जरूरत होगी, वह आयोग को यह हार्ड कॉपी के रूप में भी देगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने बांड पर रोक लगा दी थी :** उल्लेखनीय है कि चुनावी चंदे में नकदी के चलन को रोकने के लिये संसद में पारित कानून को तहत चुनावी बांड की व्यवस्था शुरू की गयी थी। एसबीआई को इन बांडों बेचने और भुनाने का दायित्व दिया गया था। बैंक इन बांडों को कुछ चुनिंदा शाखाओं के माध्यम से बेचता और उनका भुगतान करता आ रहा था। उच्चतम न्यायालय ने बांड को संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा के प्रावधान 19 (1) ए के प्रावधान और सूचना के अधिकार के कानून के खिलाफ करार दिया है।

# अवैध शराब भट्टी पर छापा 2000 लीटर जावा महुआ नष्ट



जावा महुआ नष्ट करती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब भट्टी संचालन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। एसडीपीओ के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने रमना प्रखंड के बारपानी जंगल में अवैध रूप से चल रहे शराब भट्टी में छापामारी कर भारी मात्रा में जावा महुआ शराब को नष्ट किया। वहीं एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस निरीक्षक और पुलिस जवानों के सहयोग से 2000 लीटर जावा महुआ एवं 100 लीटर देसी शराब को नष्ट कर दिया। इस दौरान अवैध शराब भट्टी को भी ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में बंशीधर नगर पुलिस निरीक्षक ने कहा कि एसडीपीओ को सूचना मिली थी कि सुदूरवर्ती जंगल में अवैध शराब भट्टी का संचालन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापामारी की गई है। मामले में भट्टी संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# होली मिलन समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के तत्वावधान में जिले के डंडई प्रखण्ड स्थित जल भवन परिसर में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डंडई प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुखिया, प्रमुख, बीडीसी व संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने संयुक्त रुप से बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व फीता काटकर किया। समारोह में महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी का कुछ दिन पूर्व ही हमारे डंडई प्रखंड में इतनी बड़ी कार्य करने वाले संस्था का कार्यालय का शुरुआत हुआ। उन्होंने कहा कि संस्था का जो उद्देश्य है। काफी सराहनीय है। संस्था गरीब हित में कार्य करती है। संस्था दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को दूर करने को लेकर मुहिम छेड़ा है। जिसमें हम सभी को सहयोग करने की जरूरत है। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि 2010 से हमारी संस्था गरीबों के हित में कार्य किया है। जो लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्योहार है। इसे होली मिलन समारोह के रूप में मना कर आपसी में भाईचारे का बढ़ावा दिया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि होली अहंकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस बैनर के तले अब तक हजारों गरीब असहाय कन्याओं की शादी कराई गई है। वहीं भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा से संबंधित कई जागरूकता कार्यक्रम भी झारखंड बिहार सहित अन्य प्रदेशों में चल रहा है। उन्होंने कहा की 17 मार्च को महानगर मुंबई के वसई रोड़ में कार्यालय का शुरुआत किया गया है। मौके पर जिला परिषद् उर्मिला देवी, राजेश मेहता, महाबीर राम, दीनानाथ पांडेय, राम प्यारी सिंह, सुभाष चन्द्र मेहता, राजा लाल सिंह, राम सागर राम, ष्णा कांत सिंह, अरविंद पासवान, सुमन मेहता, राजकुमारी देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



फीता काटकर उद्घाटन करते संस्था के सचिव व अन्य

## कांग्रेस में पप्पू की पार्टी के विलय का विरोध शुरू

**पटना।** राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के जन अधिकार पार्टी (जाप) के विलय के दूसरे दिन गुरुवार से ही कांग्रेस में विरोध शुरू हो गया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने अपने एक्स-हैंडल पर बगैर नाम लिए लिखा है कि यह कहावत सच है कि डूबते को तिनके का सहारा लेना पड़ता है, किंतु देश में और न ही बिहार में कांग्रेस पार्टी डूबती हुई पार्टी है। उन्होंने कहा कि फिर भी न जाने क्यों, कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष की असहमति के बावजूद विवादित लोगों को महिमामंडित कर लोकसभा की सीट के साथ सदस्यता दिलाई जा रही है? शर्मा ने आइएनसी इंडिया के आधिकारिक एक्स हैंडल के उस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें लिखा गया है कि जाप सेवा, न्याय और संघर्ष के लिए जानी जाती है। पूर्णिया संसदीय सीट पर द्वितीय चरण में चुनाव होना है। होली के तुरंत बाद यानि 28 मार्च से यहां नामांकन शुरू हो जाएगा।

# आयुक्त ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का गुरूवार को निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने गढ़वा विाानसभा क्षेत्र के राजकीय त बालिका मुख्यमंत्री उत्ष्ट विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 117, 118, 119 एवं 120, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लक कलोनी मेराल स्थित मतदान केंद्र संख्या 58, 59 एवं 60 का भ्रमण किया। साथ ही भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाल्हे कला स्थित मतदान केंद्र संख्या 268 एवं 269, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी स्थित मतदान केंद्र संख्या 237, 258 एवं 259 एवं राजकीय कन्या मध्य विद्यालय नगर उंटारी के मतदान केन्द्र संख्या 240, 241, 262 एवं 263 का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी लिया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने संबंधी जानकारी ली। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति, मतदान केन्द्रों पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं शौचालय जाने के रास्तों में साइनेज लगाने का निर्देश दिया। मतदान कक्ष में मतदान के दिन पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं गर्मी के मद्देनजर पंखा को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि भवनाथपुर विस के नगर उंटारी एवं अन्य कई मतदान केन्द्रों पर भू-जल स्तर नीचे चले जाने के कारण बोरिंग सूख जाता है। इन स्थानों पर चापाकल से पानी की व्यवस्था उपलब्ध है। इसपर आयुक्त ने वाटर टंकी लगाने, शुद्ध पेयजल की समस्या वाले मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन टैंकर से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, चिकित्सा किट, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधा रखने का भी निर्देश दिया। वे बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या से भी अवगत हुए। साथ ही जो मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए फार्म 12डी को भरवाने का निर्देश दिया। आयुक्त ने गढ़वा एवं भवनाथपुर के मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही मामूली कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया।



निरीक्षण करते आयुक्त व अन्य

**स्ट्रॉग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण :** आयुक्त बाल किशुन मुंडा, उपायुक्त शेखर जमुआर सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा स्थित स्ट्रांग रूम, डिस्पैच सेंटर एवं मल्टीपरपस हल का निरीक्षण किया। साथ ही यहां उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं की सराहना किया। साथ ही इसके बेहतर रखरखाव करते हुए सदुपयोग करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार, गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, जिला योजना पदाधिकारी-सह-प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार, संबंधित प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## फिल्म दो और दो प्यार का टीजर हुआ रिलीज



**मुंबई।** अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की फिल्म दो और दो प्यार का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म दो और दो प्यार में विद्या बालन, नजर आयेंगी। इस फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है, बतौर निर्देशक यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म दो और दो प्यार का टीजर रिलीज हो गया है,जिसमें एक प्रेम कहानी की झलक दिखाई गई है। फिल्म दो और दो प्यार 29 मार्च को रिलीज होगी।

## होली को लेकर 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है।

## पाकिस्तान में आठ आतंकी मारे गये

**कराची।** बलूचिस्तान प्रांत स्थित ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में सुरक्षा बलों ने आठ आतंकियों को ढेर कर दिया। मकरान डिवीजन के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि हमलावर ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण की इमारत में घुसने का प्रयास कर रहे थे। इससे पहले सुरक्षा बलों के अभियान में आठ आतंकी मारे गये। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से हिंसा छिड़ी है। पूर्व में बलूच विद्रोही समूहों ने 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

## तमिलनाडु में 32 सीटों पर लड़ेगी अन्नाद्रमुक

**चेन्नई ।** एडप्पादी के पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक लोकसभा चुनाव में राज्य की 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पलानीस्वामी ने गुरुवार को उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने पुडुचेरी लोकसभा सीट और कन्याकुमारी में विलावनकोड विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की। सूची के मुताबिक तमिलनाडु में एआईएडीएमके 18 सीटों पर अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी डीएमके से मुकाबला करेगी।

## तमिलनाडु में भाजपा 20 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**चेन्नई ।** एनडीए ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य की 39 सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया। जिसमें भाजपा राज्य की 20 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि 19 सीटों पर एनडीए के सहयोगी दलों के उम्मीदवार होंगे। तमिलनाडु भाजपा की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक भाजपा राज्य की 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। जबकि 4 अन्य लोकसभा सीटों पर कुछ सहयोगी दलों के उम्मीदवार भाजपा के कमल चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे।

# विपक्षी दल का खाता सील करना लोकतंत्र पर हमला : कांग्रेस

एजेंसी

- बैंक खाते में जमा 285 करोड़ का इस्तेमाल भी नहीं कर सकती है पार्टी : खड़गे
- चुनाव के समय इस तरह आर्थिक रूप से पंगु बनाना लोकतंत्र के लिए घातक



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के वक्त उसके बैंक खाते सील कर प्रमुख विपक्षी दल को सोची समझी रणनीति के तहत आर्थिकरूप से पंगु बनाया जा रहा है ताकि वह चुनाव नहीं लड़ सके और ऐसा कर मोदी सरकार लोकतंत्र को नष्ट करने के काम में जुटी हुई है । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी के बैंक खाते आयकर नहीं देंगे का आरोप लगाकर सील किए गए हैं और अब पार्टी अपने खाते में जमा 285 करोड़ रुपये का इस्तेमाल भी नहीं कर सकती है। ऐसे हालात में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करना भी कठिन हो गया है। पार्टी पर यह कारवाई पांच साल तथा 35 साल पुराने मामले में की जा रही है। प्रमुख विपक्षी दल को चुनाव के समय इस तरह आर्थिक रूप से पंगु बनाना लोकतंत्र के घातक है। श्री खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड हो। ये नहीं कि जो सत्ता में है, संसाधनों पर उनकी मोनोपॉली हो और देश की संस्थाओं पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनका नियंत्रण हो। सुप्रीम कोर्ट ने जिस चुनावी चंदे की स्कीम को अवैध व असंवैधानिक कहा उस स्कीम के तहत भाजपा ने हजारों-करोड़ रुपए अपने बैंक खातों में भर लिए हैं।

वहीं, दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल (कांग्रेस) का बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया है ताकि हम पैसों के अभाव में बराबरी के साथ चुनाव न लड़ पाएं। यह सत्ताधारी दल द्वारा खेला गया एक खतरनाक खेल है। श्रीमती गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है। जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। हालांकि, इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी, हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ 'इलेक्टोरल बॉन्ड' का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। जैसा कि सभी जानते हैं, चुनावी बांड से भाजपा को भारी और बड़े पैमाने पर फायदा हुआ है। कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर लगातार हमले हो रहे हैं।

## बयान, नैतिक और बौद्धिक दिवालियापन

**अप्रासंगिकता का दोष वित्तीय परेशानियों पर मढ़ रही कांगेस : नड्डा**



**नयी दिल्ली ।** भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने देश में लोकतंत्र खत्म होने के कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस अप्रासंगिक हो गयी है और उसका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है। श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी और ऐतिहासिक हार के डर से उनके शीर्ष नेतृत्व ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और भारतीय लोकतंत्र तथा संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष वित्तीय परेशानियों पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी गलतियों को सुधारने के बजाय,कांग्रेस अपनी परेशानियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहरा रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह आयकर अपीलय न्यायाधिकरण हो या दिल्ली उच्च न्यायालय दोनों ने कांग्रेस से नियमों का पालन करने और बकाया करों का भुगतान करने के लिए कहा है लेकिन पार्टी ने कभी ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने हर क्षेत्र, हर राज्य और इतिहास के हर पल में लूट की हो, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद है। जीप से लेकर हेलिकॉप्टर घोटाले से लेकर बोफोर्स तक सभी घोटालों से जमा हुए पैसे का इस्तेमाल कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में कर सकती है।

## भाजपा ने तीन राज्यों के लिए नियुक्त किये चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी

नयी दिल्ली। भाजपा ने गुरुवार को तीन राज्यों के चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारियों की घोषणा की। इन राज्यों में राजस्थान, हरियाणा और आंध्र प्रदेश के चुनाव प्रभारी एवं सह-चुनाव प्रभारी शामिल हैं। पार्टी ने लोकसभा चुनाव को ले राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। चुनाव प्रभारी के साथ पार्टी ने इन राज्यों के सह चुनाव प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर और सांसद प्रवेश वर्मा को राजस्थान का सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को हरियाणा के सह चुनाव प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया है और विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह को आंध्र प्रदेश का सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# इंदिरा और राजीव की विरासत के विपरीत है जाति जनगणना

### आनंद शर्मा ने इंदिरा गांधी के नारे, *न जात पर न पांत पर, मुहर लगेगी हाथ पर* का किया जिक्र

एजेंसी

**पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1990 के चुनाव में जातिवाद को मुद्दा बनाने का विरोध किया था**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्लूसी) के सदस्य आनंद शर्मा ने गुरुवार को पार्टी की ओर से घोषित जातिगत जणगणना पर सवाल उठाए हैं। शर्मा ने मामले को गंभीर बताते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भी लिखा है। आनंद शर्मा ने कहा है कि जातिगत जनगणना पर पार्टी का हालिया जोर पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और राजीव गांधी द्वारा अपनाए गए रुख के विपरीत है। इसलिए जातिगत जनगणना मामले पर एक बार फिर से विचार करने की जरूरत है। आनंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से गरीब, शोषितों की भलाई, समानता और सामाजिक न्याय की बात करती रही है। आजादी के बाद अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए और बाद में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए आरक्षण लागू किया । यह एक समूह के लिए निर्णय था किसी जाति विशेष के लिए नहीं था।

शर्मा ने 1980 के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा दिए गए नारे जात पर न पांत पर मुहर लगेगी हाथ पर के ऐतिहासिक रुख का जिक्र किया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा संसद में दिए गए बयानों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने 1990 में चुनाव के दौरान भी जातिवाद को चुनावी मुद्दा बनाने का विरोध किया था। जाति जनगणना पर सवाल उठाने वाले आनंद शर्मा के पत्र पर कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने कहा कि आनंद शर्मा वरिष्ठ नेता हैं। वे सीडब्ल्यूसी के सदस्य भी हैं इसलिए यदि वह कुछ भी चर्चा करना चाहते हैं तो वे ऐसा कर सकते हैं। कांग्रेस सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि यह पार्टी हर भारतीय की है। पार्टी में सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए स्वतंत्र हैं। हमने जाति-आधारित राजनीति नहीं की लेकिन जाति जनगणना के आधार पर हम सभी वर्गों के लिए नीतियां बना सकेंगे।

**रामबाण नहीं हो सकती है जाति जनगणना**

कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में कहा कि मेरे विचार में जाति जनगणना रामबाण नहीं हो सकती और न ही बेरोजगारी और प्रचलित असमानताओं का समाधान हो सकती है। मेरी विनम्र राय में इसे इंदिरा जी और राजीव जी की विरासत का अनादर करने के रूप में गलत समझा जाएगा।

## विकसित भारत के संदेशों को तुरंत बंद करें केंद्र : आयोग

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि विकसित भारत के संदेशों को वाट्सऐप पर साझा करना तुरंत बंद करे। चुनाव आयोग ने गुरुवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को आदर्श आचार संहिता के दौरान वाट्सऐप पर विकसित भारतके संदेशों की डिलीवरी तुरंत रोकने के लिए पत्र लिखा है। आयोग ने मंत्रालय से इस मामले पर तत्काल अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। पत्र में कहा गया है कि आयोग को विभिन्न क्षेत्रों से शिकायतें मिली हैं कि आम चुनाव 2024 की घोषणा और आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बावजूद नागरिकों के फोन पर अभी भी ऐसे संदेश भेजे जा रहे हैं। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि चुनाव आचार संहिता के दौरान वाट्सऐप संदेशों की आगे कोई डिलीवरी न हो। इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट तुरंत भेजी जाए।

# सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से इनकार

एजेंसी

**रोक लगाने से अराजकता और अनिश्चितता पैदा होगी**



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य दो आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति संबंधी 2023 के (संशोधित) कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम अब कानून पर रोक नहीं लगा सकते हैं। रोक लगाने से केवल अराजकता और अनिश्चितता पैदा होगी। पीठ ने हालांकि, कहा कि चयन समिति के सदस्यों को विचार-विमर्श के लिए अधिक समय दिया जा सकता था। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को 14 मार्च को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे ठीक एक दिन पहले शीर्ष अदालत में इससे संबंधित मामले की सुनवाई होनी थी। पीठ ने आगाह करते हुए कहा कि ऐसी संवैधानिक नियुक्तियों से सावधान रहना होगा। विपक्ष के नेता को बैठक से पहले उम्मीदवारों पर विचार करने के लिए कोई समय नहीं दिया गया। ऐसा लगता है कि कुछ ही घंटों में 200 नामों पर विचार किया गया। पीठ ने कहा कि जब मामला अदालत में विचाराधीन है तो सरकार चयन संबंधी बैठक को एक या दो दिन के लिए टाल सकती थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। हम जन प्रतिनिधित्व अधिनियम से निपट रहे हैं जो मेरे अनुसार संविधान के बाद सर्वोच्च है। पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि आपको चयन समिति के सदस्यों को उनके सामने आने वाले नामों पर अपना दिमाग लगाने के लिए समय देना चाहिए।

# जयपुर में बिहार के एक ही परिवार के 5 लोग जिंदा जले

- चाय-नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर से पाइप के आग से माता-पिता और तीन बच्चों की गयी जान

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर जिले के विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे चाय-नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर से पाइप के अचानक निकलने से लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में माता-पिता और तीन बच्चे हैं। पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के बाद जले हुए शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने पत्रकारों को बताया कि घटना विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के जैसल्या गांव की है। जहां सुबह करीब साढ़े 07 बजे चाय-नाश्ता बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर से पाइप निकल जाने से लगी आग में राजेश (26), उसकी पत्नी रूबी (24), ईशु (7), दिलखुश (2) और खुशमानी (4) की मौत हो गई। यह परिवार बिहार के मधुबनी का था और यहां किराए पर रहता था। राजेश एक फैक्टरी में काम करता था। परिवार करीब 4-5 महीने से यहां रह रहा था। कुछ दिन छुट्टी पर बिहार गए हुए थे। बुधवार शाम को ही वापस आए थे। गुरुवार सुबह हादसा हो गया।

थानाधिकारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आ रहा है कि गुरुवार सुबह जब बच्चों की मां रूबी चाय-नाश्ता बना रही थी तो इस दौरान गैस के पाइप से तेजी से गैस लीक होने के बाद पूरे कमरे में आग लग गई।

## चुनाव आयोग ने किए 13 पुलिस अधीक्षकों और चार जिलाधिकारियों के तबादला

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वर्तमान चुनावों में तंत्र की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चार राज्यों- गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आठ गैर-कैडर पुलिस अधीक्षकों,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पांच गैर-कैडर जिलाधिकारियों का तबादला कर दिया है।

आयोग ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, उसने आज इन गैर-कैडर अधिकारियों के लिए स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। इनमें कुछ प्रमुख राजनेताओं के रिश्तेदार जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की बैठक बुलाने के बाद यह निर्णय लिया गया।

# फेड के ब्याज दर में कटौती के संकेत से बाजार गुलजार

एजेंसी

- सेंसेक्स 539 अंक छलांग लगाकर 72,641 पर पहुंचा और निफ्टी 172 अंक उछलकर 22011 पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में तीन बार कटौती किए जाने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक की छलांग लगाकर 72,641.19 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 172.85 अंक उछलकर 22,011.95 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह लगातार बिकवाली का दबाव झेल रही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने आज मजबूत प्रदर्शन किया। इससे बीएसई का मिडकैप 2.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,652.42 अंक और स्मॉलकैप 2.01 प्रतिशत मजबूत होकर 42,321.99 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3926 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2758 में तेजी जबकि 1061 में गिरावट रही वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां हरे जबकि शेष 10 लाल निशान पर बंद हुईं। विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया कि मुद्रास्फीति पर थोड़ी धीमी प्रगति के अनुमान के बावजूद वह अभी भी इस साल अमेरिकी ब्याज दरों में तीन बार कटौती की उम्मीद करता है।

# फैक्ट चेक यूनिट की अधिसूचना पर रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए फैक्ट चेक यूनिट से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। अदालत कई महत्वपूर्ण सवालों पर विचार कर रही है। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि उच्च न्यायालय के समक्ष आने वाले प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के मूल प्रश्नों से निपटते हैं। उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय लंबित होने के कारण, हम गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने से बच रहे हैं। हमारा विचार है कि अंतरिम राहत के आवेदन की अस्वीकृति के बाद 20 मार्च, 2024 की अधिसूचना पर रोक लगाने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने बताया कि नियम 3(1)(बी)(5) की वैधता को दी गई चुनौती में गंभीर संवैधानिक प्रश्न शामिल है और मुक्त भाषण व अभिव्यक्ति पर नियम के प्रभाव का उच्च न्यायालय द्वारा विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी।

# बंपर जीत के बाद भी इंदिरा गांधी का रायबरेली से हुआ था मोहभंग

एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- 1980 में रायबरेली से इंदिरा गांधी के खिलाफ लड़ी थी विजयाराजे सिंधिया
- भारी मतों से जीतने के बाद इंदिरा ने इस्तीफा दिया था और आंध्र प्रदेश की मेंडक से भी चुनाव लड़ा, जीतीं
- हारने के बाद भी राजमाता का जुड़ाव रायबरेली से बना रहा और कार्यकर्ताओं से जुड़ी रहीं



**रायबरेली।** अरसे से कांग्रेस की गढ़ रही रायबरेली लोकसभा सीट पर मुकाबले हमेशा रोचक ही रहे हैं, कभी यहां इंदिरा गांधी को हार मिली तो कभी बंपर जीत के बाद भी उनका यहां से मोहभंग हो गया। रायबरेली के चुनाव में भारतीय राजनीति की दो दिग्गज महिलाओं के बीच हुई चुनावी जंग आज भी चुनावी इतिहास में दर्ज है। इसकी चर्चा हमेशा होती रहती है।वर्ष 1980 में रायबरेली से इंदिरा गांधी चुनाव लड़ रही थीं। इंदिरा गांधी को टक्कर देने के लिए जनता पार्टी की ओर से रणनीति तैयार की जा रही थी, लेकिन कोई भी यहां से चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं था। ऐसे में खुद ग्वालियर की राजमाता और दिग्गज नेत्री विजयाराजे सिंधिया ने रायबरेली से इंदिरा गांधी को चुनौती देने का मन बनाया। जनता पार्टी ने उन्हें टिकट देते हुए मैदान में उतार दिया। खुद इंदिरा गांधी भी हैरान थीं।

इंदिरा लहर तो थी लेकिन राजमाता का आकर्षण जनता में बहुत था। उनकी सभाओं में भारी भीड़ उमड़ रही थी। पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे कहते हैं कि गांव-गांव में राजमाता के प्रति बड़ी श्रद्धा थी,आमजन विशेषकर महिलाओं में पैर छूने की होड़ लगी रहती थी। बिना किसी बंदोबस्त के ही मीटिंग्स में खूब भीड़ होती थी। राजमाता के जनता से मिलने का तरीका भी अलग था। बावजूद इसके जनता पार्टी के पास न तो मजबूत संगठन था और न ही संसाधन। इस चुनाव में इंदिरा गांधी भारी मतों से जीत गईं। उन्होंने विजयाराजे सिंधिया को 1,73,654 वोटों से हराया। राजमाता विजयाराजे सिंधिया को मात्र 50,249 वोट ही मिल सके। हालांकि इस चुनाव में हारने के बाद भी राजमाता का जुड़ाव रायबरेली से बना रहा और वह यहां के कार्यकर्ताओं से जुड़ी रहीं। वर्ष 1980 का रायबरेली से चुनाव इंदिरा गांधी के लिए अंतिम चुनाव रहा, यहां से भारी मतों से जीत दर्ज करने के बाद भी उनका यहां से मोहभंग हो गया और उन्होंने रायबरेली की अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया। इंदिरा ने आंध्र प्रदेश की मेंडक सीट से भी चुनाव लड़ा था। यहां भी उनकी जीत हुई थी। उन्होंने मेंडक सीट को बरकरार रखा, जबकि रायबरेली से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद 1980 में इस सीट पर उपचुनाव में अरुण नेहरू समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र को हराकर सांसद बने।

VERMA PRESS®
**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

**Verma's® Today®**

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 |
| Science Practical | ₹ 65 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

| Class - IX | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !